डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 7, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 28 जून 2024, वर्ष-30, अंक-250, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज 12

नीट घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी : खरगे

सेंसेक्स
79,243.18 ↑ +568.93

डॉलर
83.437 ↑ -0.149

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,530
01 किलो 87,710

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### सड़ेया में आगजनी की घटना चिंताजनक, पूर्व मंत्री ने कहा-

## पुलिस की निष्क्रियता से घटना घटी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस की निष्क्रियता से सड़ेया में आगजनी की घटना हुई है। संवेदक द्वारा कई महीने पहले ही एसपी को आवेदन देकर सुरक्षा देने की गुहार लगायी गयी थी। इसके बावजूद एसपी की ओर से सक्रियता नहीं दिखाई गई। परिणाम स्वरूप माओवादी अपने मंसूबे में सफल हो गए। उन्होंनेआशंका जताई कि इसमें सरकार का भी हाथ है। सरकार नहीं चाहती कि उनका क्षेत्र विकास करें। विकास कार्य को बाधित करने का प्रयास किया जा रहा है। इस घटना से गांव वालों का विश्वास टूट गया है। नया जेसीबी, ट्रैक्टर में आग लगा दी गयी है। रघुवर दास की सरकार के समय नक्सलियों का नामोनिशान नहीं था। लंबे समय के बाद सड़ेया में सड़क का निर्माण हो रहा था। ग्रामीण लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। यदि पुलिस सुरक्षा मिलती तो सड़क निर्माण में कभी बाधा नहीं उत्पन्न होता। उन्होंने कहा कि जब भी उनकी गतिविधि इलाके में रहती थी, तो पुलिस सुरक्षा पुख्ता होती थी। लेकिन अब नहीं हो पाती। ऐसे में असुरक्षा की भावना हमेशा बनी रहती है।

## पुलिस मुठभेड़ में शामिल उग्रवादियों का डाक्टर गिरफ्तार

### शहर थाना क्षेत्र से हुई गिरफ्तारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में गुप्ता सूचना के आधार पर पुलिस मुठभेड़ में शामिल उग्रवादियों का डाक्टर सुनील पासवान उर्फ डाक्टर जी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी पलामू व्यवहार न्यायालय के मुख्य गेट के सामने समाहरणालय रोड से किया गया है। जानकारी के अनुसार नौडीहा बाजार के तत्कालीन थाना प्रभारी रंजीत प्रसाद यादव ने 15 नामजद व अन्य चार-पांच अज्ञात प्रतिबंधित उग्रवादियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया था। दर्ज मामले के तहत नाजायज मजमा बनाकर अवैध अग्नेयास्त्र से लैश होकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने व उनके पास से अवैध अग्नेयास्त्र, नक्सली पर्चा रखने, बरामद होने के आरोप का मामला था। नौडीहा बाजार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त कांड के प्राथमिक अभियुक्त सुनील पासवान उर्फ डाक्टर पिता श्याम लाल पासवान भुडुवा-पाटन पलामू व्यवहार न्यायालय परिसर के पास है। पुलिस ने तत्काल ही एक टीम गठित कर उसे शेष पृष्ठ 11 पर



### एक नजर

#### हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ी

**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। यानी 11 जुलाई तक वे रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में रहेंगे। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में उनकी उनकी पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई। जमीन घोटाले के इसी मामले में जेल में बंद राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मो. सद्दाम, झामुमो नेता अंतु तिर्की, रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मचारी तापस घोष, संजीत कुमार एवं अन्य आरोपियों की भी गुरुवार को अदालत में ऑनलाइन पेशी हुई और उनकी हिरासत भी 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई। बता दें कि रांची के बड़गाईं अंचल में साढ़े आठ एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने के मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को बीते 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह जेल में बंद हैं। इस मामले में अब तक कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हेमंत सोरेन ने इस मामले में झारखंड हाई कोर्ट में जमानत की याचिका दायर की थी, जिस पर 13 जून को सुनवाई पूरी करने के बाद जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को सरकार प्रतिबद्ध : चंपाई सोरेन

- चम्पाई सोरेन ने रांची स्मार्ट सिटी में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की रखी आधारशिला
- आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोलने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को रांची स्मार्ट सिटी परिसर में गौतम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के शिलान्यास किया। इसमें 150 सीटों वाला मेडिकल कॉलेज और 800 बेड की क्षमता वाला अस्पताल होगा। मौके पर समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली मजबूत बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। निजी क्षेत्र में इस मेडिकल कॉलेज का खुलना स्वास्थ्य व्यवस्था के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य से संबंधित आवश्यकताओं को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल खोले जाने की जरूरत है। राज्य में आज भी देश के मानक स्तर से काफी कम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल हैं। ऐसे में यहां नए मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में यहां निजी या पीपीपी मोड पर कई मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खुलेंगे, जिसका फायदा यहां के लोगों को मिलेगा।

**निवेशकों को पूरा सहयोग करेगी सरकार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य समेत किसी भी क्षेत्र में जो निवेशक यहां निवेश करने के इच्छुक हैं, उन्हें सरकार की ओर से पूरा सहयोग किया जाएगा। वे अपना प्रस्ताव दें, सरकार पूरी गंभीरता से विचार करेगी। निवेशकों को सरकार की नीति के अनुरूप इंसेंटिव भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की गति तेज करने के लिए यह कदम उठाए जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर इलाज के लिए लोग दूसरे राज्यों और बड़े शहरों का रुख करते हैं। वहां महंगा इलाज होने की वजह से उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। सरकार की कोशिश है कि यहां के लोगों को अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करा सकें। इस दिशा में मेडिकल कॉलेज तथा विभिन्न अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। जांच की आधुनिकतम मशीन उपलब्ध कराने के साथ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा नए अस्पतालों के खुलने से लोगों को इलाज करने के लिए बाहर शेष पृष्ठ 11 पर

### नीट पेपर लीक

## सीबीआई की हिरासत में ओएसिस के प्राचार्य, हो रही पूछताछ

- जब्त किए गए जले कागजात में 68 प्रश्न मूल प्रश्नपत्र से हूबहू पाए गए
- हजारीबाग एसबीआई के मुख्य शाखा के मैनेजर से भी पूछताछ की गई





**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर सीबीआई एक्शन मोड में है। संदिग्धों से सीबीआई की टीम पिछले 24 घंटे से लगातार पूछताछ कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को सीबीआई के अधिकारी हजारीबाग पहुंचे। नीट पेपर लीक मामले में बुधवार शाम हिरासत में लिए गए हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक और वाइस प्रिंसिपल से सीबीआई की टीम लगातार पूछताछ कर रही है जबकि स्कूल के दो कर्मचारियों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। वही बुधवार शाम स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के मैनेजर से भी पूछताछ की गई। सीबीआई की टीम ने पूछताछ के लिए 10 लोगों को हिरासत में लिया था। जिसमें से तीन लोगों को बुधवार की देर रात छोड़ दिया गया, जबकि 7 लोगों से पूछताछ जारी है। ओएसिस स्कूल के दो कर्मचारियों राहुल और एक महिला को रात 9:29 बजे छोड़ दिया गया था। दोनों को बांड पर हस्ताक्षर कराया गया कि आगे जब कभी उन्हें बुलाया जाएगा तो वे पेश होंगे और पूरी मदद करेंगे। सीबीआई की टीम गुरुवार की सुबह प्रिंसिपल को लेकर चरही से हजारीबाग की ओर निकली। बताया गया है कि टीम गेस्ट हाउस में उनसे पूछताछ कर रही है। हालांकि, इस मामले में अभी तक सीबीआई की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस कारण यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि स्कूल के प्रिंसिपल समेत छह लोगों को शेष पृष्ठ 11 पर


### राष्ट्रपति का संबोधन प्रगति और सुशासन का रोडमैप : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति के संसद के संयुक्त सत्र में संबोधन को व्यापक बताया और कहा कि इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, राष्ट्रपति जी का संसद के दोनों सदनों में संबोधन व्यापक था और इसमें प्रगति और सुशासन का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। इसमें भारत द्वारा की जा रही प्रगति और भविष्य में आने वाली संभावनाओं को शामिल किया गया। उनके संबोधन में कुछ प्रमुख चुनौतियों का भी उल्लेख किया गया, जिन्हें हमें अपने नागरिकों के जीवन में गुणात्मक परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक रूप से दूर करना होगा।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- अभिभाषण में नीट पेपर लीक और आपातकाल का भी जिक्र
- आपातकाल की चर्चा आते ही विपक्षी सदस्यों ने की नारेबाजी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के दोनों सदनों-लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारत की महान परंपरा की प्रतिष्ठा पूरी दुनिया में लगातार बढ़ रही है और भारत के लोगों को भी यह विश्वास है कि उनकी आकांक्षा उनकी सरकार (मोदी सरकार) ही पूरा कर सकती है। संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी सांसदों (सत्ता पक्ष और विपक्ष) को मिलकर देश हित में काम करने की नसीहत भी दी। विपक्षी दलों की टोकाटाकी और नारेबाजी के बीच मोदी सरकार की उपलब्धियों को सामने रखते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार उन आधुनिक मानदंडों पर काम कर रही है, जिससे भारत विकसित देशों के सामने बराबरी से खड़ा हो सके। विकसित भारत का निर्माण तभी संभव है जब देश के गरीब, युवा, नारी शक्ति और किसान सशक्त होंगे। इसलिए सरकार की योजनाओं में सर्वोच्च प्राथमिकता इन्हीं चार स्तंभों को दी जा रही है। राष्ट्रपति ने भारत में तीसरी बार स्थिर और स्पष्ट बहुमत की सरकार बनने की बात कहते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की चर्चा आज पूरी दुनिया में है। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में नीट परीक्षा में हुई धांधली और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की भी बात की। साथ ही उन्होंने आपातकाल का जिक्र करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र का लिए काला दिन बताया। राष्ट्रपति के ऐसा बोलते ही विपक्षी दलों की तरफ से सदन में नारेबाजी और टोकाटाकी शुरू हो गई।

**अभिभाषण में किया नीट पेपर लीक का जिक्र :** संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में नीट एग्जाम में हुई धांधली में शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता से भी संसद सदस्यों को अवगत कराया। राष्ट्रपति ने कहा कि आगामी दिनों में आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और निकट भविष्य में यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी परीक्षा में कोई भी धांधली ना हो। उन्होंने कहा, परीक्षाओं में पेपर लीक और अनियमितताओं के मामलों की उच्च स्तर पर शेष पृष्ठ 11 पर

### आज | कल





### इंडिया



**सुनील बादल**

*ताजा मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट यूजी में गड़बड़ी के मामले में सीबीआई की जांच सिर्फ नीट 2024 पेपर लीक तक सीमित नहीं है। जांच एजेंसी के रेडार पर एनटीए भी है। रंजीत सेटर की तरह सबसे पहला सवाल बिहार के पटना में उठा, जहां कुछ छात्रों को एक रात पहले ही पेपर दे दिए गए और उनके जवाब तैयार करवाए गए।*

# एनटीए सारी परीक्षाएं ऑनलाइन क्यों नहीं लेता?

इंजीनियरिंग से लेकर प्रायः सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में जैसे जैसे समय बीतता गया हेराफेरी के नए तरीके अपनाए गए और अभी तक जांच एजेंसियां मोटे तौर पर लकीर पीटती रहीं क्योंकि कहीं न कहीं उन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था। ताजा मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट यूजी में गड़बड़ी के मामले में सीबीआई की जांच सिर्फ नीट 2024 पेपर लीक तक सीमित नहीं है। जांच एजेंसी के रेडार पर एनटीए भी है। रंजीत सेटर की तरह सबसे पहला सवाल बिहार के पटना में उठा, जहां कुछ छात्रों को एक रात पहले ही पेपर दे दिए गए और उनके जवाब तैयार करवाए गए।नीट का पेपर जिस बॉक्स में भेजा जाता है, उसकी छह लेयर की कड़ी सुरक्षा होती है।सबसे पहले एक बॉक्स पूरी तरीके से टेप से बंद होता है। दूसरे स्तर की सुरक्षा के तहत इस टेपिंग के अंदर एक मजबूत गत्ते का बॉक्स होता है। तीसरे स्तर पर गत्ते के इस बॉक्स के अंदर एक लोहे का बॉक्स होता है। लोहे के इस बॉक्स में 2 तरह के ताले होते हैं। एक ताला डिजिटल लॉक होता है जो एक निश्चित समय पर ही खुल सकता है। दूसरा ताला लोहे का होता है, इसको चाबी से नहीं बल्कि उसे आरी से काटा जाता है।इसके अंदर फिर एक पैकेट निकलता है, जो सील बंद पैकेट होता है। इसके बाद वह आखिरी पैकेट होता है, जिसमें प्रश्न पत्र रखे होते हैं। इस पैकेट को चिपका कर बंद किया जाता है, जिसे काटकर ही खोला जा सकता है और उसे तय जगह पर ही कैची से काटा जाता है।



बिहार की आर्थिक अपराध इकाई को पता चला कि यह पैकेट पहले ही नीचे से काटा गया था, जहां से उसे नहीं काटा जाता और फिर उसको चिपकाया गया था। पटना में जो प्रश्न पत्र लीक हुआ, उसका क्रमांक हजारीबाग के ओएसिस स्कूल में पेपर देने बैठी एक छात्रा का था। इससे एक बात निकलती है कि प्रश्न पत्र को पेपर लीक माफिया ने पहले ही कहीं से फोटो स्टेट कर लिया या फिर उसकी फोटो खींच ली थी। 3 मई को पेपर का बॉक्स दिल्ली से एनटीए के अधिकारियों ने हवाई जहाज से रांची भेजा। यहां पर भेजने के बाद उसको रांची एयरपोर्ट से कुरियर कंपनी ब्लू डॉट ने अपने कब्जे में लिया और गाड़ी से हजारीबाग में ब्लू डॉट के दफ्तर भेजा। इसके बाद ब्लू डॉट के अफसरों ने इसे बैंक को भेजा, लेकिन इसे ई-रिक्शा से बैंक तक भेजा गया था। 3 मई को पेपर का यह बॉक्स बैंक पहुंचा और 5 मई की सुबह बैंक अधिकारियों और नीट के अधिकारियों की निगरानी में ओएसिस स्कूल। प्रिंसिपल एहसान उल हक का कहना है कि नीट के पेपर का बॉक्स सभी अधिकारियों की निगरानी में पूरे प्रोटोकॉल के साथ खोला गया और अंत में पेपर का एक पैकेट नीचे से कटा हुआ निकला।

इसके बारे में ईओयू ने उनसे पूछताछ की और वह खुद भी सवाल उठाते हैं कि 4 मई को पेपर की कॉपी पटना कैसे पहुंच गई। पूरी जांच 4 चरणों में एग्जाम के पेपर को बनाने, उसकी प्रिंटिंग, उसको देश के अलग-अलग हिस्सों में भेजने यानी ट्रांसपोर्टेशन और एग्जामिनेशन सेंटर में पेपर को बांटने यानी डिस्ट्रीब्यूशन की प्रक्रिया की जांच करेगी। एनटीए के काम की समीक्षा के लिए भी इसरो के पूर्व अध्यक्ष के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई है, जो पारदर्शिता और सुधार की संभावनाओं पर विचार करेगी।देश में अहम प्रवेश परीक्षाओं को प्रोफेशनल तरीके से कराने के लिए साल 2017 में एनटीए का गठन किया गया था। एनटीए को एक पेशेवर और दक्ष संस्थान के तौर पर बनाने का लक्ष्य था, जो विश्वसनीय और योग्य टेक्निकल पार्टनर्स के साथ मिलकर सिर्फ ऑनलाइन परीक्षा कराए। इससे अमेरिका की एजुकेशनल टेस्टिंग सर्विस ईटीएस जैसी बनाने की योजना थी। ईटीएस अमेरिका की एक निजी संस्था है, जोकि कॉलेज और यूनिवर्सिटियों में एडमिशन से जुड़ी स्कॉलास्टिक एप्टीट्यूड टेस्ट यानी एसएटी और ग्रेजुएट रिकॉर्ड एग्जामिनेशन जीआरई जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाएं कराती है। एनटीए के पास स्टाफ की कमी है, इसलिए पेपर सेट करने का काम बाहर के विशेषज्ञों से करवाया जाता है। ऐसी परीक्षाएं तकनीकी तौर पर काफी पेशेवर और विशेषज्ञता वाले लोगों की मांग करती हैं, इसीलिए जो निजी टेक्निकल पार्टनर होते हैं वो भी काफी प्रतिष्ठित होने चाहिए, जिनके पास बड़ा आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और सख्त साइबर सिक्योरिटीज प्रोटोकॉल हो। शुरूआती साल में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस एनटीए की पार्टनर टेक्निकल एजेंसी रही। एनटीए से जेईई और सीयूईटी की परीक्षा कंप्यूटर पर होती है, लेकिन नीट का एग्जाम पेन और पेपर से करवाया जाता है।

## निफ्टी पहली बार 24,000 व सेंसेक्स 79,000 के पार



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र काफी शानदार रहा। बाजार के मुख्य सूचकांकों ने नया ऑल टाइम हाई बनाया। सेंसेक्स 568 अंक या 0.72 प्रतिशत बढ़कर 79,243 और निफ्टी 175 अंक या 0.74 प्रतिशत बढ़कर 24,044 पर बंद हुआ। दिन के दौरान सेंसेक्स ने 79,396 और निफ्टी ने 24,087 अंक का नया ऑल टाइम हाई बनाया।

निफ्टी ने गुरुवार को पहली बार 24,000 का आंकड़ा पार किया। 2021 के बाद निफ्टी में अब तक की यह सबसे तेज 1,000 अंक की रैली है। 23,000 से 24,000 होने में एनएसई के बेंचमार्क को केवल 23 सत्रों का समय लगा है। 2021 में 16,000 से 17,000 में निफ्टी को 19 सत्रों का समय लगा था।

लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में कारोबार सुस्त रहा। निफ्टी स्मॉलकैप 123 अंक या 0.67 प्रतिशत गिरकर 18,165 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 178 अंक या 0.32 प्रतिशत बढ़कर 55,424 पर है।

# हैदरनगर के सड़ेया में नक्सलियों ने जेसीबी सहित तीन वाहनों को फूंका

### एक जेसीबी व दो ट्रैक्टर को आग के हवाले किया उग्रवादियों ने

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी संगठन के दस्ते के दर्जनों सदस्यों ने बुधवार की रात हैदरनगर थाना क्षेत्र के संड़ेंया में तीन वाहनों को आग लगाकर फूंक दिया है। उक्त सभी वाहन क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह के भाई विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह का बताया गया है। उक्त वाहन हैदरनगर के संड़ेंया से डंडीला के पथ निर्माण कार्य में लगी थी। आम दिनों की तरह दिन में काम कराने के बाद बुधवार की देर शाम संड़ेया गांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र प्रागंण में खड़ी कर दी गई थी। ग्रामीण नर्सिंग विश्वकर्मा व अन्य प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार 12-15 की संख्या में माओवादियों का दस्ता वहां पहुंचकर एक जेसीबी व दो ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद माओवादियों का दस्ता फरार हो गया है। घटनास्थल पर एक अन्य निजी व स्थानीय ग्रामीण का लगा ट्रैक्टर को संगठन ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल सहित समीपवर्ती इलाके में सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने कहा कि घटना के बाद पुलिस मामले में पूरी छानबीन में जुटी है। घटनास्थल पर किसी भी संगठन का कोई पर्चा या पोस्टर नहीं मिला है। किसी संगठन ने इस घटना की जिम्मेवारी अब तक नहीं ली है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि इस घटना में किस नक्सली संगठन का हाथ है। जानकारी के अनुसार इस कार्य के मुंशी अनुज सिंह को बीते दिसंबर माह में ही संगठन के सदस्यों ने बुलाकर संगठन से बिनू सिंह को मिलने की बात कही थी। साथ ही यह भी बताया कि संगठन अभी खत्म नहीं हुआ है। इसके बाद संगठन ने उसे वाहन का चालक आदि को समझकर उस वक्त मुक्त कर दिया था।





## एक नजर

### वज्रपात से महिला की मौत, पिता-पुत्री घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत के खरडीहा गांव के समीप गुरूवार की शाम पांच बजे वज्रपात की चपेट में आने से कुसुम देवी की मौत हो गईं, जबकि उसके पति रामदयाल सिंह, चार साल की बेटी जूली कुमारी घायल हो गई। जानकारी के अनुसार तीनों बाइक से सवार होकर दंगवार से अपने घर खरडीहा लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में हल्की बारिश के साथ वज्रपात हुआ। इसकी चपेट में आने से कुसुम देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, वहां चिकित्सक ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। घायल उसके पति रामदयाल सिंह, बेटी जूली कुमारी का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस के एसआईटी मन्नान अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद से गांव में गम का माहौल है।

### वाहन के धक्के से युवक घायल, रेफर

**हुसैनाबाद।** जपला छतरपुर मुख्य रोड में उपरी गांव के समीप गुरुवार को सड़क दुर्घटना में बैरांव गांव निवासी सत्यनारायण विशवकर्मा का पुत्र सुनील विशवकर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल को इलाज के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय में भर्ती कराया गया, वहां प्रारंभिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर हालत देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। बताया जाता है कि वह जपला से अपने गांव जा रहा था। इस क्रम में अज्ञात वाहन के धक्के से घायल हो गया।

## दो गुटों में मारपीट में आधा दर्जन घायल

### अनुमंडलीय अस्ताल में भी आपस में भिड़े दोनों गुट

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के मसीहानी में दो गुटों के बीच आपसी मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में चल रहा है। घायलों में ओम कुमार 22 वर्ष, नीरज कुमार 18 वर्ष, प्रकाश कुमार 18 वर्ष, उपेंद्र उरांव 22 वर्ष, बदल उरांव 16 वर्ष, मनी मनीष उरांव 28 वर्ष के नाम शामिल हैं। सभी घायल ग्राम मसीहानी पुनर्वास के रहने वाले हैं। मिली जानकारी के अनुसार मसीहानी में नव निर्मित फोरलेन सड़क के समीप कुछ लड़कों द्वारा भाड़े पर रूम मांगा जा रहा था। रूम मालिक लड़कों को मकान देने से इनकार कर दिया गया। इसके बाद बात बिगड़ती गई। पहले दोनों तरह से बहस शुरू हुई। उसके बाद आपस में मारपीट का रूप ले लिया। बात सिर्फ यहां ही नहीं रुकी। मामला इतना ज्यादा बढ़ गया कि दोनो पक्षों में मारपीट के बाद दोनों पक्ष के लोग अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर पहुंच गए और अस्पताल में भी एक बार फिर झड़प हो गई।



### विधायक ने की प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समीक्षा बैठक

## प्रखंड कार्यालय से कोई भी ग्रामीण निराश नहीं लौटे : विधायक

**नवीन मेल संवादाता**

**पांकी।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड कार्यालय में आज स्थानीय विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने लोगों की समस्या को देखते हुए प्रखंड सह अंचल कार्यालय में समीक्षा बैठक की। विधायक को प्रखंड कार्यालय में पहुंचने पर प्रखंड विकास प्राधिकारी अरुण कुमार मुंडा ने बुके देकर स्वागत किया। समीक्षा बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार मुंडा सह अंचल पदाधिकारी राज कुंवर सिंह सहित कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में विगत कई दिनों से काम बाधित रहने के चलते लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता था। मौके पर विधायक डॉ. मेहता ने सभी कर्मचारी को समय पर कार्यालय आने की सलाह दी। साथ ही कहा की किसी भी काम को लटकाना भटकाना लोगों का परेशानी बन जाता है। अभी खास कर बच्चों को नामांकन कराने के लिए जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, स्थानीय प्रमाण पत्र की जरूरत पड़ती है जिसको लेकर बच्चों को दिक्कत आती है। कामों में जल्दीबाजी लाए एवं सभी का निपटारा करें। समीक्षा बैठक में पांकी विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, साधु मांझी, प्रोफेसर बच्चन ठाकुर, सुनील गुप्ता, मनोज सिन्हा, रोशन सिंह, रंजय ठाकुर, प्रद्युम्न सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि मिंटी वर्मा, जसवंत वर्मा सहित प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारी सहित कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित रहे।




## न्यूज बॉक्स

### हरही नदी को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद शहर के सटे हरही नदी को अतिक्रमण मुक्त व सुंदरीकरण की मांग की है। इस संबंध में जेएमएम के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने एसडीओ, सीओ, नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर से सटे हरही नदी की गहरीकरण, सुंदरीकरण करने की जरूरत है। ताकि जल संचयन किया जा सके। चह शहर के लिये काफी लाभकारी साबित होगा। इस नदी का अस्तित्व मिटता जा रहा है। नक्सा के अनुरूप इस नदी को बचाने की दिशा में पहल करने की मांग की गयी है। ज्ञापन की प्रतिलिपि झारखंड सरकार पेय जल स्वच्छता मंत्री व पलामू उपायुक्त को भी दी गयी है। ज्ञापन देने वालों में पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद, विक्टर वेंगरा, प्रदीप पटेल, शक्ति पासवान आदि युवा मौजूद थे। उन्होंने हुसैनाबाद के युवाओं से भी इस मुद्दे पर आगे आने का आह्वान किया है।

### जहरीला जीव के काटने से मौत



**पाटन।** उताकी पंचायत के गिरो सिंह को बुधवार को जहरीला जीव के काटने से मौत हो गईं। जानकारी के अनुसार ग्राम मझौली से गिरो सिंह काम कर अपने घर लौट रहे थे। घर के नजदीक बांध के रास्ते से जा रहे थे। इस बिच कोई जहरीला जीव उन्हें काट दिया। इसके बाद रात में ही उनके परिजनों ने एमएमसीएच में इलाज के लिए भर्ती कराया। वहां इलाज के क्रम में ही उनकी मौत हो गई। नासमझी के अभाव में मृतक के परिजनों ने शव को उठाकर गांव ले आएं। गिरो सिंह की मौत की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह ने मृतक के घर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच ले गए। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के संबंध में जिला परिषद संग्राम सिंह ने कहा मृतक को सरकारी प्रावधान के अनुसार जो मुआवजा होगा हर संभव दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### मुखिया के प्रयास से किशुनपुर आरओ प्लांट चालू



**पाटन।** प्रखंड के किशुनपुर में चार सालों से बंद आरओ प्लांट गुरुवार से मुखिया सुमन गुप्ता के प्रयास से शुरू हो गया। आरो प्लांट के बंद रहने से पानी के लिए हाहाकार मचा था। जानकारी मिलने पर मुखिया सुमन गुप्ता ने प्रयास कर आरो प्लांट चालू कराया। आरओ प्लांट में पानी लेने का समय सुबह 6 बजे से 10 बजे और शाम 5 बजे से 7 बजे तक निर्धारित किया गया है। लोगो को पानी मिलने से खुशी का माहौल कायम है।

# शिक्षिका ने विद्यालय में छात्रों को तिलक लगाकर आने पर लगाई रोक

- प्रखंड उप प्रमुख व अभिभावकों ने प्राचार्य से मिल जताया रोष
- दुबारा ऐसा मामला आया तो कार्रवाई निश्चित : प्राचार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के मेला टांड स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय शिक्षिका रानी पूनम ने विद्यालय आने वाले छात्रों को माथे पर तिलक लगाकर आने पर प्रतिबंध लगा दी है। वह बच्चों को इसके लिए प्रताड़ित भी करती हैं। इस संबंध में गुरुवार को छात्रों के अभिभावकों, उप प्रमुख कामाख्या नारायण यादव, भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष ज्योति सिंह ने प्राचार्य विद्या कुमारी चेन्नई से मिलकर रोष व्यक्त किया है। प्रचार्य ने शिक्षिका रानी पूनम को सुधार का एक मौका देने की बात पर मामला रफा-दफा कर दिया। जानकारी के अनुसार शिक्षिका रानी पूनम पर धर्म के बारे में बच्चों को कई आपत्ति जनक बातें कहते हुए स्कूल में टीका लगाकर नहीं आने का फरमान जारी कर दिया। छात्रों ने शिक्षिका पर भीम आर्मी की बातें करने का भी आरोप लगाया। प्राचार्य ने आरोपी शिक्षिका व अन्य शिक्षकों को कार्यालय में बुला कर आरोपी शिक्षिका से इस संबंध में बात की। आरोपी शिक्षिका ने कहा कि वह जो पढ़ी है, जो सीखी हैं, उसी के सिलसिले में पढ़ाती हैं। माथे पर चंदन लगाकर आने से बच्चों का संतुलन ठीक नहीं रहता है। इसलिए वह कहती हैं कि एक ड्रेस में एक जैसा छात्र रहेंगे तो ठीक दिखेंगे। वह अपने धर्म को मानती हैं। वह अंबेडकर द्वारा लिखी गई किताब को ही मानती हैं। साथ ही रामायण या कोई ग्रंथ को नहीं मानती हैं। अगर उनकी गलती है, तो वह जितना भी छात्रों को पढ़ाई हैं सब गलत है। प्राचार्य ने उपस्थित लोगों से शिक्षिका को सुधार का एक मौका देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर इस प्रकार का मामला दुबारा उनके संज्ञान में आया तो कार्रवाई निश्चित होगी। मौके पर कसियाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोविंद प्रसाद, समाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, शिक्षक सुमित कुमार समेत कई शिक्षक, शिक्षिकाएं मौजूद थी।



### रोजगार सेवक से दो लाख रंगदारी की मांग



**पाटन।** थाना के पाल्हे कला पंचायत के रोजगार सेवक अभय सिंह ने पंचायत के मुखिया के उपस्थिति में पाटन थाना में रंगदारी मांगने, मनरेगा दस्तावेजों को फाड़ने व जान से मारने की धमकी देने की लिखित शिकायत दर्ज करायी है। आठ व्यक्तियों को आरोपी बनाया गया है। प्रभारी थाना प्रभारी आनन्द कुमार ने बताया कि रोजगार सेवक के आवेदन मिला है। छानबीन किया जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच के बाद ही अग्रेतर कार्रवायी की जायेगी। इस संबंध में रोजगार सेवक ने पाल्हे के ही ग्रामीण पर कई गंभीर आरोप लगाया है।

## छत पर सो रहे थे, घर में हो गई चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के पिठौरा पतरेंगा गांव में बीती रात घर से हजारों रुपए की संपत्ति पर चोरों ने हाथ साफ किया। पीड़िता दुर्गा भामिनी देवी ने पिपरा थाना को घटना की जानकारी दी है। मामले में थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है। अनुसंधान किया जा रहा है। पीड़िता दुर्गा भामिनी देवी ने पुलिस को बताया कि घर का सभी दरवाजा बंद करके गर्मी के वजह से अपनी पुत्री के साथ छत पर सोने चली गयी थी। रात्रि करीब ढेड़ बजे छत से नीचे उतरा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला है। दरवाजा का ताला व कुंडी टूटी भी टूटा था। घर के अंदर बक्सा, अटैची गायब है। इसके बाद चोरी होने का आभास हुआ। सुबह होने पर खोजबीन शुरू किया तो घर के दूर खेत में एक पेड़ के नीचे बक्सा व अटैची व अन्य समान बिखरा पड़ा था। समान मिलान करने पर पाया कि बक्सा में रखा 16 हजार नकद, 10 ग्राम सोने का झुमका, सोने का अंगूठी, 20-25 साड़ी, जमीन व समूह का कागजात गायब है। पीड़िता ने बताया कि चोरी की घटना में करीब एक लाख की संपत्ति की चोरी हुई है।



## सरकारी राशन नहीं देने की मामला उजागर



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** पंचायत समिति की मासिक बैठक गुरूवार को प्रखंड सभागार को हुई। प्रमुख शोभा देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक मे अधिकांश पदाधिकारियों के बैठक में नही आने से पंचायत समिति में पूर्व में लाई गई प्रस्तावों की अनुमोदन व विभागीय कार्यो की समीक्षा नही हो पाई। बीडीओ सह सचिव अमित झा ने अनुपस्थित पदाधिकारियों पर स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। बैठक में केल्हार, कसवाखाड़ के पंचायत समिति सदस्यों ने कहा की पीडीएस अंतर्गत सरकारी राशन गरीबों को नही मिला है। पंचायत समिति व ग्रामीणों के आरोप की सही पाये जाने के बाद डीलर को निलंबित होने के बाद पुनः डीलर की लाइसेंस चार माह बाद बहाल कर दिया। जिन कारणों से डीलर निलंबित हुए उस समय का राशन लाभुको को नहीं मिल पाया। कसवाखाड़ के रौल, चेतमा, नवडीहा तथा केल्हार पंचायत के कोल्हुआ आंगनबाड़ी काफी दिनों से बन्द की मामला भी उठा। निमिया मध्य विद्यालय में तीन माह से मिड डे मील बन्द रहने का मामला भी उठा। मनरेगा, शिक्षा, बाल विकास, खाद्य आपूर्ति, पीएम आवास, अबुवा आवास, सहित कई अन्य विभागों की कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में सीओ दीपक मिश्रा, बीपीआरओ अहमद अंसारी, उपप्रमुख अमरेश वर्मा, मुखिया सुमन गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सेवक, जेई उपस्थित थे।

**अनुश्रवण**

### समीक्षा में कई योजनाओं की गुणवत्ता पर उठे सवाल

# अबुआ आवास में अनियमितता की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड के सभागार में 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान व संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपनो ने किया। बैठक में प्रखंड के कई कर्मी गायब थे। बैठक में अबुआ आवास योजना में अनियमितता के लिए पांच सदस्यीय जांच टीम गठित करने की प्रस्ताव पारित किया गया। जमीन संबंधित मामले के लिए सप्ताह में एक दिन जनता दरबार लगाने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया गया कि डीलर फिंगर लगाकर राशन अगले माह वितरण करते है। बीईईओ महेंद्र प्रजापति को बताया गया कि शिक्षक विधालय से हाजरी बनाकर गायब रहते है। सहित कई प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अनवर हुसैन, 20 सूत्री सदस्य परवेज आलम, नीतीश कुमार, गजेन्द्र शर्मा, विनोद सिंह, बीईईओ शिक्षा विभाग महेंद्र प्रजापति, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद कुमार, पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रबंधक आकाश कुमार, ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक व अन्य मौजूद।



## सरकारी बोरवेल में मोटर पंप लगा कर निजी उपयोग करने का आरोप

### ग्रामीणों ने बीडीओ से लिखित शिकायत की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में सरकारी चापानल में सबमर्सिबल मोटर लगा एक व्यक्ति द्वारा निजी उपयोग में लेने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी संतोष राम द्वारा बीते 2 वर्षो से बोरवेल से सरकारी चापानल हटाकर उसमें सबमर्सिबल मोटर डालकर अपने घर में निजी उपयोग में किया जा रहा है। इसे लेकर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बीडीओ से लिखित शिकायत करने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक और सरकारी पेयजल स्त्रोतों पर संतोष राम के निजी उपयोग करने से सामान्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास में सैकड़ों ग्रामीणों को दूर किसी अन्य चापानल पर पानी के लिए जाना पड़ता है। सूत्रों के अनुसार रामनगर गांव एक पिछड़े वर्गो की बस्ती है। यहां अधिकतर घरों में या तो चापानल नहीं है। अगर है भी तो इस भीषण गर्मी में चापानल सूखा पड़ा है। पहाड़ी इलाका होने के कारण ग्रामीणों के हैंडबोर के चापानल गर्मी के शुरूआत में सूखने लगता है। इस वजह से अधिकतर घरों के लोगों के लिए बस सरकारी चापानल ही एक सहारा है। वह भी निजी उपयोग में लिए जाने से ग्रामीण जलसंकट से जूझ रहे हैं।







## एक नजर

### सत्यम कुमार बने डीएफओ



**मेदिनीनगर।** भारतीय वन सेवा के 2015 बैच के अधिकारी सत्यम कुमार को मेदिनीनगर का डीएफओ बनाया गया है। इस संबंध में राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर दिया है। सत्यम कुमार इस समय चाईबासा में डीएफओ हैं। सत्यम कुमार मेदिनीनगर में कुमार आशीष से पदभार लेंगे। कुमार आशीष मेदिनीनगर के प्रभारी डीएफओ थे। राज्य सरकार ने गढ़वा के डीएफओ शशि कुमार को पलामू वन संरक्षक पदाधिकारी बनाया गया है। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

# जमीन विवाद में चचरे भाईयों ने मारपीट कर पिता- पुत्र को घायल किया

## भाईयों में संपति बंटवारे को लेकर था विवाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी सद्दाम हुसैन, अब्दुल जब्बार अंसारी दोनों पिता पुत्र को उनके चचेरे भाइयों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। दोनों को इलाज के लिए पहले छतरपुर अनुमंडलीय अस्ताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। मारपीट में अब्दूल जब्बार अंसारी का सिर वह हाथ में गंभरी चोट लगी है। सद्दाम हुसैन का सिर फट गया है। मारपीट के संबंध में घायल पिता पुत्र ने बताया कि उनका चचरे भाईयों के साथ 20 वर्षों से जमीन विवाद का मामला चल रहा है। जमीन विवाद का मामला न्यायालय में लंबित है। पूर्व में भी कई बार चचेरे भाइयों द्वारा अपनी मर्जी से हिस्से का बंटवारा करने का दबाव बनाया जाता था, लेकिन जब उनकी बात नहीं सुनी गई तो घर में घुसकर कुर्बान अंसारी, इरफान अंसारी, कुर्बान अंसारी का बेटा अली राजा ने दोनों पिता पुत्र के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पूर्व में भी कई बार उनके साथ मारपीट करने का प्रयास किया गया था। पीड़ित पक्ष ने थाना में आवेदन दिया था। उस वक्त दोनों पक्षों को समझा बूझकर शांत कर दिया गया था।



**पूर्व में भी कई बार उनके साथ मारपीट करने का प्रयास किया गया था। पीड़ित पक्ष ने थाना में आवेदन दिया था। उस वक्त दोनों पक्षों को समझा बूझकर शांत कर दिया गया था।**

### पुलिस की सख्ती होती तो घटना नहीं होती : सद्दाम

घायल अब्दुल जब्बार अंसारी व कुर्बान अंसारी के पिता आपस में सगे भाई हैं। उनके बीच पिछले कई वर्षों से जमीन विवाद चल रहा था। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। जब्बार अंसारी के भाई की मृत्यु 20 दिनों पूर्व हुई है। उसके कुछ दिनों बाद ही बुधवार को उनके बेटों ने अचानक जमीन मामले को लेकर विवाद शुरू कर दिया गया। कुछ देर बाद सभी लाठी डंडा से लैश होकर पहुंचे और दोनों पिता पुत्र की जमकर पिटाई कर दी। बताते चलें कि सद्दाम मुनकेरी पंचायत भवन में कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता है। पूर्व में कई बार पुलिस के पास दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा मारपीट करने की आशंका से संबंधित आवेदन छतरपुर थाना में दिया गया था। सद्दाम ने कहा कि अगर पुलिस ने पहले ही सख्ती दिखाई होती तो शायद मारपीट की घटना नहीं होती।

# तीन ऋण से उऋण होना ही पुत्र धर्म : जीयर स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता**



**पंडवा।** सिंगरा चातुर्मास व्रत कथा में जियर स्वामी जी ने कहा की जन्म लेते ही हम सब तीन ऋण के ऋणी बन जाते है। पितृ ऋण, ऋषि ऋण, देव ऋण। तीनों ऋण से मुक्ति पाना ही पुत्र का धर्म है। पहला है पितृ ऋण, माता ने नौ महीने तक अपने गर्भ में धारण कर जन्म दिया, पिता ने पढ़ाया-लिखाया-खिलाया इससे मुक्ति के लिए पूर्वजों का श्राद्ध, तर्पण, भोज करना चाहिए। पितृ दोष होने से घर में संतान दोष होता है। दूसरा ऋषि ऋण ऋषियों ने हमे संस्कार दिया इनके ऋण से मुक्त तभी हो सकते है जब शास्त्र, वेद, रामायण, गीता का अध्यन करें। राम नाम का जाप करें। तीसरे ऋण की चर्चा करते हुए कहा की तीसरा ऋण देव ऋण है। प्रकृति द्वारा प्रदत्त संसाधन वायु, जल, जंगल, जमीन, अग्नि का उपभोग करते है। उस ऋण से ऊऋण होना पुत्र धर्म है। इसके लिए यज्ञ, पूजा, कथा करना। इनके पूर्ण होने पर पूणार्हुति हवन करने से मुक्ति मिलता है। कहा की गृहस्थ जीवन में पुत्र की प्राप्ति जरूरी है। अपना पुत्र न हो तो भाई का पुत्र को गोद लेना चाहिए। भाई का भी नही है तो परिवार सगे संबंधी के पुत्र को गोद लेना चाहिए या अनाथ आश्रम से ही गोद ले लेना चाहिए। पुत्र धर्म पर चर्चा करते हुए कहा की पुत्र का काम है माता पिता के आज्ञा का पालन उचित विचार करके करना चाहिए। अनुचित, उचित विचार करके आज्ञा का पालन करना पुत्र का धर्म है।

### एनपीयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष बने डा. आरआर किशोर

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर में गुरुवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के सेवानिवृत शिक्षकों की बैठक हुई। बैठक में सेवानिवृत्ति शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। उपस्थित शिक्षकों ने कहा कि वर्तमान में सेवानिवृत शिक्षकों के साथ कई प्रकार की समस्याएं आते रहती है। इसका निराकरण समय से नहीं हो पाता। इसके बाद सर्वसम्मति से नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय रिटायर्ड शिक्षक संघ का गठन किया गया। संघ के पदाधिकारियों में संरक्षक प्रो. कृष्णनंदन, डा.आनंद शंकर उपाध्याय, अध्यक्ष डा. आरआर किशोर संयुक्त सचिव प्रोफेसर एसपी चौधरी को मनोनीत किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में 11 पूर्व शिक्षकों का शामिल किया गया है।

# बूथ कमेटी को मजबूत करने की जरूरत : राजेंद्र सिन्हा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने रामगढ़ प्रखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन का गुरुवार का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिन्हा ने कहा कि कार्यकताओं को आगामी चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर देना चाहिए। बूथ कमेटी को मजबूत करने की आवश्यकता है। किसी भी हालत में पलामू के सभी विधानसभा चुनाव को जितना है। कार्यकताओं को सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं को घर-घर बताने का कार्य करें। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने कहा कि रामगढ़ जैसे क्षेत्र में हजारों कि संख्या में कार्यकताओं का जुटना ही बता रहा है कि इस बार गठबंधन की जीत निश्चित है। चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि भाजपा की सरकार झारखंड के विकास नहीं होने देना चाहती है। हेमंत सोरेन ने गरीबों को योजनाओं का लाभ देना शुरू किया। केंद्र सरकार गलत केस फंसा कर उन्हें जेल भेजने का काम किया। झारखंड की जनता ने लोकसभा में इसका जवाब दे दिया। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी सिखाएगी। जिला सचिव सन्नू सिद्दकी ने कहा कि झारखंड का विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा से ही सम्भव है। भाजपा ने झारखंड के संसाधनों को अडानी अंबानी जैसे पूंजीपतियों को देना चाहती थी, लेकिन हेमंत सोरेन ने इसे रोका दिया। कार्यकताओं ने सर्वसम्मति से राजेंद्र सिन्हा को डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाने की सहमति देते हुए पार्टी से मांग करने की आवाज उठाई। कार्यक्रम में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष उदय भुइंया व संचालन प्रखंड उपाध्यक्ष राकेश सोरेन ने किया। मौके पर उपाध्यक्ष बालकिशुन उरांव, राजेश सिन्हा, विवेकानंद सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष फैजेल अहमद, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष, रविंद्र राम, शिव शंकर राम, रविन्द्र प्रजापति, रामजी राम, शिवनाथ भुइंया, मुस्ताक अंसारी, हरिलाल भुइंया, शिवनन्दन राम, जगदीश राम सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन

# शिशु पोषण की जानकारी जरूरी : डीपीएम

**9 माह से 5 वर्ष के बच्चों में विटामिन ए के अनुपुरण के लिए खुराक देने के साथ 0 से 5 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों को शिशु पोषण व खाद्य सामग्री की जानकारी देना है।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में स्वाथ्य विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को झारखण्ड मातृ शिशु स्वास्थ्य पोषण सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन डीपीएम दीपक कुमार, डा. एसके रवि व विभाग के अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान नवजात बच्चे को दवा भी पिलाई गई। यह कार्यक्रम महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है। डीपीएम दीपक कुमार ने कहा कार्यक्रम के अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों में विटामिन ए के अनुपुरण के लिए खुराक देने के साथ 0 से 5 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों को शिशु पोषण व खाद्य सामग्री की जानकारी देना है। इसी तरह 0 से 5 वर्ष के बच्चों में गंभीर तीव्र कुपोषण की जांच करने के साथ 6 माह से अधिक उम्र वाले बच्चों को सिरप का वितरण करना शामिल है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए व विटामिन ए का खुराक देना है। साथ ही बच्चों में गंभीर कुपोषण की जांच करना आवश्यक है। इससे उनमें उम्र के साथ बढ़ते कुपोषण को रोका जा सकता है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा काली मंदिर के सामने सीएनआई चर्च के खिड़की के बाहरी हिस्से के छज्जा में चैनपुर थाना क्षेत्र के झरीवा गांव के इबरार अंसारी के पुत्र इमरान हुसैन ने फांसी लगाकर हत्या कर ली। आस पास के लोगों ने घटना की जानकारी टीओपी टू प्रभारी अनिल कुमार सिंह को दी। टीओपी टू प्रभारी तत्काल ही घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। पुलिस आत्म हत्या के कारणों का पता लगाने में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक इमरान धनबाद में कोयला खदान में काम करता था। शक्तिपुंज एक्सप्रेस से मेदिनीनगर आ रहा था। ट्रेन पर चढ़ने के बाद उसने अपनी पत्नी को फोन पर ट्रेन पर चढ़ने की जानकारी दी थी। उसके बाद उससे कोई संपर्क नहीं हो पाया। उसका फोन स्विच ऑफ आने लगा। इमरान के पिता इबरार अंसारी ने बताया कि उनके पुत्र का किसी से कोई विवाद नहीं था। जिस स्थान पर उसका शव बरामद हुआ है। उस स्थान के पास इमरान का जाने का कोई मतलब ही नहीं बनता। उन्होंने कहा कि इमरान की हत्या कर शव को फंदे पर लटका कर आत्म हत्या का रूप देने का प्रयास किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### सम्मान का हकदार कार्यकताओं के साथ परिवार भी : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने पलामू लोकसभा में भाजपा का डालटनगंज विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, शहरी क्षेत्र में 8 प्रतिशत वोट बढ़ाने व भारी मतों से सांसद वीडी राम को विजयी बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले पदाधिकारियों व कार्यकताओं का उनके घर जाकर सम्मानित किया। आपका सम्मान आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत मेदिनीनगर नगर निगम अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू, पोलपोल मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी, सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक व उनके परिवार को सम्मानित किया। मौके पर प्रथम महापौर ने कहा जितनी मेहनत कार्यकर्ता अपने घर के काम को छोड़कर पार्टी के लिए करते वह सारा घर का कार्य परिवार के दूसरे सदस्य को करना पड़ता। इसलिए सम्मान के भागीदार जितना पार्टी के कार्यकर्ता हैं उतना ही परिवार के सदस्य भी। बूथ स्तर तक जाकर एक-एक कार्यकताओं को सम्मानित किया जाएगा। कोई भी पार्टी हो वह कार्यकताओं के बदौलत चुनाव लड़ती व जीतती है। उन्होंने कहा जल्द ही वह गांव गांव जाकर चौपाल भी लगाएंगी ताकि गांव की समस्या को प्रशासन तक पहुंचाया जा सके। प्रथम महापौर के साथ काफी संख्या में लोग थे। स्थानीय कार्यकताओं ने प्रथम महापौर के इस कार्यक्रम को काफी सराहना करते हुए कहा कि पहली बार कार्यकताओं को उनके घर आकर इतना सम्मान परिवार व समाज के सामने भाजपा परिवार ने दिया है।

### पंचायत यात्रा के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं को घर पहुंचाएंगे कांग्रेसी

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस पंचायत यात्रा के माध्यम से राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का काम करेगी। कार्यकर्ता ईमानदारी पूर्वक अपने-अपने क्षेत्र में लग जाए। कुछ ऐसे लोग भी हैं जो दो नाव पर पैर रखना चाहते हैं, ऐसे लोगों को अब मौका नहीं मिलेगा। ये बातें पलामू जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कही। वह गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला के पदाधिकारियों व प्रखंड अयध्यक्षों की संयुक्त बैठक में बोल रहे थे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष तौर पर रणनीति तैयार की गई। जिला के सभी पांच विधानसभा सीट पर जीत सुनिश्चितके लिए सभी को जिम्मेवारी दी गई। बैठक में आठ प्रस्ताव को सभी पदाधिकारी ने समर्थन किया। सभी प्रस्ताव को प्रदेश अध्यक्ष समक्ष रखा रखने का भी निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है। विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक कार्यकर्ता घर पर नहीं बैठे। जनता के बीच जन मुद्दों को लेकर संघर्ष करना शुरू कर दें। जिला के मूलभूत समस्याओं पर मुखर होकर समाधान करवान्रे की जरूरत है क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस,झामुमो, राजद गठबंधन की सरकार है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जिले के मूलभूत समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी पदयात्रा कर मुख्यमंत्री को उपायुक्त महोदय के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में सज्जाद खान, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण तिवारी, विनोद तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, संतोष चौबे, सुधीर चंद्रवंशी, सुरेश पाठक, गिरजा राम, मसूर अहमद खान, सत्येंद्र सिंह शंकर पांडेय, सुधीर चौबे, मिथिलेश कुमार सिंह, अरविंद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, मुकेश चंदेल, अमरेश पांडेय, मिट्टू खान, जितेंद्र कमलापुरी, परीक्षित दुबे, सागर दास, दयाशंकर तिवारी, विनोद पाठक, संतोष गुप्ता, अशोक पासवान, रुद्र शुक्ला, जीशान खान, धनंजय यादव, कमल कौशल पासवान, अनिल सिंह, मुस्तफा कमाल, मिंटू डाला, नियाज अहमद, मोहम्मद असगर, अनवर अहमद अंसारी, सैफ खान, सोनू शाह, मासूम अंसारी, रामानंद पाठक, शेर खान, रिजवान खान, सौरभ पांडेय, उमेश यादव, ललित सिंह, मनोज चंद्रवंशी, अभिषेक चौधरी, शशिकांत उपाध्याय, अभिमन्यु मेहता, नंदकिशोर मिश्रा, कामेश्वर मांझी, चंपा देवी, जतरू उरांव, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र तिवारी, प्रमोद यादव, उदय यादव, प्रमोद सिंह, खुर्शीद आलम, विष्णु देव, यादव रिंकू सिंह, मीर खुर्शीद, सच्चिदानंद शुक्ला, नदीम खान, गोपाल प्रसाद, सिंह, मुस्ताक आलम, रामानंद पांडेय, परवेज आलम सहित अन्य उपस्थित थे। संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया।




# लोस चुनाव व्यय लेखा की जांच 30 जून को



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसासार लोकसभा चुनाव 2024 परिणाम के 26 वे दिन एकाउंट रेकांशलिशन मीटिंग का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में चतरा समाहरणालय के सभाकक्ष में 30 जून को पूर्वाह्न 11 बजे चतरा लोकसभा चुनाव में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों का लेखा व्यय का जांच किया जायेगा। लेखा व्यय जांच में शामिल होने को लेकर चतरा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चतरा लोक सभा क्षेत्र से चुनाव में भाग ले चुके कुल 22 प्रत्याशियों से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

**पहल**

## जवान ने ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत पेश की मिशाल

# आरपीएफ ने महिला की बचायी जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आरपीएफ के प्रधान आरक्षी जितेंद्र कुमार मीणा, आरक्षी विमलेश कुमार ने चलती ट्रेन में डालटनगंज स्टेशन पर उतरने के क्रम में घिसटा रही दो नंबर टाउन निवासी सरिता देवी की जान बचाकर मानवता का मिशाल पेश किया है। आरपीएफ ने यह काम ऑपरेशन जीवन रक्षा के अंतर्गत किया। आरपीएफ के प्रभारी इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि यदि आरपीएफ के प्रधान आरक्षी जितेंद्र कुमार मीणा, आरक्षी विमलेश कुमार ने तत्काल ही दौड़ कर सरिता देवी का हाथ नहीं खींचते तो वह चलती ट्रेन के नीचे आ जाती। यह घटना रांची चोपन इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की है। ट्रेन डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पूर्वाहन 1:43 बजे स्टेशन पर पहुंच कर 4 मिनट के निर्धारित ठहराव के बाद 1:47 में रवाना हो गई। सरिता देवी को डालटगंज रेलवे स्टेशन पर ही उतरना था, लेकिन जानकारी के अभाव में ट्रेन में ही बैठी रही। ट्रेन डालटनगंज रेलवे स्टेशन से जैसे ही खुली सरिता देवी चलती ट्रेन से डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर उतरने लगी। आरपीएफ के प्रभारी इंस्पेक्टर बनारसी यादव ने बताया कि सरिता देवी रांची से डालटनगंज आ रही थी। उसके पास एक झोला व लेडी पर्स भी था। उसके पास रांची डालटनगंज यात्रा का टिकट भी था।




**आरक्षी विमलेश कुमार ने तत्काल ही दौड़ कर सरिता देवी का हाथ नहीं खींचते तो वह चलती ट्रेन के नीचे आ जाती। यह घटना रांची चोपन इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की है। ट्रेन डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर पूर्वाहन 1:43 बजे स्टेशन पर पहुंच कर 4 मिनट के निर्धारित ठहराव के बाद 1:47 में रवाना हो गई।**


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊजोवान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर, की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### आपसी विवाद में 6 लोग गंभीर रूप से घायल

**श्री बंशीधर नगर।** थाना क्षेत्र के पाल्हे कला ग्राम में बीती रात आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में तीन महिला सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया। मारपीट की घटना में घायल होने वालो में एक पक्ष के सोमारू राम उम्र 55 बर्ष, उनकी 50 वर्षीय पत्नी मुनिया देवी तथा 27 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार वही दूसरे पक्ष के पाल्हे कला ग्राम निवासी अरुण राम की 30 वर्षीय पत्नी मैरन देवी, जतपुरा ग्राम निवासी राजेश राम की 35 वर्षीय पत्नी दुर्गा देवी तथा विशुनपुरा थाना क्षेत्र के विशुनपुरा ग्राम निवासी सुखाड़ी राम के 39 वर्षीय पुत्र बलराम राम का नाम शामिल है।

### हत्या मामले में कई लोग पुलिस हिरासत में

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के महुलिया नवाडीह गांव निवासी करार अंसारी का पुत्र तैयब अंसारी 25 वर्ष की हत्या के मामले में पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है मृतक के परिजनों के द्वारा गढ़वा थाने में पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिक की दर्ज कराया गया है इसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठन कर हत्या में आरोपी लोगों को गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है बताया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में लगभग सफलता हासिल कर लिया है विदित हो कि 24 जून कि शाम तैयब अंसारी को पचपड़वा बाजार में अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दिया था इसके बाद तैयब अंसारी कीमत घटनास्थल पर ही हो गई थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल लाया गया।

### झुंड से बिछड़े हाथी ने घर को किया क्षतिग्रस्त

**भंडरिया।** थाना क्षेत्र के जोगियामठ गांव में बीती रात करीब 1 बजे एक झुंड से बिछड़े हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने उत्पात मचाते हुए निर्मल राम के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। वही घर के अंदर रखे गए एवं करीब 15 बोरा धान एवं महुआ को चट कर गया। इसके अलावे हाथीयों ने बनखेता डैम के पास अवध शर्मा के पुत्र बबलू शर्मा का घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी देते हुए पीड़ित लोगों ने बताया कि अचानक देर रात पहुँचा हाथी ने उत्पात मचाते हुए घर को क्षतिग्रस्त कर एवं अनाज एवं महुआ को चट कर गया। ग्रामीणो के सहयोग से हाथी को बड़ी मशक्कत के बाद जंगल की ओर खदेड़ा गया तब जाकर लोगो ने राहत की सांस ली।

### नगर पंचायत क्षेत्र से गांव को अलग करने को लेकर प्रदर्शन

**मझिआंव, गढ़वा।** नगर पंचायत कार्यालय के सामने क्रांतिकारी किसान मजदूर यूनियन के तत्वाधान में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 9 10 11 एवं 12 के लोग शामिल थे। उपयुक्त वार्ड में निवास करने वाले लोगों का कहना है कि नगर पंचायत के अधिकांशतः क्षेत्र ग्राम पंचायत के लायक नहीं है बसावट बहुत कम है, किसान मजदूर,निवास करते हैं और उन्हें कृषि करने हेतु मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है।

# दो अलग-अलग जगहों पर वज्रपात की चपेट में आने से दो लोंगों की मौत

**वनीन मेल संवाददाता। सगमा**

धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा प्रखंड अंतर्गत पुतुर गांव निवासी सदानंद यादव वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार दिन बुधवार की सगमा में प्री मानसून के पहली बारिश हुई इस दौरान समय 6:15 पर सदानंद यादव अपने सर पर लिए शिटा अपने घर से 200 मीटर की दुरी पर खरकटवा से अपने घर आ रहे थे इसी बिच हुई हल्की बारिश के साथ हुआ अचानक वज्रपात के चपेट में आने सदानंद यादव घायल हो गए। स्थानीय लोगो एंव घर की परिजनों के दौरा आनन फानन में सदानंद यादव को बेहतर इलाज के लिए निजी वाहन से अनुमण्डल बंशीधर नगर के निजी हॉस्पिटल में ले जाया गया लेकिन अस्पताल के डॉक्टर ने सदानंद यादव को मृत घोषित कर दिया। शव को घर पहुंचते ही कोहराम सा मैच गया, पुरे क्षेत्र में मौत की खबर आग की तरह फैल गईसदानंद यादव की मौत की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र मातम में तब्दील हो गया है। इसके बाद सदानंद यादव को मौत को सूचना पाकर उनके घर पर आकर घर परिवार को दुख में शक्ति प्रदान सहित किया जा रहा है। इधर घर परिवार को लोगो रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है। इस दौरान काफी संख्या में लोग संतावना व्यक्त कर रहे हैं।

### धुरकी थाना क्षेत्र में वज्रपात से एक की मौत



**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के पुतूर गांव निवासी सदानंद यादव 55 वर्ष की मौत बुधवार की शाम ब्रजपात के चपेट में आने से हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सदानंद यादव का बकरी चराने के लिए बांध की ओर ले गये थे। इसी क्रम में खरकटवा क्यारी के पास अचानक ब्रजपात होने से सदानंद यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने गंभीर स्थिति में इलाज के लिए नगर ऊंटरी अनुमंडलीय अस्पताल ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया है।

### प्राइवेट कंपनी में बिजली के करंट से मजदूर की मौत

**धुरकी, गढ़वा।** रोजगार के लिए मजदूरों का पलायन करना तथा मौत के मुंह में समा जाना एक बड़ी त्रासदी है। आए दिन ऐसी खबरे सुनने को मिलती है। आर्थिक स्थिति के चलते बेरोजगार लोग रोजगार के तलाश में देश के कई राज्यों में चले जाते है, और खबर मिलती है की मजदूर की काम करने के दौरान मौत हो गई। ऐसे ही मामला धुरकी थाना क्षेत्र के खुटिया के पारासपानी गांव के रमेश यादव उम्र (40) की मौत प्राइवेट कंपनी में बिजली के करंट लगने से हो गई। बताया जाता है की मृतक रमेश एक सप्ताह पुर्व हैदराबाद के एक प्राइवेट कंपनी में गाड़ी का ड्राइवर का काम करने गया था और गाड़ी चलाने के दौरान मंगलवार को रात में इसके उपर बिधुत लाइट का तार गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र में सीएचओ रहते हैं नदारत

### मरीजों को अस्पताल का लाभ नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के अधीन संचालित स्वास्थ्य उपकेंद्र में पदस्थापित कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) केंद्र में नियमित रूप से नहीं जाते हैं, जिससे ग्रामीण स्तर पर खुले अस्पताल का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य उपकेंद्र में सीएचओ के पदस्थापना के महीनों बीत गए, लेकिन इनकी नियमित उपस्थिति नहीं होने से ग्रामीणों को इनके बारे में जानकारी तक नहीं है, जिससे उपकेंद्र महज सुरक्षित प्रसव केंद्र के रूप में सिमट कर रह गया है। जबकि सुबह 9 बजे से लेकर तीन बजे ओपीडी समय में सभी पदस्थापित सीएचओ को पदस्थापना स्वास्थ्य उपकेंद्र में एमपीडब्लू और एएनएम के साथ मौजूद रहकर उपकेंद्र में आनेवाले मरीजों का स्वास्थ्य की जांचकर दवा देना है। वहीं सीएस डॉ अशोक कुमार ने भी सीएचओ को अपने अपने केंद्र में उपस्थित रहकर साधन के मुताबिक मरीजों को स्वास्थ्य की जांचकर दवा देने का कड़ा निर्देश दिया था, बावजूद इसके सीएचओ द्वारा दिये निर्देश का को ठेंगा दिखाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से 5 किमी के दायरे में संचालित हो रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र की हाल जाना।

#### हाजरी बनाकर ड्यूटी पर नहीं जाते हैं सीएचओ

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ा बाबु अरुण लकड़ा ने बताया कि कोई सीएचओ अवकाश पर नहीं हैं। सभी सीएचसी में हाजिरी बनाकर स्वास्थ्य उपकेंद्र में गये हैं,लेकिन किसी ने उपकेंद्र में ड्यूटी जाने की जहमत नहीं उठाई। जबकि सीएचओ की हाजिरी बनाकर प्रखंड मुख्यालय में भ्रमण करने और ड्यूटी से गायब रहने की शिकायत बराबर मिलती है,लेकिन अस्पताल प्रबंधन द्वारा सख्त कारवाई नहीं होने के कारण से सीएचओ अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं ला रहें हैं। इस संबंध में मकरी में तैनात सीएचओ इन्द्रकिशोर विश्वकर्मा से पूछने पर उन्होंने बताया कि तबियत बिगड़ जाने के कारण केंद्र नहीं जा सके,जबकि मौखिक रूप से ऑफिस को इसकी सूचना दी है।

**ससीचसी प्रभारी ने कहा**

इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ रंजन दास ने हाजिरी बनाकर स्वास्थ्य उपकेंद्र में ड्यूटी नहीं करना गंभीर मामला है,उन्होंने जांचोपरांत संबंधित कर्मियों के खिलाफ कारवाई करने की बात कही।

**सिविल सर्जन ने कहा**

मामला की जानकारी चिकित्सा पदाधिकारी से लेने के पश्चात मामला सत्य पाये जाने पर जब तक कार्यशैली में सुधार नहीं लाया जायेगा तब तक वेतन पर रोक लागा दी जायेगी।

**डीसी ने कहा**

इस संबंध में पूछे जाने पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने बताया कि मामले को जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बालू उठाव पर रोक के बावजूद बड़े पैमाने पर अवैध खनन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

नेशनल ग्रीन ट्रीब्युनल (एनजीटी) के द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू उठाव पर रोक के बावजूद भवनाथपुर के एकलौता ढाढरा नदी से बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन और बालू का ढुलाई जोरो पर है। बालू माफिया स्थानीय प्रशासन को खुल्लेआम चुनौती देते हुए बेखौफ होकर भवनाथपुर के असनाबांध और बरवारी के ढाढरा नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर कोरवाटोली मध्य विद्यालय के आस पास, जंगलों मेंतथा मुख्य पथ के किनारे सैकड़ों ट्रैक्टर बालू डंप कर ऊंची कीमत पर बेच रहे है। इसकी जानकारी अंचल कार्यालय एवं स्थानीय प्रशासन को होने के बाद भी जवाबदेह पदाधिकारी मुकदर्शक बनी हुई है। बालू माफियाओं द्वारा ढाढरा नदी का दोहन किए जाने से नदी अपनी अस्मिता की रक्षा की गुहार लगा रही है, लेकिन न तो स्थानीय प्रशासन और ना ही अंचल पदाधिकारी को ही इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए



कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। प्रखंड के असनाबांध, बरवारी होते हुए कलकल बहने वाली भवनाथपुर की एकलौता ढाढरा नदी में कभी सालो भर पानी बहते रहती थी, लेकिन पिछले चार पांच वर्षो के दौरान बालू माफियाओं ने नदी की अस्तित्व को छिन्न भिन्न कर बड़े पैमाने पर नदी से बालू का अवैध उत्खनन कर नदी की अस्मिता को लूटने पर तुले हुए है। बालू माफिया शाम ढलते ही अंधेरे में ढाढरा नदी में पहुंचकर बालू के उत्खनन शुरू करते है, और सुबह होते तक आस पास के जंगलो में पड़े पमाने पर बालू डंप कर रखा है। रात में बालू उठाव करने के बाद बालू माफिया आसपास इलाकों में तीन से पांच ट्रैक्टर बालू की बिक्री कर रहे हैं।

## अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ 11 सूत्री मांग पत्र सौंपी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

आजसू पार्टी का झारखंड सरकार के कामकाज के विरोध में राज्यव्यापी हल्ला बोल कार्यक्रम के अंतर्गत आजसू पार्टी रंका प्रखंड इकाई के अंतर्गत रंका प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंका अनुमंडल अध्यक्ष मुकेश साह ने किया जबकि संचालन जिला प्रवक्ता विकास कुमार ने किया। प्रखंड इकाई के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड कार्यालय में व्याप्त अनियमितता एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ 11 सूत्री मांग पत्र सौंपी गई। प्रमुख मांग में से जमीन संबंधी दाखिल खारिज को अविलंब निष्पादन किया जाए। अबुआ आवास में पारदर्शिता लाई जाए निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिले। मनरेगा में मजदूरों की मजदूरी यथाशीघ्र भुगतान किया जाए। छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय एवं सभी तरह के प्रमाण पत्र शीघ्र बनाई जाए ,गरीब छात्र




को छात्रवृत्ति से वंचित न हो। किसानों को समुचित बीज आपूर्ति की जाए प्रखंड में बिजली आपूर्ति गर्मी को देखते हुए से 24 घंटे आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। रंका प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति समय अनुसार निर्धारित किया जाए तथा ग्राम वासियों का कार्य सरलता पूर्वक हो। सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारी एवं उनके परिवारों को प्राथमिकता दी जाए सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्वात रूप से किया जाए सभी राशन कार्ड धारी का राशन समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए खराब पड़े सभी चपकालों को जल्द से जल्द ठीक कराई जाए।

## वितरण का बाट जोह रही डंडाई प्रखंड कार्यालय परिसर में खड़ी हजारों साइकिलें

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं के बीच वितरण को लेकर कार्यालय परिसर में रखा हुवा साईकल का अब तक वियरण नही हो सका। उक्त साईकल पिछले महीनों दिन से खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है। वही अब वह जंक खाने को भी मजबूर हो गया है। बताया जाता है कि प्रखंड के लगभग 1500 छात्र छात्राओं के बीच वितरण को लेकर सभी साइकिल को राज्य सरकार के द्वारा यहां भेजा गया है। उस ओर न तो प्रखंड के पदाधिकारीयों के द्वारा सक्रियता दिखाया जा रहा है और न ही गांव की सरकार में जनप्रतिनिध बने लोगों के द्वारा। प्रखंड क्षेत्र में बारिश शुरू होते ही साइकिल को लेकर गांव घर में चर्चा होना शुरू हो गया है। गांव के ग्रामीणों के द्वारा मामले में जहां प्रखंड पदाधिकारीयों को दोषी बताया जा रहा है वहीं छात्र छात्राओं के अभिभावकों के बीच भी उसको



लेकर काफी आक्रोश ब्याप्त है। अभिभावकों का कहना है कि चिलचिलाती धूप के बीच भी हम सभी के बच्चे और बच्चियां विद्यालय जाना बंद नहीं किए। किलो 2 किलोमीटर की दूरी तय कर वे सभी नियमित समय पर अपने-अपने विद्यालय जाते रह गए लेकिन सरकार की ओर से इस वर्ष उनकी पीड़ा को समझ कर घर से विद्यालय तक आने-जाने के लिए साइकिल भी दिया गया वह भी अभी तक एक शोभा बनकर ही रह गया है। अभी तक उक्त साईकल में से एक भी साइकिल को किसी भी छात्र-छात्राओं के बीच वितरण नहीं किया गया है। अभिभावकों ने कहा कि दूर से देखते ही साईकल की सुंदरता मन मोह लेता है। तरह-तरह के डिजाइनों में हरा रंग से तैयार साईकल विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के लिए बिल्कुल रूप से वरदान साबित होगा। वही उन्होंने कहा कि बिना देर किए छात्र-छात्राओं के बीच अगर साईकल का वितरण नहीं होता है तो नियमित बारिश होते रहने के कारण उसमें जंक लगना भी शुरू हो जाएगा जिससे उसकी सुंदरता स्वतः समाप्त हो जाएगी।

**परेशानी** सोलर चोरी होने से पिछले एक साल से पानी की सप्लाई बंद

# खरौंधी हाई स्कूल में बोरवेल सुखने से समस्या

**नवीन मेल सेवाददाता। खरौंधी(गढ़वा)**

प्रखंड के हाई स्कूल खरौंधी के लगभग 800 छात्र पिछले 20 दिनों से पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे है। विद्यालय में पीएचडी विभाग से बना शौचालय में लगा जलमीनार का सोलर चोरी होने की वजह से पिछले एक साल से सप्लाई बंद है। वही विद्यालय का दूसरा बोर पिछले 20 दिनों से सुख गया है। जिससे विद्यालय की छात्रों का पानी की समस्या को देखकर विद्यालय में निर्धारित छुट्टी से पहले छुट्टी कर दिया जा रहा है। विद्यालय के दर्जनों छात्रों ने बताया विद्यालय





में दो बोर है। एक बोर में लगा जलमिनार की सोलर चोरी हो जाने से सप्लाई बंद है तो दूसरा बोर का पानी सुख गया है। लगभग 20 दिन से विद्यालय के अधिकांश छात्र विद्यालय आते समय घर से ही पानी लाते हैं। वो भी जल्दी ही खत्म हो जाता है। इसके बाद मध्य विद्यालय खरौंधी के चापाकल से पानी लाकर पीते है। सबसे ज्यादा परेशानी विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा को शौचालय में होती है। पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए शिक्षक निर्धारित समय से आधा/ एक घंटा पूर्व छोड़ दे रहे हैं। जिससे हमलोगो की पढ़ाई बाधित हो जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नंदकिशोर पाठक ने कहा विद्यालय में लगभग 800 छात्र छात्रा है। विद्यालय का जलमीनार का सोलर चोरी होने से एक साल से पानी की सप्लाई बंद है। वही चापाकल का बोर का पानी पिछले 20 दिन से सुख गया है। इसके लिए विभाग से जेई, बीडीओ सहित सभी जनप्रतिनिधियों को बोले। लेकिन किसी ने इसमें दिचस्पी नही ली। जिससे छात्रों सहित सभी शिक्षको को पानी की समस्या हो गई है। सबसे ज्यादा परेशानी छात्रों को शौचालय में हो रही है। हम विभाग से मांग करते है की विद्यालय का जलमिनार या चापाकल ठीक करते हुए पानी बहाल कराया जाए।

### भाकपा प्रतिनिधि मंडल ने सीओ को सौपा मांग पत्र

**श्री बंशीधर नगर/गढ़वा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने अंचलाधिकारी से मिलकर चार सूत्री मांग पत्र सौंपा प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने अंचलाधिकारी से उक्त मांगो पर गम्भीरता पूर्वक विचार करते हुये समस्याओं का शीघ्र समाधान की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया मांगपत्र में मांग पंजी टू से भूमि का लगान लेने,गैरमजरूआ भूमि का बन्द लगान चालू कराने, पंचायतों में शिविर लगाकर दाखिल खारिज का कार्य कराने तथा राजस्व कर्मचारियों को पंचायत में उपस्थित रहने का निर्देश देने की मांग शामिल है प्रतिनिधि मंडल में अंचल सचिव गोपाल यादव, देवीदयाल मेहता, राम, विद्या पासवान व रामनाथ उरांव शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### जमीन विवाद को लेकर हत्या कि नियत से घर में लगाई आग



**बड़गड़।** भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गड़ के कोरहटी टोला में जमीन विवाद को लेकर घर में आग लगाए जाने की घटना को अंजाम दिया गया है। जानकारी के अनुसार उगरा गांव निवासी इम्तियाज अंसारी अपनी पत्नी व दो छोटे बच्चों सहित कोरहटी टोला स्थित मकान में सो रहे थे इसी बीच कुछ लोगों ने बुधवार को रात्रि लगभग दो बजे जानबुझ कर हत्या के नियत से घर में आग लगा दी। आग लपट व दम घुटने से जब उनकी नींद खुली तो वे लोग डर के मारे चीखनें चिल्लाने लगे। शोरगुल सुन पहुंचे आस पास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस बीच कुछ ग्रामीणों की नजर घर में आग लगा कर भाग रहे लोगों पर पड़ी परंतु डर से उन्हें पकड़नें का साहस ग्रामीण नहीं कर सकें। घटना का संबंध में जानकारी देते हुए अगलगी की घटना का भुक्तभोगी इम्तियाज अंसारी ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों से उनका जमीन विवाद पिछले दो-तीन वर्षों से चल रहा है जिस जमीन पर मेरा मकान है वह? जमीन मेरे पिता द्वारा लगभग 20 वर्ष पूर्व खरीदी गई है। गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उक्त जमीन को अपना होने दावा जताते हैं व हमें डराया धमकाया भी जाता था।

### विधानसभा चुनाव में पार्टी को एक लाख से अधिक मत दिलाना है : सीएस दुबे



**मझिआंव।** मझिआंव में भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ कार्यकर्ता अर्जुन दास ने की, जबकि संचालन पलामू जिला कार्यसमिति सदस्य वेद प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया. बैठक में पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय एवं विभाकर नारायण पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित थे. बैठक में शामिल मझिआंव, बरडीहा, कांडी एवं पलामू के बिश्रामपुर के लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्यासी सीएस दुबे ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, विधानसभा चुनाव में पार्टी को एक लाख मत से अधिक मत दिलवाना एवं वंशवाद का विरोध करना. उन्होंने कहा कि यह कार्यकताओं के मान सम्मान व विकास की लड़ाई है.साथ ही संस्थागत भ्रष्टाचार को समाप्त करने की मुहिम है. गढ़वा जिला कार्यसमिति सदस्य ब्रजेन्द्र पाठक ने कहा कि हमारे पार्टी में विधानसभा चुनाव में वंशवाद की परम्परा नही है. उन्होंने कहा कि झामुमो सभी मोर्चों पर विफल रही है.इस कारण भाजपारिकार्ड मतों से जीतेगी.

### माले के प्रखंड सचिव सहित एक दर्जन लोग भाजपा में शामिल



**गढ़वा।** गुरुवार को पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू होकर उसका समाधान कराने का भरोसा दिया। कार्यक्रम के दौरान भाकपा माले के प्रखंड सचिव श्याम सुंदर विश्वकर्मा सहित एक दर्जन कार्यकताओं ने पूर्व विधायक सतेंद्रनाथ तिवारी में आस्था जताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी में शामिल होने वाले सभी लोगों को पूर्व विधायक ने भाजपा का पट्टा देकर स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गढ़वा रंका विधानसभा का हाल किसी से छिपा हुआ नही है। स्थानीय विधायक सह मंत्री के इशारे पर हर जगह लूट मचा हुआ है। सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी चरम पर है। बालू के कारण लोग अपना निजी मकान और अन्य कार्य नही कर पा रहे है। जबकि मंत्री के संरक्षण में यहां के लाखों ट्रक बालू को अवैध रूप से यूपी और दिल्ली में भेजा गया। पूर्व विधायक ने कहा की मंत्री और उनके लोग विकास का झूठा ढिंढोरा पीटते है।

### सुलसुलिया आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका बनी अनु कुमारी



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के अंतर्गत सुलसुलिया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के लिए सहायिका का चयन, चयन समिति द्वारा आम सभा कर किया गया। योग्यता के आधार पर चयन समिति द्वारा अनु कुमारी का सहायिका पद के लिए चयन किया गया। जिसमे सहायिका के लिये चार आवेदको में अनु कुमारी को कुल 18 अंक,ममता कुमारी को 11 अंक, दुर्गावती कुमारी को 14 अंक तथा काजल कुमारी को 18 अंक प्राप्त हुये। अनु कुमारी को विधवा होने के कारण अतिरिक्त 5अंक प्रदान किया गया जिससे उनका 23 अंक हो गया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के कारण अनु कुमारी चयन सहायिका पद पर किया गया। चयन समिति में सीडीपीओ राजकेश्वरी खलखो, पर्यवेक्षिका शोभा कुमारी, माया गुप्ता, राजकीय मध्य विद्यालय सुलसुलिया के प्रधानाचार्य देव प्रकाश द्विवेदी, एएनएम किरण कुमारी, आलोक कुमार, कमोदा देवी, शीला देवी, रंभा देवी, दुर्गावती देवी सविता देवी, सरिता देवी, अनीता देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### बीडीओ ने कर्मियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश



**डंडाई।** बीडीओ जागो महतो ने गुरुवार को प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में लगभग सभी कर्मियों ने भाग लिया। वहीं बैठक में भाग नहीं लेने वाले कर्मियों के खिलाफ उन्होंने स्पष्टी करण को लेकर प्रधान लिपिक वीरेंद्र मांझी को निर्देश दिया। साथ ही बार-बार समाचार पत्र के माध्यम मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने बैठक में भाग लिए कनीय अभियंता कुमार विशाल को दम तक फटकार लगाया और उन्हें प्रत्येक दिन कार्यालय आने का सख्त निर्देश दिया। इससे पहले प्रखंड क्षेत्र में संचालित सभी तरह के आवासों के बारे में बीडीओ ने पंचायत सचिव और आवास कोऑर्डिनेटर से विस्तृत जानकारी लिया। उसके बाद आवास भुगतान में पहली किस्त के बाद उसमें दूसरी किस्त की राशि भी भुगतान करने का कर्मियों को निर्देश दिया।

### सहायक निर्वाचक पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा जन प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**श्री बंशीधर नगर।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड कार्यालय के सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा जन प्रतिनिधियों से आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में एक दर्जन बूथों में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, कांग्रेस के वरीय जिलाउपाध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, सहित बड़ी संख्या में राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एक नजर

### खुद चंदा कर ग्रामीणों ने बनवाया चापाकल



**महुआडांड़।** परहाटोली पंचायत गांव में गुरुवार को किसान टोली के स्थित वर्षो से खराब चापाकल को ग्रामीणों ने टोला में घरो से चंदा कर खुद बनवाया, चापाकल स्थित से बहने वाला गंदा पानी की निकासी के लिए नाली श्रमदान कर बनवाया, ग्रामीणों ने बताया वर्षो से ये चापाकल खराब पड़ा था, आस-पास के लोगों को पानी पीने के लिए दूर जाना और दिक्कत होता था। ग्रामीण ने बताया मुखिया से इस जगह नाली निर्माण की मांग कि गई है।

### लैम्पस में किसानों को मक्का बीज का किया गया वितरण

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लैम्पस मे प्रखण्ड क्षेत्र के किसानो के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए सचिव राकेश कुमार ने बताया कि कृषको को मक्का बीज प्रत्येक किसान को दस किलो 120 रू प्रति किलो के दर से दिया गया। खबर लिखें जाने तक तीस किसानो के बीच मक्का बीज बितरण किया गया था। मौके पर जिप सदस्य रमेश राम, बीसीओ सुमन सिंह अध्यक्ष अनिल उरांव, सचिव राकेश कुमार, लवकुश कुमार सिंह, राजकुमारी उरांव, सीला देवी,बुधनी देवी इश्वरी भगत सहित कई कृषक मोजुद रहे।

### समाजसेवी ने पत्रकारों को अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

**लातेहार।** जिले के समाहरणालय प्रवेश द्वार के पास बृहस्पतिवार को समाजसेवी जितेंद्र कुमार ने पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। समाजसेवी श्री कुमार ने कहा कि पत्रकार समाज के दर्पण होते हैं, उन्हीं के बदौलत समाज की अच्छाई और कुरीतियों लोगों के समक्ष प्रस्तुत की जाती है। ऐसे में पत्रकार के हित का ख्याल रखना चाहिए। बता दे कि समाजसेवी श्री कुमार के द्वारा समय-समय पर अनाथ बच्चों के लिए खाद्य सामग्री पुस्तक, पेन पेंसिल एवं कपड़ों का वितरण किया जाता हैं। सम्मानित होने वालों में वरीय पत्रकार रामकुमार, संजय प्रजापति, राहुल पाण्डेय, रूपेश अग्रवाल, संतोष कुमार, विवेक सिन्हा, अमित कुमार समेत कई लोग शामिल रहे।

### सूर्य मंदिर निर्माण के लिए दी 11 हजार की सहयोग राशि

**लातेहार।** सूर्यनारायण पूजा समिति लातेहार शहर के औरंगा नदी छठ घाट पर भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण करा रही है। मंदिर निर्माण में समाज के हर तबके के लोगों का सहयोग मिल रहा है इसी क्रम में गुरुवार को सरयु ग्राम निवासी कृष्णा प्रसाद व प्रतिमा देवी ने अपनी बेटी स्वाति कुमारी के नाम पर 11 हजार की सहयोग राशि मंदिर समिति को दी।स्वाति कुमारी ने समिति को नगद राशि प्रदान कर रसीद प्राप्त किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह व उपाध्यक्ष अनिल कुमार ने इसके लिए आभार प्रकट किया।

### कृषि विभाग संचालित योजनाओं की समीक्षा कर डीसी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश, कहा-

# किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की उपलब्धियों एवं 2023-24 की कार्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिये।




बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि बीज विनिमय एवं वितरण की योजना के अन्तर्गत खरीफ मौसम में धान बीज का लक्ष्य-1200.00 क्वींटल है जिसके विरूद्ध 367.60 क्वीं० बीज जिले के विभिन्न लैम्पसों में 50 प्रतिशत अनुदान पर वितरण हेतु प्राप्त हुआ है। मक्का बीज का लक्ष्य 150.00 क्वीं० है जिसके विरुद्ध 30.00 क्वीं० बीज प्राप्त हो गयी है। किसानों के बीच ब्लॉक चैन टेक्नोलॉजी के माध्यम से बीज वितरण किया जा रहा है।

समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला योजना के अन्तर्गत किये गये कार्यों की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि वित्तीय लक्ष्य 313.91 लाख रू० के विरूद्ध अब तक मात्र 60.54 लाख रू० का कार्य कर विपत्र समर्पित किया गया है जो लक्ष्य से काफी कम है। इस पर उपायुक्त द्वारा असंतोष प्रकट किया गया एवं जिला कृषि पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि कार्यकारी एजेंसी को पत्राचार के माध्यम से अपने कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित करें। यदि कार्यकारी एजेंसी कार्य करने में रूचि नहीं ले रही है तो स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया।

बैठक में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में मिट्टी नमूना संग्रहण का लक्ष्य-3516 है जिसके विरूद्ध अभी तक 2702 मिट्टी नमूनों का संग्रहण किया गया है एवं 222 मिट्टी नमूना मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, लातेहार में भेजा गया है। इस पर उपायुक्त ने शेष मिट्टी नमूनों का संग्रहण करते हुए यथाशीघ्र मिट्टी जाँच प्रयोगशाला, लातेहार को जाँच हेतु भेजा जाए एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किसानों के बीच करने का निर्देश दिया।

## हिंडाल्को के मन्नत आफिस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

हिंडालको कोल माइंस के मन्नत ऑफिस गुरुवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आस पास के लोगों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।



बताया गया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताते चलें इस भीषण गर्मी में आग की लपटे काफी दूर तक निकल रही थी जिसे देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। हिंडालको ग्रुप के कर्मचारियों के द्वारा आग पर काबू पाने की पुरजोर कोशिश की गई समय रहते आग पर काबू पा लिया गया और एक बड़ी अनहोनी टल गई। खबर लिखे जाने तक किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है।

## सरकारी शिक्षा बदहाल, साख पर उठ रहे सवाल प्लस 2 विद्यालयों में संसाधनों का अभाव

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)**

सरकार द्वारा शिक्षा की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए बेशक काफी प्रयास हो रहे हैं। स्कूलों में गुणवत्ता शिक्षा पर जोर देने के साथ, बच्चों की उपस्थिति को अनिवार्य किया जा रहा है। शिक्षकों के अटेंडेंस पर नजर रखी जा रही है और इसी आधार पर स्कूलों को ग्रेडिंग भी दी जा रही है। लेकिन सबसे अहम यह कि जिनके ऊपर इन सभी का दारोमदार है, वे शिक्षा में कम और एमडीएम तथा भवन निपाई-पुताई में अधिक रूचि ले रहे हैं। वे जितना पढ़ाई पर नहीं ध्यान देते उससे कहीं अधिक उनकी नजर विद्यालयों में चलने वाली सरकारी योजनाओं पर रहती है। इसके लिए शिक्षकों पर नजर रखने वाले सरकारी हुक्मरान भी कम दोषी नहीं है। ऐसे में आज सरकारी शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो चुकी है और उसकी साख पर सवाल उठने लगे हैं। प्रखंड में प्लस 2 विद्यालयों की बात करें तो यहां संसाधन का रोड़ा सबसे बड़ी मुसीबत है। विषयवार शिक्षक नहीं होने से छात्रों का कोर्स पूरा नहीं हो पाता। दूसरी तरफ इन सबसे अलग गुणवत्ता के दिखावे पर निजी शिक्षा का कारोबार फलफूल रहा है। निश्चित तौर पर सरकारी से बेहतर सुविधा व शिक्षा का माहौल भी वहां लोगों को मिल रहा है।



**स्कूलों में पढ़ाई कम राजनीति ज्यादा**

शिक्षा में गिरावट के लिए शिक्षकों की राजनीति भी कम दोषी नहीं है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आजकल सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई कम और राजनीति ज्यादा हो रही है। चौदह गुटों में बंटे शिक्षकों में कभी कोई आंदोलन कर रहा है तो कभी कोई। स्थिति यह हो रही है कि वे अपने कर्तव्य से विमुख हो जा रहे हैं। जिससे शिक्षा प्रभावित हो रही है। सरकारी शिक्षा व्यवस्था में सुधार की बात करें तो इसके लिए निजी स्कूलों की तरह सरकारी स्कूलों में भी सिस्टम विकसित करना होगा। यही नहीं शिक्षकों को एमडीएम से अलग करने के साथ भवन निपाई-पुताई जैसे कार्य से भी मुक्ति देनी होगी।

### मोबिलाईजर चुनाव को लेकर किया गया ग्राम सभा

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत भवन परिसर मे प्रखंड विकास पदाधिकारी बारियातू पत्रांक 838 पं 24/06/2024 के अलोक मे मोबीलाइजर चयन को लेकर पंचायत मुखिया सुरेश उरांव की अध्यक्षता मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया. जिसमे ग्राम सभा मे मोबिलाईजर चयन को लेकर ग्राम सभा मे पंचायत सेवक चंदन कुमार, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव, ग्राम प्रधान अर्जुन साव बिशुनदेव गंझु, दिलीप सिंह की उपस्थिति मे ग्रामीण उपस्थित हुए, जहाँ स्वयं सेवक कौलेश्वर यादव, पूनम देवी, लवकुश यादव,सरफराज अहमद चारो ने अपना अपना दावा पेश किया. उपस्थित ग्रामीणों ने चारो को स्थानीय होने के कारण वोटिंग की मांग कर रहे थे. वोटिंग की व्यवस्था नहीं होने पर कौलेश्वर यादव ने ग्रामीण महिला पुरुष को अपने पक्ष के लिए पंक्ति मे खड़ा कराया.जिसमे अनुमानित लगभग 250 ग्रामीण कौलेश्वर यादव के पक्ष मे खड़ा हुए।

## पंचायती राज योजनाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर(चतरा)**

गिद्धौर प्रखंड सभागार में गुरुवार को पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं ई-पंचायत की समीक्षा सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योजनाओं के संचालक को लेकर मुखिया, पंचायत सचिव को प्रशिक्षण दिया गया।

आयोजित समीक्षा सह प्रशिक्षण में मुख्य रूप से पंचायती राज विभाग के जिला समन्वयक सुनील कुमार सिंह व प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव उपस्थित थे। समीक्षा के क्रम में 15वें वित्त आयोग की राशि को नियमानुसार व्यय करने का निर्देश देते हुए संबंधित पंचायत सचिव को पंचायत सचिवालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड के सभी पंचायत भवन का डीएमएफटी मद से सुदृढीकरण एवं मरम्मती किए जाने की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक ने मुखिया को पंचायत स्तरीय योजना चयन करते हुए राशि को जल्द खर्च करने का भी निर्देश दिया। दूसरी तरफ योजना संचालन का प्रशिक्षण भी सभी संबंधितों को दिया गया। बैठक में प्रखंड समन्वयक रितेश कुमार, शेखर कुमार, मुखिया निर्मला देवी, सरिता देवी, सुमीरा कुमारी, बेबी देवी, डेगन गंझू, जगदीश यादव, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, उज्जवल सिंह व चितरंजन शर्मा आदि उपस्थित थे।

### पेड़ से गिर कर व्यक्ति घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** प्रखंड के बसिया ग्राम में रमेश उरांव (45 वर्ष) बैर के पेड़ से गिरकर घायल हो गया है जिसे ग्रामीणों की सहयोग से परिजन ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। बताया जाता है कि रमेश घर के पास स्थित बैर के पेड़ का डाली घोरान घोरने के लिए पेड़ पर चढ़ डाली काट रहा था की इसी दौरान पेड़ से अपना नियंत्रण खो बैठा और नीचे जागीर जिससे रमेश उरांव का सिर सहित शरीर के आंतरिक भागों पर छोटे आई जिसे डॉक्टर ध्रुव कुमार ने प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया है।

## एनडीपीएस के दो अभियुक्तों को 7 व 5 वर्ष की कैद

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शंभू लाल साव की अदालत ने एनडीपीएस के दो अभियुक्त को दोनो पक्षों के जीरह के बाद सजा सुनाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार योगेश गंझू को 7 वर्ष की कैद व 20,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। जबकी फागुन गंझू को 5 वर्ष की कैद और 10,000 रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर दोनो को डेढ़ वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। लावालौंग थाना कांड संख्या 18/2023 में 26 मार्च 2023 को तत्कालीन लावालौंग थाना प्रभारी बमबम कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि कोलकोले मदनदीह मोड़ के पास मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति गीला अफीम लेकर जाने वाले हैं। सूचना पर थाना प्रभारी के द्वारा छापेमारी दल का गठन कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।उसी दौरान मदनदीह मोड़ पर दो व्यक्ति एक मोटरसाइकिल पर दिखे जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगे, तो दोनों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड और तलाशी के दौरान योगेश गंझू के पास से 2 किलो गीला अफीम भी बरामद किया गया और फागुन गंझू साथ में मोटरसाइकिल चला रहा था।

### कार्य योजना — उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा, कहा-

# सुनिश्चित करें कि योग्य लोगों को योजना का लाभ मिले

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में गुरुवार को समीक्षा बैठक हुई।

जिसमें जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सूक्ष्म ऋण, व्यवसाय एवं वाहन ऋण दिया जाता है। जिससे पात्र आवेदक इस ऋण के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इस योजना के तहत चतरा जिले में अब तक 134 लाभुकों को लाभ दिया गया है। इस पर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन लोगों को ऋण दिया गया है। उन्हें प्रखंड विकास पदाधिकारी स्तर से जांच कराने के बाद ही दूसरी किस्त का भुगतान करें, साथ ही लाभुकों को सक्सेस स्टोरी बनाने का निर्देश दिया। आगे बताया गया कि वर्ष 2023-24 के लिए 259 आवेदन अनुमोदन के बाद निगम को भेजे गए हैं। इस योजना के तहत सूक्ष्म ऋण 50000 रुपये (किराना दुकान, कपड़ा दुकान, पान दुकान, सैलून दुकान आदि), व्यवसाय ऋण 50001 से 2500000 रुपये (किराना दुकान, जनरल स्टोर दुकान, छड़ एवं सीमेंट दुकान, हार्डवेयर दुकान, इलेक्ट्रॉनिक दुकान आदि) एवं वाहन ऋण 50001 से 2500000 रुपये (6 सीटर से ऊपर के वाहन जैसे बोलेरो, इनोवा, ट्रैक्टर आदि) की जानकारी दी गई। इस पर उपायुक्त ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि योग्य एवं पात्र लोगों को इस योजना का लाभ मिले। कागजात एवं भौतिक सत्यापन के बाद ही ऋण देने की कार्रवाई करें। उन्होंने आगे कहा कि कुछ दिन पहले प्रतापपुर प्रखंड के हिंदिया कला में पंकज बिरहोर की मृत्यु हो गयी, उनके परिवार को कल्याण विभाग के तहत संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उक्त बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला अग्रणी प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।




**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**E-Procurement very short Tender Notice**

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार, का अति अल्प कालन निविदा सूचना सं०– DWSD/LTR/SR-15/2023-24 (2nd Call) Dt-18.06.2024 जो समाचार पत्रों में PR 326721 Drinking Water and Sanitation (24-25)#D द्वारा प्रकाशित है। जिसमें निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

| SL No | विवरणी | :– | पूर्व में प्रकाशित सूचना | संशोधित सूचना |
|---|---|---|---|---|
| 01 | निविदा प्राप्ति (आनॅ लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। | 01.07.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 02 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। | 01.07.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 03 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 28.06.2024 अपरान 02:00 बजे तक। | 02.07.2024 अपरान 03:00 बजे तक। |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार

PR 327837 Drinking Water and Sanitation(24-25).D



**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार**

**सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांकः–13.07.2024**

**व्यवहार न्यायालय, लातेहार मे निःशुल्क, सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार(झालसा), रॉंची के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के द्वारा दिनांक 13.07.2024 दिन शनिवार समय 11.00 बजे पूर्वाहन से व्यवहार न्यायालय, लातेहार के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नलिखित मामलों का निश्पादन किया जाएगा। आप सभी आमजनों से अनुरोध है कि दिनांक11.3.2024 से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार अंतर्गत चल रहे विभिन्न बेंचों द्वारा शुरू किए गए "पूर्व राश्ट्रीय लोक अदालत कॉन्सिलिएशन बैठक" में अपने मामलों का निष्पादन हेतु स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से सूचीबद्ध करा सकते है, जिससे आपके मामलों का निष्पादन दिनांक13.07.2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सके।

उक्त् राश्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निश्पादन किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1. सभीप्रकार के दीवानी मामले | 9. विद्युत विभाग से संबंधित मामले |
| 2. सुलहनीय अपराधिक मामले | 10. वनविभाग से संबंधित मामले |
| 3. बैंक सर्टिफिकेट केस | 11. माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| 4. वैवाहिक पारिवारिक मामले | 12. चेकबाउन्स से संबंधित मामले |
| 5. श्रम संबंधित मामले | 13. विवाद पूर्वनिस्तारण योग्य मामले |
| 6. भू–अधिग्रहणसेसंबंधितमामले | 14. उत्पाद विभाग के मामले |
| 7. राजस्व संबंधित मामले | 15. अंतिम प्रपत्र से संबंधित वाद |
| 8. वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले | 16. उपभोक्ता फोरम से संबंधितमामले एवं अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता एवं समस्त वादकारीगण एवं संबंधित पक्षकारों से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से संबंधित वादों को उक्त राश्ट्रीय लोक अदालत में निश्पादित कराकर लाभ उठावे तथा इसे सफल बनायें।

अंजनी अंजन ) — पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

(गरिमा सिंह) — उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार।

(मनोज कुमार सिंह) — प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीष–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार–लातेहार।

नोटः–उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु आप किसी भी कार्य दिवस को व्यवहार न्यायालय परिसर,लातेहार मे स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में उपस्थित होकर या दूरभाष सं0 8987736366 से सम्पर्क कर सकते हैं।

निवेदक
(शिवम चौरसिया)
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार।

PR 327894 Law(24-25)D



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय) झारखण्ड, राँची कार्यालयः– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।**

**वित्तीय वर्ष–2024–25 में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए "जलनिधि नामक उपयोजना"**

विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–22 दिनांक–18.06.2024 द्वारा झारखण्ड राज्य योजनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसून पर कृषकों की निर्भरता करने हेतु विभिन्न श्रोतों की सिंचाई समुचित व्यवस्था हेतु जलनिधि उपयोजना अन्तर्गत डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण की योजना।

(i) डीप बोरिंग की योजना :–

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| योजना अन्तर्गत 6 इंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 H.P आवश्यक Accessories एवं संस्थापक (Installation) के साथ | योजना लद्यु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

(ii) परकोलेशन टैंक (मध्यम एवं निचले खेत में तालाब) की योजना :–

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| Length of Percolation tank- 120 ft. Width of Percolation tank- 100 ft. Depth of Percolation tank- 12 ft. Length of Bound- 370 ft. Side Slop- 1:1 | योजना लद्यु एवं सीमान्त कृषक समूहों के लिए लागु होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.30 लाख | 90 प्रतिशत (3.87 लाख) | 10 प्रतिशत (0.43 लाख) |

डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के लिए आवेदन–पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15.07.2024 है।

कृषक/संस्था का चयनः–
(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लद्यु/सीमान्त कृषक/महिला कृषकों/ इच्छुक कृषकों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(ii) जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप बोरिंग एवं परकोलेशन टैंक का लाभ प्राप्त कराया जा चुका है, उनकी पात्रता योजना हेतु मान्य नहीं होगी।
(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

आवेदन की प्राप्तिः–
(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के विरूद्व सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र– (संलग्न) में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।
(ii) आवेदन–पत्र भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार के कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकेगा।
(iii) आवेदन–पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, लातेहार में जमा लिया जायेगा।
1. संबंधित योजना ग्राम–सभा में पारित होना चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी–पंचायत गठित कर रजिस्टर की छायाप्रति (क्षेत्रीय कर्मचारी/पदाधिकारी की उपस्थिति में) एवं पानी–पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी–पंचायत की राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक–अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव की संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गांव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर नक्शे की छायाप्रति।
6. जमीन का अद्यतन रसीद एवं पहचान–पत्र।

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर सर्म्पक किया जा सकता है।
कार्यालय पता :– भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार, कीनामांड़, लातेहार –829206

PR 327888 Agriculture(24–25)D — भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लातेहार।

## भटक रही बच्ची को जिप सदस्य ने भेजा चाईल्ड हेल्प सेंटर




**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में एक बच्ची जो भटक गई थी उसे गुरुवार को चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा के नेतृत्व में उसे गुमला चाईल्ड हेल्प सेंटर में सकुशल भेज दिया गया। इस मामले में मिली जानकारी के अनुसार एक बच्ची जो अपना नाम प्रियंका कुजूर बता रही हैं। वो भटककर चैनपुर के अजाद बस्ती पंहुच गई थी। जिसके बाद इसकी सूचना लोगों ने चैनपुर ज़िप सदस्य मेरी लकड़ा को दिया जिसके बाद जिप सदस्य के साथ जे एस एल पी एस की दीदियों सहित चैनपुर मुखिया शोभा देवी कातिंग मुखिया मधुरा मिंज के प्रयास से उसे चाईल्ड हेल्प सेंटर में सकुशल भेज दिया गया।

## झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक हुई संपन्न



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखण्ड प्रजापति महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह माटी कला बोर्ड के पूर्व चेयरमैन श्रीचंद प्रजापति उपस्थित हुए। बैठक में 30 जून को लोहरदगा नगर भवन में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह के बारे में चर्चा किया गया। इसमें इस वर्ष मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में समाज के सभी छात्र-छात्रा जो प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। उनको समानित व प्रोत्साहित किया जाएगा। मौके पर श्रीचंद प्रजापति ने कहा इस समारोह में मुख्य रूप से बेरमो के पूर्व विधायक योगेश्वर महतो उर्फ बाटुल जी, समाज के वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण प्रजापति, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र पंडित के अलावा झारखण्ड के सभी जिले से समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इसमें छात्रों को सम्मानित व प्रोत्साहत के अलावा उनके आगे के उज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन किया जाएगा। बच्चों के अभिभावकों व समाज से जुड़े लोगों को आर्थिक व समाजिक विकास पर चचाएं की जाएंगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भंडरा।** भंडरा-बेड़ो मुख्य पथ में नंदनी पुल के समीप सड़क दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस की मदद से भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि घायल युवक के बेसुध अवस्था में होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सका है। घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। इधर भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने घायल युवक को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि युवक चट्टी की ओर से भंडरा की तरफ जा रहा था। तभी मोटरसाइकिल के अनियंत्रित हो जाने के कारण दुर्घटना ग्रस्त हो गया। समाचार लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नही हो पाई थी।

## आंगनबाड़ी सहायिका चयन को लेकर ग्राम सभा का हुआ आयोजन

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र के भौरो पंचायत के सोरंदा गांव में गुरुवार को आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिका चयन को लेकर एक ग्राम सभा का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से सीडीपीओ नंदी रानी पंचायत की मुखिया सुमंती उरांव, महिला पर्यवेक्षिका नीलम मिंज, सेविका के अलावे गांव के ग्रामीण मौजूद थे। जिसमें इस ग्राम सभा के माध्यम सीडीपीओ नंदी रानी ने विभागीय प्रक्रिया के तहत आंगनवाड़ी केन्द्र की सहायिका चयन प्रक्रिया आरंभ किया। जिसमें आंगनवाड़ी केन्द्र की सहायिका चयन को लेकर गांव में छह उम्मीदवारों ने अपना-अपना योग्यता प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र जमा किया। परन्तु दो उम्मीदवार वे बहुल जाति के नहीं रहने के कारण उस पर विचार नहीं किया गया। बचे 4 उम्मीदवारों में 3 मैट्रिक पास तथा 1 इंटर पास के उम्मीदवार में से इंटर पास उम्मीदवार पूर्वा कुमारी का मेरिट अंक का प्रतिशत 18 निकाला गया। जिसके आधार पर पूर्वा को सहायिका चयन किया गया।



## खेल में जीत के लिए टाइम मैनेजमेंट जरूरी : अभिषेक झा




**लोहरदगा।** फुटबॉल में विजय मेहनत समर्पण और सहयोग से ही संभव है। उपरोक्त बातें संत स्तानिसिलास उच्च विद्यालय, पतराटोली में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान एसडीओ अभिषेक झा ने कही। श्री झा ने कहा कि मेहनत कभी बेकार नहीं होता है।विजय प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होना जरूरी है। इन्होंने मैदान में मौजूद विजेता के अलावा उपविजेता टीम को भी नसीहत देते हुए कहा कि हार और जीत खेल में लगा रहता है। हार का कतई मतलब नहीं है कि खिलाड़ियों ने मेहनत नहीं किया है। एपीओ अशोक पांडेय ने खिलाड़ियों को हरिवंश राय बच्चन की कविता का स्मरण कराते हुए कहा कि आपको निराश होने की जरूरत नहीं है और हमेशा इस बात को याद रखना होगा की कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है । आने वाले राज्य स्तर के लिए आप और मेहनत करें।

## कैरो उत्क्रमित उर्दू उवि में बाल संसद का गठन



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखण्ड के राजकीयकृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विधालय गराड़ीह में गुरुवार को प्रधानाध्यापक देवनन्दन नायक की उपस्थिति में बाल संसद का गठन किया गया।सर्वसम्मति से बाल संसद के प्रधान मंत्री के रूप में मंजूर अंसारी,उप प्रधान मंत्री तराना खातून,स्वास्थ्य मंत्री आनन्द टाना भगत,उप स्वास्थ्य मंत्री गुलशन खातून,स्वच्छता मंत्री रितेश उरांव,उप स्वच्छता मंत्री गुलनाज खातून,सुरक्षा एवं न्याय मंत्री आवेश अंसारी,उप सुरक्षा एवं न्याय मंत्री सिफा नाज,पोषण मंत्री नीलम कुमारी,उप पोषण मंत्री आदिल रजा,उपस्थिति मंत्री सबीहा खातून,उप उपस्थिति मंत्री शरजील अंसारी,शिक्षा मंत्री आरती मुंडा,उप शिक्षा मंत्री रुबान खातून,कौशल एव विकास मंत्री रितेश उरांव,उप कौशल एव बिकास मंत्री नसीबा खातून,बागवानी एव पर्यावरण मंत्री सुलेखा कुमारी,उप बागवानी एव पर्यावरण मंत्री फैजान अंसारी,खेलकूद एव सांस्कृतिक मंत्री सुमित महतो,उप खेलकूद एव सांस्कृतिक मंत्री साहिल अंसारी,सूचना एवं सम्पर्क मंत्री रौशन मुंडा,उप सूचना एवं संपर्क मंत्री देवदास उरांव का चयन किया गया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर, रिम्स रेफर

**कुडू /लोहरदगा।** कुडू लोहरदगा मुख्य पथ चिरी के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां दोनो का इलाज किया गया उसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना गुरुवार की शाम 5: 30 की बताई जा रही है। दुर्घटना में घायल कुलेश्वर मुंडा 50 और दिलेश्वर मुंडा 45 दोनों पिता सितवा मुंडा लातेहार जिले के चंदवा अंतर्गत जमुआरी गांव के रहने वाले हैं। दोनों भाई एक ही बाइक में सवार होकर आ रहे थे तभी चिरी के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## छिछवानी के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छिछवानी गांव के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर कटकाही गांव निवासी हेमंत लकड़ा पिता रंजीत लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दुर्घटना में युवक का दोनों पैर गंभीर रूप से चोटिल हो गया है,घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हेमंत लकड़ा अपने मोटरसाइकिल से कटकाही से अपने पैतृक गांव हेसाग जा रहा था। तभी छिछवानी के आंगनबाड़ी के समीप बने ठोकर में अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसके दोनों पैर के साथ साथ शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटे लगी। जिसके बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे शाम 8.30 बजे चैनपुर अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसका उपचार कर उसे छुट्टी दे दी गई

# कैरो से 63 हजार घनफिट बालू जप्त, मामला दर्ज

## बालू का अवैध भंडारण दंडनीय अपराध : डीएमओ

**नवीन मेल संवाददाता।**
**लोहरदगा**



बालू के अवैध भंडारण कर कारोबार करने की सूचना पर खनन विभाग और पुलिस टीम ने कैरो थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थान पर सघन छापामारी अभियान चलाया। कैरो थाना क्षेत्र के सड़ाबे, टाटी, खरता,कैरो, जामुनटोली समेत कई ठिकानों में अवैध रूप से भंडारण किया गया लगभग 63 हजार 500 घनफिट बालू जप्त किया गया। इस मामले पर डीएमओ राजाराम प्रसाद द्वारा कैरो थाना में बालू भंडार करने वाले कई लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद और कैरो थाना पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी अभियान चलाया। छापामारी में सड़ाबे महादेव मैदान के निकट लगभग 4500 घनफिट अवैध बालू भंडार मिला। इस क्रम में किशोर उरांव के घर के निकट लगभग 7 हजार घनफिट बालू भंडार एवं बुधराम उरांव के बाउंड्री के भीतर 4 हजार घनफिट अवैध रूप से रखा बालू जप्त किया गया। जांच के क्रम में मैदान में रखा बालू का ढेर कैरो के सडाबे गांव निवासी कमल साहू के होने की पुष्टि हुई। जबकि अन्य स्थानों पर जप्त किया गया बालू मलिक का सुराग नहीं मिला। सडाबे निवासी शमशाद आलम द्वारा रखा गया 15 हजार घनफिट अवैध बालू के भंडार को भी जांच टीम ने जप्त किया। टाटी खरता गांव निवासी कुलदीप मुंडा,रविद्र सिंह,दिनेश उरांव द्वारा कोयल नदी जाने वाले मार्ग में मंगरदाहा स्थान पर अलग-अलग रखा लगभग 19 हजार घन फिट जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू किया गया। खरता जतरा बगीचा में अलग-अलग लगभग 10 हजार घनफिट अवैध बालू जप्त किया गया। पूछताछ में उपरोक्त बालू टाटी खरता गांव निवासी कुलदीप मुंडा एवं दिनेश उरांव के होने की पुष्टि जांच टीम द्वारा किया गया। इस दौरान कैरो जमुना टोली निवासी झिंगराम उरांव द्वारा अवैध रूप से रखा गया लगभग 4 हजार घनफिट बालू को भी जांच टीम द्वारा जप्त किया गया।

## व्यस्ततम इलाके में प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के व्यस्ततम इलाके में प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण अभियान चलाया गया। जिसमें सोहन चौक के समीप दुकान के सामने लगाए गए बोर्ड, समान जैसे चीजों को अतिक्रमण मुक्त किया गया।वहीं दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वे अपना दुकान का समान अपने दायरे में ही रखें।मौके पर उपस्थित चैनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमिता लकड़ा ने बताया कि आए दिन लोग दुकानदार अपने दुकान के सामने सामान रख देते हैं।जिससे आवागमन में काफी परेशानी होती है कभी कभी जाम तक की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसी को लेकर अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतत् द्वारा पलामू जिला के मत्स्यजीवी सहयोग समिति/मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्यों को सूचित करना है कि कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मत्स्य प्रभाग के राज्यादेश सं0–07(रा0)/दिनांक 19/06/2024 द्वारा वित्तिय वर्ष 2024–25 में राज्य योजनान्तर्गत मत्स्य विपणन योजना अन्तर्गत मछलियों तथा मछलियों के बीज परिवहन हेतु मत्स्यीजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को अनुदान पर चार पहिया भारवाहक वैन दिये जाने की योजना है। इस योजनाओं का विवरण एवं पात्रता हेतु अर्हत्ता निम्नांकित है :–

**आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 16/07/2024**

| क्र0 | योजना का नाम | लक्ष्य | | विवरण | आवेदक/आवेदक पात्रता एवं अहर्त्ताएँ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मत्स्य विपणन योजना | अ0जा0–01 | | स्वच्छ अवस्था में मछलियों तथा मछलियों के बीज परिवहन हेतु मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा उनके सदस्यों को 60 प्रतिशत अनुदान अथवा अधिकत्तम 3.60 लाख (जो दोनो में से कम हो) पर चार पहिया भारवाहक वैन | 1. समिति अथवा उनके सदस्यों द्वारा कम से कम 6 .00 (छः) लाख रूपये का भार वाहक वैन खरीदने का आवेदन दिया जाना है।<br>2. समिति अथवा उनके सदस्यों द्वारा मछली के विपणन अथवा मछली के बीज का परिवहन करती हो।<br>3. समिति अथवा उनके सदस्यों द्वारा अपना अंशदान लगाने में सक्षम हो, से संबंधित शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br>4. समिति अथवा उनके सदस्यों द्वारा मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्यता की अभिप्रमाणित प्रति।<br>5. समिति अथवा उनके सदस्यों को वाहन का निबंधन, बीमा आदि का व्यय स्वंय वहन करना होगा।<br>6. समिति अथवा उनके सदस्यों को विगत वित्तीय वर्ष का अद्यतन अंकेक्षण प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br>7. जिन समितियों को पूर्व में इस योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त हो वे आवेदन न करें।<br>8. दिव्यांग होने की स्थिति में आवेदक को आवेदन के साथ असैनिक शल्य चिकित्सक द्वारा निर्गत दिव्यांगता का प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।<br>9. वैसे लाभुक जिन्हें चारपहिया भार वाहक वैन अनुदान पर दिया जायेगा उन्हें अन्य उपकरणों के क्रय पर कोई अनुदान देय नहीं होगा।<br>योजना के चयनित प्रत्येक लाभुकों का Escrow Account अनिवार्य रूप से खोला जायेगा एवं अनुदान की राशि Escrow Account में ही हस्तांतरित की जायेगी। अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को वाहन/उपकरण के क्रय/प्राप्त करने की अर्हत्ता प्राप्त होगी। आवेदक/आवेदक समिति के द्वारा लाभुक अंशदान संबंधित Escrow Account में जमा करना सुनिश्चित किया जायेगा। वाहन/उपकरण आदि के आपूर्ति के उपरान्त लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि एकमुश्त आपूर्तिकर्ता के बैंक खाता में हस्तांतरित की जयेगी। |

नोट :– दिनांक 16/07/2024 तक कार्यालय के कार्यावधि में जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू से प्राप्त प्रपत्र में पूर्ण रूप से भर कर जमा करें, आधे अधूरे अस्पष्ट भरे हुए आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.327945 Fish(24-25):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला योजना)**

**आम सूचना**

**"होटल प्रबंधन के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त कर रोजगार के सुनहरे अवसर"**

जिला प्रशासन लोहरदगा द्वारा Institute of Hotel Management, Catering Technology and Applied Nutrition (होटल प्रबंधन खानपान तकनीक एवं पोषण आहार संस्थान) ब्राम्बे, राँची के साथ लोहरदगा जिले के ग्रामीण क्षेत्र के 10वीं/12वीं उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को होटल प्रबंधन के क्षेत्र में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु MOU किया गया है।

Institute of Hotel Management ब्राम्बे, राँची में अगस्त, 2024 से प्रारंभ होने वाले निम्नांकित कोर्स हेतु लोहरदगा जिला के होटल प्रबंधन क्षेत्र में रोजगार के इच्छुक युवक/ युवती अपने प्रखण्ड मुख्यालय/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा में दिनांक 20.07.2024 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन जमा कर सकते हैं –

| S. No | Name of Course | Qualification | Duration | No. of Candidate in Course wise Batch |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Diploma in front office | 10+2 Pass | 1 Year + 06 Months training | 28 |
| 2 | Diploma in Housekeeping | 10+2 Pass | 1 Year + 06 Months training | 34 |
| 3 | Craftsmanship certificate course in food production and patisserie | 10th Pass | 1 Year + 06 Months training | 30 |
| Total | | | | 92 |

18 से 35 वर्ष के कुल 92 युवाओं/युवतियों का चयन उक्त प्रशिक्षणों के लिये किया जायेगा। चयनित एवं सुरक्षित आवेदकों को प्रशिक्षण हेतु भेजने से पूर्व संस्थान द्वारा कॉन्सलिंग की जायेगी तत्पश्चात् इच्छुक एवं योग्य अभ्यार्थियों को निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध संस्थान प्रशिक्षणार्थ भेजा जायेगा। आवेदन प्रपत्र www.lohardaga.nic.in से download किया जा सकता है अथवा किसी भी कार्यालय दिवस के दिन कार्यालय अवधि में संबंधित प्रखण्ड कार्यालयों/ जिला योजना कार्यालय, लोहरदगा से प्राप्त किया जा सकता है। साथ हीं किसी भी संशय के निराकरण हेतु मोबाईल नं0 – 9650845021/7979967682 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 327869 Lohardaga(24-25)#D


## छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



**लोहरदगा।** झारखंड के सभी 10+2 इंटर कॉलेज में सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए युवा छात्र नेता अंकित कुमार के नेतृत्व में शिक्षा सचिव के नाम पर लोहरदगा उपायुक्त को ज्ञापन सौपा गया। युवा छात्र नेता अंकित कुमार ने कहा कि लोहरदगा जिला में विभिन्न इंटर कॉलेज में सीटों की संख्या घटने से काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है विद्यार्थियों को नामांकन लेने में परेशानियां हो रही है। साथ ही साथ कई विद्यार्थियों को नामांकन से वंचित रह जा रहे हैं। विद्यार्थियों में कुछ ग्रामीण क्षेत्र से बिलॉन्ग करते हैं। जो बाहर जाकर पढ़ाई करने के लिए असमर्थ हैं।

## पूर्वजों के नाम से एक-एक पेड़ मुक्तिधाम में लगावें : मनोज गुप्ता



**लोहरदगा :** केंद्रीय मुक्तिधाम समिति द्वारा केंद्रीय मुक्तिधाम हरमू भक्सो कोयल नदी परिसर में पेड़ लगाने को ले गुरुवार को गड्ढा खोदा गया। पर्यावरण संरक्षण और मुक्तिधाम परिसर को पेड़ की छांव से शीतल बनाने के लिए केंद्रीय मुक्तिधाम समिति ने बड़े पैमाने पर पौधरोपण का संकल्प लिया है। मौके पर समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि एक सप्ताह के बाद खुदे गड्ढों में पौधा रोपण किया जाएगा। मनोज गुप्ता ने कहा की लोहरदगा के सनातन धर्म के लोग अपने पूर्वज के नाम पर एक पेड़ मुक्तिधाम परिसर में अवश्य लगावें।

## भ्रष्टाचार और प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ आजसू पार्टी का हल्ला बोल

**कुडू / लोहरदगा।** पूर्व नियोजित राज्यव्यापी हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत प्रखण्ड मुख्यालय परिसर कुडू में गुरुवार को आजसू पार्टी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी, जिला महासचिव मुन्ना अग्रवाल, जावेद खान आदि मौजूद रहे। इस दौरान पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अंचलाधिकारी को अपनी ग्यारह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंप छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र यथाशीघ्र बनवाने, सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किये जाने, प्रखण्ड में चरमराई बिजली आपूर्ति को दुरुस्त कर 24 घण्टे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने।


**कार्यालयः कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार**
**संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन,कीनामाड़, लातेहार–829206**
**Website :- www.atmalatehar.in Email :- atmalatehar@gmail.com**
**Phone No.06565-297030**

**आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के Agriculture Extension (Krishonnati Yojna) योजना के अन्तर्गत प्रकाशित विज्ञापन संख्या–PR-257881 Agriculture (2021-22)-D एवं PR-276083 Agriculture (2022-23)-D आलोक में प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी उपरान्त आपत्ति निराकरण हेतु आत्मा, लातेहार के वेबसाईट atmalatehar.in एवं लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है, जिसे दिनांक 28.06.2024 से देखा जा सकता है। आपत्ति का निराकरण दिनांक 28.06.2024 से 12.07.2024 तक परियोजना निदेशक, आत्मा कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, कीनामाड़, लातेहार में कार्यालय अवधि में आकर करा सकते हैं। दिनांक 12.07.2024 के उपरान्त आपत्ति निराकरण पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

परियोजना निदेशक
(आत्मा) लातेहार

PR 327918 Agriculture(24-25).D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग),**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार।**

**सूचिबद्ध पशु विक्रेतओं के लिए अति आवश्यक सूचना**

कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, राँची के अधिन गव्य विकास निदेशालय द्वारा सभी सूचिबद्ध पशु विक्रेताओं (लातेहार जिला के लिए) को सूचित किया जाता है कि जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् दुधारू गाय/भैंस वितरण हेतु दिनांक–05/06/2024 से दुधारू पशु विक्रय शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

लातेहार जिला के लिए सभी सूचिबद्ध दुधारू पशु विक्रेताओं से आग्रह है कि सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं एवं शर्तो का अनुपालन करते हुए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत प्रथम/द्वितीय ब्यांत की उन्नत देशी नस्ल यथा साहीवाल, रेड सिंधी, थारपारकर, गीर एवं संकर नस्ल की दुधारू गायों अथवा उन्नत नस्ल की भैंस यथा मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना आदि को जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार के परिसर एवं पशु शल्य चिकित्सालय, लातेहार के परिसर (प्रखण्ड कार्यालय के बगल में) में आयोजित दुधारू पशु विक्रय शिविर में आपूर्ति करना सुनिश्चित करेंगे।

नोट :– विशेश जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, लातेहार से कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
लातेहार।

PR 327874 Animal Husbandry(24-25)D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(जिला योजना)**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest)**
**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**
**(Very Short term Tender Notice)**

Niti Aayog Award Money अन्तर्गत लोहरदगा जिला में ऑयस्टर मशरूम उत्पादन केन्द्र की स्थापना हेतु उपकरण एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के आपूर्ति, अधिष्ठापन, प्रशिक्षण, कच्चे माल की उपलब्धता, प्रसंस्करण एवं एक वर्ष तक विपणन लिंकेज, संचालन और रख–रखाव हेतु Turnkey Basis पर इस क्षेत्र के अनुभवी निबंधित एवं इच्छुक गैर सरकारी संगठनों/अर्द्ध सरकारी संगठनों/कम्पनी/संस्थानों/ फर्म/उत्पादक एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि आदि से दिनांक **08.07.2024** के **11:30** बजे पूर्वाह्न तक ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) दूसरी बार आमन्त्रित की जाती है।

"ईच्छा की अभिव्यक्ति तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड की अलग–अलग सीलबंद लिफाफे को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में समर्पित किया जायेगा। ईच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) समर्पित करने संबंधी विस्तृत शर्त एवं दिशा निर्देश लोहरदगा जिला के वेबसाईट **www.lohardaga.nic.in** पर देखा जा सकता है। सीलबंद Expression of Interest के तकनीकी बीड़ को प्रस्तावकों/प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **08.07.2024** के **12:30** बजे (अपराह्न) जिला कय एवं मूल्यांकन समिति द्वारा खोला जायेगा, तत्पश्चात केवल तकनीकी बीड़ के सफल प्रस्तावकों का वितीय बीड़ खोला जायेगा। इसके पश्चात् प्रस्ताव का Power Point Presentation प्रस्तावकों द्वारा कय एवं मूल्यांकन समिति के समक्ष प्रदर्शित किया जायेगा। Expression of Interest या परियोजना संबंधी किसी प्रकार के संशय (Confusion) निराकरण हेतु मोबाईल नम्बर 9608135911/9650845021 पर किसी भी कार्यालय दिवस के कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त,लोहरदगा

PR 327872 Lohardaga(24-25).D



**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water and Sanitation Division, Latehar**

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार, का अति अल्प कालन निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR/SR-09/2024-25 (1st Call) Dt-15.06.2024 जो समाचार पत्रों में PR 326659 Drinking Water and Sanitation (24-25)#D द्वारा प्रकाशित है। जिसमें निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है।

| SL No | विवरणी | :– | पूर्व से प्रकाशित सूचना | संशोधित –सूचना |
|---|---|---|---|---|
| 02 | निविदा प्राप्ति (आर्न लाईन बिडिंग) की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। | 01.07.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 03 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक–120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | :– | 26.06.2024 अपराहन 05:00 बजे तक। | 01.07.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 04 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि | :– | 28.06.2024 अपरान 02:00 बजे तक। | 03.07.2024 अपरान 02:00 बजे तक। |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार।

PR.NO.327835 Drinking Water and Sanitation(24-25):D

## रोक के बावजूद धड़ल्ले से नदियों से हो रहा है बालू का उठाव, एसपी ने कार्रवाई की कही बात



**गिरिडीह।** बरसात के मद्देनजर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा नदी घाटों से बालू उठाव पर रोक के बावजूद बालू माफियाओं द्वारा जिले भर के विभिन्न नदी घाटों से बालू उठाव का कार्य लगातार जारी है। नगर थाना क्षेत्र के दीनदयाल घाट, पंचबा थाना क्षेत्र के बनखंजो, सुग्गासार, मुफस्सिल थाना के झरियागादी घाट और मेगजेनिया घाट से धड़ल्ले से अवैध बालू का तस्करी किया जा रहा है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा रोक के बावजूद इस तरह से बालू का उठाव हो रहा है उससे साफ प्रतीत हो रहा है कि बालू माफियाओं का मन पूरी तरह से बढ़ा हुआ है। हालांकि इस मामले को गिरिडीह एसपी दीपक कुमार शर्मा ने गंभीरता से लिया है और कहा है कि रोक के बावजूद बालू उठाव करने वाले माफियाओं के ऊपर कार्रवाई की जाएगी इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से टीम गठित की जा रही है। जल्द ही सघन छापेमारी अभियान चलाया जाएगा।

## इलाज के दौरान हुई कैदी की मौत



**गिरिडीह।** मृतक कैदी भेलवाघाटी थाना इलाके के हरियाडीह पंचायत स्थित कुशवर गांव का अर्जुन यादव था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन गिरिडीह सदर अस्पताल पहुंचे। इस दौरान परिजनों ने मौके पर मौजूद जेल से आए कर्मियों से घटना को लेकर जानकारी ली। जिसपर केंद्रीय कारा अधीक्षक ने जानकारी दी गई कि गुरुवार को अचानक बंदी अर्जुन कुमार यादव की तबीयत बिगड़ने के बाद कारा चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा उसे सदर अस्पताल भेजने की अनुशंसा की गई। जिसके बाद बंदी को सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान दोपहर के 1.56 मिनट में इलाज वाले चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## अविराम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी में दो दिवसीय समर कैंप का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** अविराम स्कूल ऑफ एक्सेलेंसी में दो दिवसीय समर कैंप कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।समर कैंप के अवसर पर प्रथम दिन रंगारंग कार्यक्रम के साथ-साथ पेंटिंग ,आर्ट एंड क्राफ्ट ,क्रिकेट आदि गतिविधियों में छात्र छात्राओं ने भाग लिया। द्वितीय दिन रैंप वॉक,एक्टिंग तथा फन एक्टिविटी में छात्र छात्राओं ने भाग लिया जिसमे पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों में प्रथम स्थान में अनुषा ,जिया,खुशी,तनु ,वर्षा और दक्षा ने बाजी मारी तथा क्रिकेट में क्लास नौ के बच्चों ने बाजी मारी रैंप वॉक में क्लास तीन के बच्चों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## प्रखंड कार्यालय परिसर में दिव्यांग जांच शिविर का हुआ आयोजन



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा शिक्षा विभाग द्वारा प्रखंड कार्यालय परिसर में समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत गुरुवार को दिव्यांग बच्चों के जांच शिविर का आयोजन किया गया जांच शिविर का शुभारंभ चैनपुर अनुमंडल भूमि सुधार उपसमाहर्ता कंचन सिंह, बीडीओ दिनेश कुमार और दिव्यांग बच्चों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र के कोई विद्यालयों से आए 3 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिब्यांग बच्चों का जांच किया गया इसके साथ ही पूर्व सर्वे में किए गए दिव्यांग बच्चों के उपकरण का वितरण भी किया गया जिसमें शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों के कैलीपर,नही सुनाई देने पर कान में लगाने वाली मशीन, ब्रायन लिपि,दिब्यंग रिक्सा वह अन्य कोई उपकरण का वितरण किया गया मौके पर चैनपुर भूमि सुधार उपसमाहर्ता कंचन सिंह ने कहा कि दिव्यांग बच्चों का सम्मान सर्वोपरि है बच्चों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना सरकार की पहली प्राथमिकता है। बच्चों के बीच उपकरण मिलने से बच्चे इसका उपयोग कर सकेंगे। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि जांच शिविर होने से दिव्यांग बच्चों की पहचान होती है और उन्हें लाभान्वित करने के लिए हर दिशा में पहल की जाती है। वही शिविर में जांच के माध्यम से कमल कुमार तृप्ति कुमारी,विजय कुमार, सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक संपन्न

**गुमला।** जिला अंतर्गत स्थित भरनो बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदाता पुनरीक्षण कार्य से संबंधित सभी राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया ।इस निमित उन्होंने कहा कि नए मतदाताओं का नाम जोड़ने,नाम हटाने ,मतदाता त्रुटि में सुधार,मतदान केंद्रों को व्यवस्थित करने एवं मतदान प्रतिशत को बढ़ाने में सभी दलों को सहयोग जरूरी है ।बीते लोकसभा चुनाव में प्रखण्ड के कई पंचायतों में 60 % से कम मतदान हुआ है ।मारासीली पंचायत में सिर्फ 37.48 % ही मतदान हुआ जो काफी दुखद है ।आप सभी दलों के लोग ऐसे पंचायतों में मतदाताओं को जागरूक करने में प्रशासन का सहयोग करें ।बैठक में जर्जर हो चुके ओमेसेरा स्थित बूथ संख्या 185 को जौली विद्यालय में शिफ्ट करने का प्रस्ताव पारित किया गया ।साथ ही पलायन और नशापान को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का प्रस्ताव पारित किया गया ।बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष आशीषनाथ शाहदेव,वरिष्ठ कांग्रेसी पतित पावन शाही,मीडिया प्रभारी सुनील रवि, हाकीम खान,मीर दुबराज, झामुमो कार्यकर्ता शमसाद खान,सोबराती अंसारी, शकीम अंसारी,भाजपा अध्यक्ष संतोष पांडा,नेसार खान एवं निर्वाचन से मनिता कुमारी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## छुटे लोगों का वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने को घर-घर दस्तक देंगे भाजपाई

**जमशेदपुर।** राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले प्रत्येक मतदाता तक अपनी पहुंच बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे. इस अभियान के जरिये भाजपा कार्यकर्ता युवाओं और प्रत्येक बूथ पर नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ने में सहयोग करेंगे। साथ ही दिवंगत मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची से बाहर कराने में सहयोग करेंगे। इसके लिए कार्यककताओं को बूथों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसको लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला पदाधिकारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्षों की बैठक जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा की अध्यक्षता में साकची स्थित जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में आगामी कार्यक्रम जैसे एक पेड़ मां के नाम, पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात, जलस्त्रोतों को प्लास्टिक मुक्त बनाने जैसे अन्य कार्यक्रमों की व्यापक सफलता की रूपरेखा बनाई गई। मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग के लिए भाजपा ने अंजन सरकार, मोबाइल नंबर: 7004650457 को हेल्पलाइन नंबर के रूप में जारी किया।

# भू- माफियाओं ने जालसाजी कर बेची नदी की जमीन

### प्रशासन ने बुलडोजर चलवाकर कराया अतिक्रमण मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



शहर के बक्सीडीह मौजा में सदर अंचल के सीओ मोहम्मद असलम के नेतृत्व में खाता नम्बर 7 प्लॉट नम्बर 262 छछंदो नदी की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए जेसीबी लगाकर कई निमार्णाधीन बाउंड्री वॉल को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रही, अतिक्रमण मुक्त की कार्यवाही के कारण इलाके में कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल हो गया। जिन लोगों के कब्जे वाली जमीन पर जेसीबी चलाई गई उन लोगों ने इसका विरोध भी किया, हालांकि सरकारी जमीन रहने के कारण सीओ मोहम्मद असलम ने कागजी करवाई पूरा करने के बाद जेसीबी चलाने की बात कही। इस दौरान लगभग 22 लोगों के कब्जे वाली जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जबकि अभी भी कुछ लोगों के अंदर खाता नंबर 7 प्लॉट नंबर 262 छछंदो नदी की जमीन कब्जे में है जिसको अभी तक खाली नहीं करवाया गया है इस पर मोहम्मद असलम ने कहा कि कुछ लोगों की संदिग्ध जमाबंदी रहने के कारण उनका अलग से संचिका खोलकर सुनवाई के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बक्सीडीह मौजा में नदी किस्म की जमीन को कुछ भू-माफिया के द्वारा जालसाजी कर बेच दिया गया था। जिसकी शिकायत मिलने के बाद नदी किस्म की जमीन पर बसे सभी लोगों को नोटिस दिया गया था और सभी से उनका पक्ष जानने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

अतिक्रमण मुक्त कार्यवाही के दौरान जिन लोगों का बाउंड्री वॉल ध्वस्त किया गया उनमें से एक दिलीप कुमार दास ने बताया कि 20 वर्ष पहले उन्होंने बक्सीडीह के ही रहने वाले धर्मेंद्र सिन्हा ,ललन सिन्हा बबन सिन्हा से रजिस्ट्री केवाला के द्वारा जमीन खरीदी थी। उस वक्त से वह इस जमीन पर दखलकार हैं रैयती जमीन बताकर इन लोगों ने यह जमीन बेची थी। सीओ मोहम्मद असलम ने कहा कि अतिक्रमण की कार्यवाही के दौरान कुछ ऐसे मामले प्रकाश में आए हैं कि जमीन माफियाओं ने रैयती प्लॉट दिखाकर क्रेताओं को नदी के जमीन पर कब्जा दे दिया था। ऐसे जमीन माफिया के खिलाफ क्रेता कानूनी कार्रवाई करें वहीं उन्होंने आम शहर वासियों से भी जमीन माफियाओं के इस कृत्य से बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब भी वह शहर में जमीन खरीदे तो जांच पड़ताल अवश्य कर लें।

# विभिन्न ग्रामों तक जाने के लिए 23 नए पहुंच पथ का किया जाएगा निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से जिला अंतर्गत वैसे गांव जहां की सड़के जर्जर अवस्था में है एवं ग्रामीणों को आवागमन के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, वैसे क्षेत्रों का सर्वे कराने के पश्चात उपायुक्त के द्वारा केंद्र सरकार को प्राक्लन तैयार कर भेजा गया था। जिसके पश्चात पहले चरण में जिले के 23 ग्रामों के जर्जर मार्गों का निर्माण कराने हेतु केंद्र सरकार के द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है एवं राज्य सरकार के द्वारा टेंडर भी जारी की गई है जिसकी अंतिम तिथि 11 जुलाई तक की है।

**इन ग्रामों तक जाने के लिए नई सड़को का किया जाएगा निर्माण**

गुमला जिला अंतर्गत 23 ग्रामों तक पहुंचने के लिए पहुंच पथ का निर्माण किया जाएगा जिसकी कुल लंबाई 76.75 किलो मीटर की होगी।

**जिले के कुल 23 नए पथ निर्माण में यह ग्राम शामिल होंगे**

बिशुनपुर प्रखंड अंतर्गत टूटूवाकुजाम रोड से भट्टीपथ तक जाने के लिए कुल 2.450 कि.मी का पहुंच पथ निर्माण करवाया जाएगा। इसी प्रकार ब्रह्मदेव हकाजंग से तिरकोना वंदरकोना (बेठत) तक कुल 3 किलो मीटर, टूटूवाकुजम से छतासराय तक 1.050 किलो मीटर, टूटूवाकुजम जवाडीह तक कुल 0.76 किलो मीटर, रेसीडेंशियल स्कूल शकुवापानी से पोलपोलपाठ तक कुल 3.910 किलो मीटर के पथ का निर्माण किया जाएगा। वहीं चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मरवा कुकरूंजा रोड से चापाझरिया तक कुल 0.750 किलो मीटर, कोटियापाठ से ग्रहपाठ असुरटोली तक कुल 3.400 किलो मीटर, बारीडीह से पाकरकोना तक 4.050 किलो मीटर, डुमरी से केवना तक कुल 2.750 किलो मीटर, मलम से कटरीकोना-असुरटोली रोड से कुलहुकोना असुरटोली तक 2.350 किलो मीटर, लुरु कुटमा रोड से कुटवान असुरटोली तक कुल 0.700 किलो मीटर, बसना रोड से तिलवरीपाठ असुरटोला तक कुल 3.150 किलो मीटर, कुकरुंजा से हल्दीकोना तक कुल 1.30 किलो मीटर के सड़क का निर्माण किया जाएगा।

डुमरी प्रखंड अंतर्गत कुदार कोरवाटोली तक 2.500 किलो मीटर, डुमरी मुख्य मार्ग से लिट्याछुहा कोरवाटोला तक कुल 5.400 किलो मीटर, धोबारी रोड से ऊरिकोना बंदकोना तक कुल 1.500 किलो मीटर , डुमरटोली से डूमपार्नी कोरवाटोली तक कुल 3.800 किलो मीटर तक का पहुंच पथ निर्माण किया जाएगा।

## गुमला विज्ञान केंद्र के दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से गुमला जिले के विज्ञान केंद्र में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अहमदाबाद में स्थित आई.आई.टी गांधीनगर के संज्ञानात्मक एवं मस्तिष्क विज्ञान के प्रोफेसर, प्रो. जैसन जयमंगले के द्वारा जिला विज्ञान केंद्र में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के आज दूसरे दिन में मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गुमला तथा एस एस बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं के साथ जीवन में उत्कृष्टता के साथ नई ऊंचाइयों को छूने के निमित झिझक छोड़कर जिज्ञासा के साथ ज्ञान की अवधारणा समझने के लिए क्या, क्यों और कैसे पर जोर देते हुए प्रश्न पूछने तथा जिज्ञासु प्रवृति के साथ बड़ा लक्ष्य निर्धारित करते हुए निरंतर छोटे-छोटे स्तर से होकर बड़ा कार्य करने पर बल दिया गया ।

## विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति की राशि न हो लंबित

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया-प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एंव पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि लम्बित नहीं हो अथवा किसी कारण से छात्रवृत्ति का लाभ से वंचित नहीं हो इसके लिये प्रखंड कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय शिविर गुरुवार को प्रारम्भ किया गया। इसमें विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र,आधार कार्ड,जाति, आवासीय,आय प्रमाण पत्र हेतु आवेदन लिया गया। इस शिविर में एलआरडीसी शेखर कुमार,सीओ नरेश मुंडा,बीडीओ सुप्रिया भगत,बीपीओ अनुपम कुमार शामिल थे। शिविर पर पहला दिन 83 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# निबंधित मजदूरों के मेधावी पुत्र-पुत्री को मिलेगी 50 हजार रुपये तक की छात्रवृती : श्रम अधीक्षक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

निबंधित मजदूरों के मेधावी पुत्र-पुत्री को मिलेगी 5 से 50 हजार रुपये तक छात्रवृति। इस संबंध में श्रम अधीक्षक दीप्ति लॉरी तिर्की ने बताया कि झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में से निबंधित मजदूरो के मेधावी पुत्र-पुत्री को छात्रवृति मिलेगी।उसके लिए श्रम विभाग ने श्रमिकों से ऑनलाईन आवेदन मांगा है।

आवेदन को वैबसाइट श्रमदान.झारखंड.जीओभी.इन के माध्यम से एक सप्ताह के अन्दर जमा करा सकते है। योजना के तहत प्रारंभिक शिक्षा से स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। कक्षा 1 से 8वीं तक को पांच हजार रुपए छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके लिए 1 से 5वीं तक को छोड़कर किसी भी परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अथवा द्वितीय श्रेणी से पास होना चाहिए एवं कक्षा 9वीं से 12वीं तक को दस हजार रुपये मिलेगी। साथ ही किसी भी प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर पाठ्यक्रम में प्रवेश करने वाले बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इसी तरह स्नातकोत्तर तक के विद्यार्थियों के लिए भी आवेदन लिया जा रहा है। हालांकि आवेदन केवल वही निबंधित श्रमिक कर पाएंगे जिनका रजिस्ट्रेशन डाटा श्रमाधान पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड किया हुआ है। ऑफलाईन डाटा वाले श्रमिकों के मेधावी बच्चे योजना के लाभ से वंचित रह सकते है। कहा कि दरअसल लोहरदगा जिले में 12387 श्रमिक ऑनलाईन निबंधित है जिसमें से कुल 4570 श्रमिकों का आधार वेरिफाइड है। बताया कि यूजी-पीजी को 20 हजार और मेडिकल इंजीनियर को 50 हजार रुपए, स्नातक (यूजी) से स्नातकोत्तर (पीजी) तक के विद्यार्थियों को 20 हजार रुपए छात्रवृति प्रदान की जायेगी। वही डिप्लोमा सहित अन्य समकक्ष पाठ्यक्रम के छात्र,छात्राओं के लिए भी आवेदन किया जा सकता है।

जबकि इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को 50 हजार रुपए छात्रवृत्ति दी जायेगी। श्रम अधीक्षक ने बताया कि अधिकतम दो बच्चों के लिए आवेदन कर सकते है। वेबसाइट पर ही बीओसीडब्लू के अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं में से किसी एक का ही एक बार में चयन संभव है। ऐसे में मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृति योजना का चयन करना होगा।

## उपायुक्त ने नये सामुदायिक वन पट्टा के लक्ष्य को पूर्ण करने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में गुरूवार को विकास समन्वय एवं आंतरिक संसाधन की बैठक समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभागों की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। सर्वप्रथम मनरेगा योजनाओं की समीक्षा की गई। मनरेगा की योजनाओं में दीदी बाड़ी योजना, पशु शेड योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना आदि की समीक्षा की गई। वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में शेष लंबित योजना के लिए भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। अबुआ आवास योजना की समीक्षा में आवास निर्माण के स्थिति की समीक्षा और लाभुक को हस्तांतरित किश्त की समीक्षा की गई। पीएमजनमन योजना में किस्को और पेशरार में प्राप्त लक्ष्य और उपलब्धि की समीक्षा की गई। आइटीडीए परियोजना निदेशक अगले 15 दिनों में वन प्रमण्डल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर नये सामुदायिक वन पट्टा के लक्ष्य को पूर्ण करने का निदेश दिया गया। जिला में एससी व पिछड़ा वर्ग महिला छात्रावास के लिए प्रस्ताव भेजे जाने का निदेश दिया गया। भूमि सुधार उप समाहर्ता को नये आंगनवाड़ी भवनों के लिए भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। लोहरदगा बाईपास रोड और कुडू-घाघरा पथ के चौड़ीकरण में आवश्यक निदेश भू-अर्जन पदाधिकारी और संबंधित अंचल अधिकारियों को दिये गये। नगर परिषद के द्वारा निर्माण होनेवाले फुटबॉल स्टेडियम के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता को भूमि चिन्हित किये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, आइटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग समेत सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

## कोई भी गांव और पंचायत योजना विहीन न रहे : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

प्रत्येक ग्राम पंचायत में लोगों को रोजगार के अवसर मिलें, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का संचालन करते हुए मानव दिवस सृजन को बढ़ावा दें. कोई भी गांव और पंचायत योजना विहीन नहीं होने चाहिए। प्रत्येक ग्राम व पंचायत में कम से कम पांच योजनाओं का जरूर संचालन किया जाये। यह निर्देश उपायुक्त अनन्य मित्तल ने जिले के सभी बीडीओ को दिया है। वह गुरुवार को समाहरणालय सभागार में ग्रामीण विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि 15वें वित्त की राशि शत-प्रतिशत खर्च सुनिश्चित करना है। पंचायत भवन में निर्धारित समय में कर्मचारी उपस्थित रहें तथा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायें तथा योजनाओं से जोड़ें। उपायुक्त ने कहा कि वैसे सरकारी स्कूल या आंगनबाड़ी केन्द्र जहां पेयजल और विद्युत आपूर्ति की समस्या हो, वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित विभागीय पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्या का निदान करें।

साइकिल वितरण की समीक्षा में के क्रम में उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया कि जितनी जल्द हो आठवीं कक्षा में नामांकित सभी बच्चों को साइकिल उपलब्ध करायें। तत्पश्चात उसकी रिपोर्ट सौंपें। बैंक खाता में किसी प्रकार की त्रुटि से छात्रवृत्ति की राशि छात्रों को नहीं मिल पा रही हो तो इसका बैंकों से समन्वय बनाते हुए निदान करें। उन्होंने छात्रों को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के बारे जागरूक करने का भी निर्देश दिया, ताकि 12वीं कक्षा के बाद वे उच्च शिक्षा के लिए इसका लाभ ले सकें। पीएम-एभीएम योजना के तहत भवन विहीन स्वास्थ्य उप केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अन्य स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण कार्य पर बैठक में चर्चा की गई।

## न्यूज | बॉक्स

### आजसू ने बीडीओ एवं अंचल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित आजसू पार्टी गुमला जिला कमिटी के द्वारा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को संयुक्त रूप से ज्ञापन दिया गया।

**ज्ञापन के माध्यम से निम्नलिखित बिन्दुओ पर ध्यान आकृष्ट कराया गया :-**

1.जमीन संबंधी दाखिल खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदनों का अभिलंब निष्पादन किया जाए तथा पंजी 2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए, 2 वर्तमान में अबूआ आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लाई जाए तथा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिले, 3 मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र किया जाए ताकि वर्षा से पहले कार्य को पूर्ण किया जा सके, 4 छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु जाति आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में शीघ्रता लाई जाए ताकि गरीब एवं निर्धन परिवार के अध्यनरत छात्राएं- छात्र छात्रवृत्ति से वंचित न हो, 5 सभी किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए ताकि खेती पर निर्भर रहने वाले किसानों को समुचित लाभ हो सके, 6 प्रखंड में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है अतः भीषण गर्मी को देखते हुए प्रखंड में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, 7 प्रखंड / अंचल कार्यालय में पदस्थापित समस्त कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियमानुसार सुनिश्चित किया जाए ताकि सुदूरवर्ति ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामवासियो का कार्य सफलतापूर्वक हो सके। 8 सरकारी योजना में झारखंड आंदोलनकारी एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाए, 9 सभी पेंशनधारियों का भुगतान नियमित एवं निर्बाध रूप से किया जाए, 10 सभी राशन कार्ड धारी को राशन समय पर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा राशन में कटौती बंद किया जाए, 11 खराब पड़े सभी चपकलों को जल्द से जल्द ठीक किया जाए। आजसू पार्टी गुमला उपरोक्त बिंदुओं पर अभिलंब क्रियान्वयन एवं कार्रवाई हेतु मांग करती है। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव गोपीनाथ सिंह, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, जिला महासचिव आनंद गुप्ता, मिन्हाज खान, विकास अग्रवाल, बोनीफास कुजूर, राहत अफजा, मेघनाथ साहू, गोलु श्रीवास्तव, अजय भगत मोती, आमिर खान शामिल थे।

### आंगनबाड़ी सेविका चयन के मुद्दे पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा प्रखंड के सिंहपुरा पंचायत अंतर्गत माकड़ी टोला धातकीडीह निवासी सबर जनजाति के लोगों ने गुरुवार को आंगनबाड़ी केंद्र के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया. ग्रामीण धातकीडीह टोला की शिक्षित महिला को ही आंगनबाड़ी सेविका के रूप में चयन करने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के मुताबिक पहले आंगनबाड़ी केंद्र धातकीडीह टोला में था। बाद में माकड़ी मुख्य गांव में बना दिया। इसके कारण लगभग दो किलोमीटर की दूर मेढ़ और झाड़ियों से होकर जाना पड़ता है। इसके कारण सबर जनजाति के छोटे बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र नहीं जा रहे हैं। धातकीडीह टोला से ही अधिक बच्चे आंगनबाड़ी में नामांकित हैं।

# जमीन विवाद : आपस में भिड़े दो पक्ष

### एक दूसरे पर लगाया जमीन कब्जा करने का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



जिले के बिरनी थाना इलाके के खरखरी पंचायत स्थित मरगोड़ा गांव में गुरुवार को जमीन के टुकड़े को लेकर दो गोतिया आमने-सामने हो गए. इस दौरान दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। मारपीट की घटना में दोनों ओर से 10 लोग चोटिल हुए। घटना के बाद दोनों पक्ष के लोग पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया। इस बाबत एक पक्ष के उमेश साव ने बताया कि एक केवाला में 10 डिसमिल जमीन है। जिसमें उसके चाचा शनिचर साव घर बना चुके हैं। वहीं खाली पड़ी 5 डिसमिल जमीन उसकी है। इसी बीच आज उसके चाचा जमीन पर बाउंड्री वाल का काम लगाया। काम होता देख जब वह पूछने गया तो उसके चाचा शनिचर साव, भीम साव, भवानी साव, प्रदीप साव, टुकनी देवी, अजंती देवी अदि ने उनलोग पर मिर्च पाउडर छिड़क कर लाठी डंडे, रड से वार कर दिया। घटना में उमेश साव, अरुण कुमार साव, नकुल कुमार साव, बालेश्वर साव, गायत्री देवी घायल है। मामले को लेकर दूसरे पक्ष भीम साव ने बताया कि उमेश साव आदि दबंग किस्म का व्यक्ति है। उसने मेरी जमीन पर कब्जा किया तो मैंने उसके जमीन पर कब्जा किया। जमीन विवाद को लेकर पहले भी पंचायत आदि की जा चुकी है, लेकिन वह किसी की बात नहीं सुनता है।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा**

**मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिये राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती से संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिला के प्रखण्ड–कुडु, भण्डरा, कैरो एवं लोहरदगा के सक्रिय मत्स्य जीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग के जिला–लोहरदगा अंतर्गत कुल 63 राजस्व जलकरों का वार्षिक सुरक्षित जमा निर्धारण कराया गया है। इनकी वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक तीन वर्षों के लिये मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती दी जानी है।

जलकरों की बन्दोबस्ती लेने के इच्छुक मत्स्य जीवी सहयोग समितियाँ जो झारखण्ड सहकारिता अधिनियम, 1935 एवं झारखण्ड स्वावलंबी सहकारिता समितियाँ अधिनियम, 1996 के अंतर्गत निबंधित हैं से बिहार सरकार, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के पत्रांक–114, दिनांक–18.01.1992 एवं झारखण्ड सरकार, सहकारिता विभाग के पत्रांक–1410, दिनांक–29.06.2011 के आलोक में वांछित कागजात के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। जलकरों की सूची कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य है:–

1. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ / जिला सहकारिता पदाकिारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. समिति के अद्यतन लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
3. समिति के आम सभा की बैठक की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. कार्यकारिणी समिति का चुनाव से संबंधित कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व का सरकारी बकाया नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र।
6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
7. पूर्व में बन्दोबस्ती ली गई जलकरों की समिति के सदस्यों को वितरण से संबंधित प्रतिवेदन।
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, लोहरदगा द्वारा निर्गत समिति के सदस्यों की सदस्य सूची।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्य जीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में स्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बन्दोबस्ती की सभी अहर्त्ताएँ पूरी करती हों तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति को जलकर की बन्दोबस्ती दी जाएगी।

बन्दोबस्ती का प्रस्ताव उपरोक्त वांछित कागजातों के साथ दिनांक 13.07.2024 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में प्राप्त किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगा उनके खुला डाक से बन्दोबस्ती की प्रकिया प्रारम्भ की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 327867 Fish(24-25).D

# महंगाई, बेरोजगारी और कृषि क्षेत्र की चुनौतियां और सरकार

***मोदी*** सरकार को स्वाभाविक रूप से महंगाई, बेरोजगारी के अलावा कृषि क्षेत्र से चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिस कारण अपने तीसरे कार्यकाल में कृषि परिदृश्य को संवारने की रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। 18 जून को किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त भेजी, तो 19 जून को खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को बढ़ाया है। नई सरकार के सामने कृषि, ग्रामीण विकास, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, घटी हुई कृषि विकास दर, गेहूं भंडारण में कमी, खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने और खाद्य उत्पादों की बबार्दी रोकने और किसानों के असंतोष की चुनौतियां दिखाई दे रही हैं। वित्तीय वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रही, वहीं कृषि विकास दर महज 1.4 फीसदी ही रही है। वर्ष 2023-24 में 3,280 लाख टन उत्पादित खाद्यान्न इसके पूर्ववर्ती वर्ष के रिकॉर्ड 3,290 लाख टन से कम है। एक साल में गेहूं की कीमतें 8-10 फीसदी बढ़ी हैं। अप्रैल 2024 में देश के गोदामों में गेहूं का भंडार घटकर 75 लाख टन रह गया है, जो पिछले 16 साल में भंडारण का सबसे निचला स्तर है। सरकार 1 जून, 2024 तक करीब 266 लाख टन गेहूं खरीद चुकी है, लेकिन लक्ष्य 372 लाख टन है। ऐसे में गेहूं आयात की स्थिति निर्मित हो रही है। खाद्य वस्तुओं की ऊंची दर आम आदमी की बड़ी चिंता बन गई है। यद्यपि मई 2024 में खुदरा महंगाई दर 4.75 प्रतिशत के साथ पिछले 12 माह के निचले स्तर पर पहुंच गई है, लेकिन खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 8.69 प्रतिशत की ऊंचाई पर स्थित है। निस्संदेह कृषि एवं ग्रामीण विकास की विभिन्न चिंताओं के मद्देनजर ही प्रधानमंत्री मोदी ने पदभार संभालने के बाद अपना सबसे पहला कदम किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र की प्रतिबद्धता की डगर पर आगे बढ़ाया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का अनुमान है कि इस वर्ष मानसून अच्छा रहेगा। यह नई सरकार के लिए अच्छा संकेत है। प्रमुख मौसम एजेंसी स्काईमेट और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा कहा गया है कि इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून के अच्छे रहने से कृषि गतिविधियों में तेजी आएगी। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अनुसंधान विभाग के मुताबिक, अच्छे मानसून से दाल, तिलहन, अनाज का उत्पादन बढ़ेगा और इनकी कीमतें कम होंगी। महंगाई के प्रबंधन के लिहाज से खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य उपजों की बबार्दी रोकने से महंगाई पर अंकुश लगेगा। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के खाद्य फसलों की बबार्दी संबंधी आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल करीब 15 फीसदी खाद्य उत्पादन नष्ट हो जाता है। इतनी ही बबार्दी फल और सब्जियों की होती है। कृषि भंडारण के बुनियादी ढांचे में सुधार से कृषि उपज बबार्दी को कम करने में मदद मिल सकती है। देश की अधिक शीत भंडार गृह और प्रशीतन सुविधाओं की दिशा में आगे बढ़ना होगा। भारत में करीब 30 फीसदी सड़कें कच्ची हैं, जिससे कृषि पैदावार को मंडियों तक ले जाने में काफी समय लगता है। इससे कुछ पैदावार खराब हो जाती है, जिसका असर कीमतों पर पड़ता है। इसलिए फसल बबार्दी रोकने पर जोर देना चाहिए। देश में खाद्यान्न भंडारण की क्षमता फिलहाल 1,450 लाख टन की है, उसे अगले पांच वर्षों में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2,150 लाख टन किए जाने के लक्ष्य को प्राप्त करके ग्रामीण भारत में अभूतपूर्व खाद्यान्न भंडारण व्यवस्था के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि क्षेत्र का अनुभव रखने वाले शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण के साथ ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा सौंपा है। हम उम्मीद कर सकते हैं कि देश में प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर खाद्य पदार्थों की बबार्दी को कम करने, कृषि में मशीनीकरण को बढ़ाए जाने, जलवायु अनुकूल कृषि-खाद्य प्रणाली अपनाने, अधिक ग्रामीण कच्ची सड़कों को मंडियों से जोड़ने, कृषि भंडारण के बुनियादी ढांचे में क्षमता सुधार जैसी नीतिगत प्राथमिकताओं के साथ-साथ आपूर्ति शृंखला में सुधार से खाद्य फसलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव को रोकने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ा जाएगा। किसानों के असंतोष का निराकरण करने और उनकी आमदनी बढ़ाने की रणनीति पर भी नई सरकार से काम करने की आशा व्यक्त की जा सकती है।

इन दिनों

# परीक्षा के प्रति निष्ठा सुनिश्चित करना: सरकार की त्वरित कार्रवाई और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता



प्रो. हिमांशु राय

***प्रतियोगी*** परीक्षाओं की निष्ठा के बारे में बढ़ती चिंताओं के जवाब में, हमारी सरकार ने मुद्दों के समाधान के लिए तेजी से निर्णायक कार्रवाई की है। एनईईटी पीजी परीक्षा को स्थगित करने, छह शहरों में एनईईटी यूजी की पुनर्परीक्षा के दौरान पेपर लीक के आरोप तथा हाल ही में यूजीसी नेट के पेपर लीक होने जैसी घटनाओं ने इन महत्वपूर्ण परीक्षाओं की निष्पक्षता और विश्वसनीयता के बारे में देश भर के छात्रों के बीच गंभीर संदेह पैदा कर दिया है। भारत सरकार के सक्रिय कदमों में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के शीर्ष नेतृत्व को बदलना और विशेषज्ञ समितियों की स्थापना करना शामिल हैं, जो विश्वास बहाल करने और परीक्षा प्रक्रिया की निष्ठा सुनिश्चित करने के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। ये कार्य केवल तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करने के बारे में नहीं हैं, बल्कि ये कदम सभी छात्रों में विश्वास को फिर से बहाल करने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के संदर्भ में दीर्घकालिक रणनीति का भी संकेत देते हैं। परीक्षा का पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने एक उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति का लक्ष्य दो महीने के भीतर कार्रवाई योग्य सिफारिशें देना है, जो परीक्षा प्रक्रियाओं में सुधार करेगी, डेटा सुरक्षा के तौर-तरीकों को बेहतर बनायेगी और भविष्य में उल्लंघनों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा के लिए एनटीए को प्रभावी रूप से पुनर्गठित करेगी। इसके अलावा, सीबीआई की भागीदारी एक गहन, निष्पक्ष जांच के प्रति कटिबद्धता को दशार्ती है, जो न केवल जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी, बल्कि उन प्रणालीगत कमजोरियों को भी उजागर करेगी, जिनकी वजह से इस तरह के उल्लंघन होते हैं। इसके अतिरिक्त, सरकार ने अनुचित प्रथाओं को रोकने और संभावित गलत काम करने वालों में भय पैदा करने के लिए सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम पेश किया है। इस अधिनियम में, परीक्षा की सत्यनिष्ठा से समझौता करने के दोषी पाए जाने वालों के लिए 1 करोड़ रुपये तक के जुर्माने और 10 साल तक की कैद सहित कठोर दंड का प्रावधान किया गया है। ये कठोर उपाय, एक मजबूत निवारक संदेश देने और सार्वजनिक परीक्षाओं की पवित्रता को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। तत्काल कार्रवाई ठोस और आवश्यक है, जबकि परीक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक सुरक्षा और निष्ठा सुनिश्चित करने के लिए आगे के कदम महत्वपूर्ण हैं। ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए, अत्याधुनिक एन्क्रिप्शन तकनीकों और बहु-स्तरीय

**भारत सरकार के सक्रिय कदमों में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) के शीर्ष नेतृत्व को बदलना और विशेषज्ञ समितियों की स्थापना करना शामिल हैं, जो विश्वास बहाल करने और परीक्षा प्रक्रिया की निष्ठा सुनिश्चित करने के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। ये कार्य केवल तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करने के बारे में नहीं हैं, बल्कि ये कदम सभी छात्रों में विश्वास को फिर से बहाल करने और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के संदर्भ में दीर्घकालिक रणनीति का भी संकेत देते हैं। परीक्षा का पारदर्शी, सुचारु और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने एक उच्च-स्तरीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति का लक्ष्य दो महीने के भीतर कार्रवाई योग्य सिफारिशें देना है, जो परीक्षा प्रक्रियाओं में सुधार करेगी, डेटा सुरक्षा के तौर-तरीकों को बेहतर बनायेगी और भविष्य में उल्लंघनों के खिलाफ बेहतर सुरक्षा के लिए एनटीए को प्रभावी रूप से पुनर्गठित करेगी।**

प्रमाणीकरण को लागू करने से अनधिकृत पहुंच से सुरक्षा मिल सकती है। परीक्षा-पेपर के निर्माण से लेकर मूल्यांकन तक निगरानी करने और इसे सुरक्षित करने के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग किया जा सकता है, ताकि किसी भी छेड़छाड़ का तुरंत पता लगाना सुनिश्चित किया जा सके। पारंपरिक, ऑफलाइन परीक्षाओं के लिए, हर चरण में कड़े सुरक्षा उपाय महत्वपूर्ण हैं। इनमें परीक्षा सामग्री के लिए छेड़छाड़-रोधी पैकेजिंग, सुरक्षित परिवहन और सभी रख-रखाव बिंदुओं पर कड़ी जांच शामिल हैं। लॉजिस्टिक्स के लिए वास्तविक-समय पर जीपीएस निगरानी तथा डिजिटल वॉटरमार्किंग का उपयोग करना भी पेपर-लीक के जोखिम को काफी हद तक कम कर सकता है। एआई-संचालित निरीक्षण प्रणाली का उपयोग करके परीक्षाओं की निगरानी को बेहतर किया जा सकता है, जिससे धोखाधड़ी की संभावना भी कम हो जायेगी। बायोमेट्रिक सत्यापन यह सुनिश्चित कर सकता है कि उम्मीदवार वही हैं, जो वे होने का दावा कर रहे हैं। इससे परीक्षा प्रक्रिया में सुरक्षा की एक और परत जुड़ जायेगी। इसके अतिरिक्त, स्वतंत्र निकायों द्वारा लगातार व गहन ऑडिट आयोजित करने से परीक्षा प्रक्रिया के भीतर कमजोरियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। पारदर्शी और नियमित समीक्षा सुनिश्चित करती है कि सुरक्षा प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है और किसी भी विसंगति का तुरंत समाधान किया जा सकता है। डिजिटल लॉक की भविष्य की विफलताओं को रोकने के लिए कठोर रखरखाव कार्यक्रम और बैकअप व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, ताकि परीक्षा पुस्तिका बॉक्स को हाथों (भौतिक रूप से) से खोलना न पड़े और प्रश्नपत्र वितरित करने में देरी न हो। रखरखाव की नियमित जांच से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि परीक्षा से पहले डिजिटल लॉक पूरी तरह कार्यात्मक हैं। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को पर्यवेक्षण के तहत हाथों से खोलने के सुरक्षित तौर-तरीकों से जुड़ी आपातकालीन प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। ये उपाय व्यवधानों को कम करने और परीक्षा की सत्यनिष्ठा को बनाए रखने में मदद करेंगे। निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के गुणों पर जोर देने वाली निष्ठा कार्यशालाएं तथा छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और नीति-निर्माताओं के साथ नियमित संवाद आदि, ऐसे सक्रिय उपाय हैं, जो परीक्षा के प्रति निष्ठा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकती हैं। इन चर्चाओं में हितधारकों को शामिल करने से एक सतर्क समुदाय का विकास होगा, जिससे उत्तर कुंजियों तक किसी भी अनधिकृत पहुंच से सुरक्षा मिलेगी। ये पहल न केवल तत्काल चिंताओं को दूर करती हैं, बल्कि परीक्षा प्रक्रिया के दीर्घकालिक सुधारों के लिए आधार भी तैयार करती हैं। एनटीए के तहत विभिन्न परीक्षाओं के लिए सालाना 10 मिलियन से अधिक छात्र पंजीकरण कराते हैं। केवल 2023 में 12.3 मिलियन उम्मीदवारों के साथ, एनटीए विश्व स्तर पर परीक्षा आयोजित करने वाली संस्थाओं में अग्रणी है। यह विशाल भागीदारी भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को स्वरूप प्रदान करने में परीक्षाओं की प्रभावशाली भूमिका को रेखांकित करती है। इन संख्याओं और भारत की प्रसिद्ध शिक्षा प्रणाली के मद्देनजर, सरकार के सक्रिय उपाय सराहनीय और दूरगामी हैं, जिनका उद्देश्य दीर्घकालिक निष्ठा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है। ये कार्य न केवल तात्कालिक चुनौतियों का समाधान करेंगे, बल्कि लाखों छात्रों के सपनों और आकांक्षाओं की सुरक्षा के लिए एक ठोस आधारशिला भी रखेंगे। यह दृष्टिकोण आने वाली पीढ़ियों के लिए निष्पक्षता और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए शैक्षिक प्रणाली में विश्वास को मजबूत करने का वादा करता है। भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं का भविष्य; निष्पक्षता और दक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में तैयार की गई अभिनव रणनीतियों पर टिका है। जैसे-जैसे डिजिटल तकनीकें शिक्षा को आकार दे रही हैं, मजबूत डिजिटल सुरक्षा उपायों को अपनाना एक महत्वपूर्ण अनिवार्यता हो गयी है। ऑनलाइन परीक्षाओं के लिए अत्याधुनिक एन्क्रिप्शन प्रोटोकॉल और कठोर प्रमाणीकरण व्यवस्था का कार्यान्वयन साइबर खतरों और अनधिकृत पहुंच के खिलाफ एक मजबूत बचाव होगा। यह सक्रिय दृष्टिकोण न केवल मूल्यांकन की निष्पक्षता की रक्षा करता है, बल्कि हितधारकों के बीच विश्वास भी विकसित करता है। डेटा विश्लेषण और पूवार्नुमान आधारित मॉडलिंग में प्रगति को अपनाने से परीक्षा लॉजिस्टिक्स एवं संसाधन आवंटन को और अधिक अनुकूल बनाया जा सकता है। इनके जरिये प्रशासनिक व्यवस्था को निर्बाध बनाया जा सकेगा और परिचालन चुनौतियों को कम किया जा सकेगा। तकनीकी प्रगति और शैक्षिक प्राथमिकताओं के समन्वय के साथ, भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं का परिदृश्य, सुव्यवस्थित प्रक्रियाओं और बेहतर विश्वसनीयता पर आधारित होगा। इन दूरदर्शी रणनीतियों का पालन करके, शैक्षिक परिदृश्य निष्पक्षता, पारदर्शिता और उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रख सकता है, जिससे अंततः छात्रों की आकांक्षाओं और देश की शैक्षिक प्रणाली की निष्ठा को लाभ होगा। **- निदेशक, आईआईएम इंदौर**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## आपकी बात



### विस्तार की आवश्यकता

मेदिनीनगर शहर के बड़ा तालाब में पार्क में बन जाने के कारण यहां लोगों को आना-जाना काफी बढ़ गया है। यहां लोग सुबह और शाम घुमने के लिए आते हैं। लेकिन,शहर की आबादी को देखते हुए इसके विस्तार की जरूरत महूसूस की जा रही है। मोहन सिनेमा हॉल तक तालाब की सीमा है। वहां पर गंदगी का अम्बार लगा होता है। वहां तक अगर पार्क का विस्तार कर दिया जाये तो ज्यादा अच्छा होगा। साथ ही पानी का स्तर भी बना रहेगा। इसके अलावे पानी की स्तर और ऊंचा करना आवश्यक है। फव्वारे के सिस्टम को भी कम से कम पांच-छह फीट ऊंचा करना भी जरूरी है। पानी का स्तर ऊंचा करने से शहर का जल स्तर भी बना रहेगा। वही यहां पर कुछ लोगों के द्वारा पानी का बोतल तालाब में डाल दिया जाता है, जिसके कारण तालाब में गंदगी बढ़ जाती है। आस-पास के लोग भी कभी-कभी पार्क की बाउड्री लांघकर अंदर प्रवेश कर जाते हैं। साथ ही पार्क में बने व्यायाम के उपकरणों को क्षति भी पहुंचाते हैं। इनकी सुरक्षा आवश्यक है। अभी गरमी के दिनों में यहां सुबह में लोगों की भीड़ कम हो गई है। कई लोग यहां से नीम की पत्ती भी तोड़ लेते हैं। उन वृक्षों को बड़ा होने के बाद पत्तियां तोड़ना उचित होगा। कई जगहों पर और पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता है। साथ ही तालाब के अन्य किनारों पर सीढ़िया बनायी जाये तो अति उत्तम होगा। फिर यह हमारे शहर की एक धरोहर है। पहले यहां नगर पालिका पार्क हुआ करता था, जो शायद ही कभी खुला करता था। बाद में यह अतिक्रमण के कारण सिकुड़ गया है। फिलहाल जो भी स्थान बचा हुआ है उसे बचाने की जरूरत है। इसे सुन्दर बनाने में यहां के नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है।

**- प्रदीप सिन्हा, समाजसेवी, मेदिनीनगर।**

अर्थव्यवस्था

# यही वक्त है भारत के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपने सूचकांक तैयार करने का



प्रहलाद सबनानी

***वैश्विक*** स्तर पर विभिन्न देशों की भिन्न भिन्न क्षेत्रों में रेटिंग तय करने की दृष्टि से वित्तीय एवं विशिष्ट संस्थानों द्वारा सूचकांक तैयार किए जाते हैं। हाल ही के समय में इन विदेशी संस्थानों द्वारा जारी किए गए कई सूचकांकों में भारत की स्थिति को संभवत जान बूझकर गल्त दर्शाया गया है। इन सूचकांकों में पाकिस्तान, अफगानिस्तान एवं अफ्रीका के गरीब देशों की स्थिति को भारत से बेहतर बताया गया है। उदाहरण के लिए अभी हाल ही में पश्चिमी देशों द्वारा जारी किए गए तीन सूचकांकों की स्थिति देखिए। सबसे पहिले उदार (लिबरल) लोकतंत्र सूचकांक में भारत की रैंकिंग को 104 बताया गया है और भारत के ऊपर निजेर देश को बताया गया है। इसी प्रकार, आनंद (हैपीनेस) सूचकांक में भी भारत का स्थान 126वां बताया गया है जबकि पाकिस्तान को 108वां स्थान मिला है, जहां अत्यधिक मुद्रा स्फीति के चलते वहां के नागरिक अत्यधिक त्रस्त हैं। एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है, अर्थात इस सर्वे के अनुसार, अफगानिस्तान में प्रेस की स्वतंत्रता भारत की तुलना में अच्छी पाई गई है। पश्चिमी देशों में स्थिति इन संस्थानों द्वारा इस प्रकार के सूचकांक तैयार किए जाकर पूरे विश्व को भ्रमित किए जाने का प्रयास हो रहा है। वस्तुतः भारत में हाल ही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनावों पर भी पश्चिमी देशों ने कई प्रकार के सवाल खड़े करने के प्रयास किए थे। जैसे, इस भीषण गर्मी के मौसम में चुनाव क्यों कराए गए हैं, जिससे सामान्यजन वोट डालने के लिए घरों से बाहर ही नहीं निकले, ईवीएम मशीन में कोई खराबी तो नहीं है, आदि। परंतु, भारतीय मतदाताओं ने इन लोक सभा चुनावों में भारी संख्या में भाग लेकर पश्चिमी देशों को करारा जवाब दिया है। न ही, ईवीएम मशीन में किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई गई और न ही गर्मी का प्रभाव चुनावों पर पड़ा। हालांकि सत्ताधारी दल को पिछले चुनाव की तुलना में कुछ कम स्थान जरूर प्राप्त हुए हैं परंतु देश में किसी भी प्रकार की कोई घटना घटित नहीं हुई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनाव सामान्यतः शांति के साथ सम्पन्न हो गए।

**एक अन्य, प्रेस की स्वतंत्रता नामक सूचकांक में भारत को 161वां स्थान मिला है जबकि इस सूचकांक में कुल मिलाकर 180 देशों को शामिल किया गया है और अफगानिस्तान को 152वां स्थान दिया गया है।**

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



बोधि वृक्ष

# घने जंगल के बीच स्थित है आस्था का केंद्र साईं धाम


***लापुंग*** में स्थित साईं धाम में लोगों की भीड़ उमड़ती है। यहां दूर-दूर से लोग आते हैं। श्रद्धा और भक्ति के लिए सबसे बड़ी जरूरत मानसिक शांति होती है। यही कारण है कि ऋषि और महात्मा शांति की खोज में वन की यात्रा करते थे। मगर आज भी लापुंग प्रखंड के मनोरम प्राकृतिक वादियों के बीच बीच सरसा में स्थित है साईं मंदिर। ये मंदिर आध्यात्मिक और अनूठी स्थापत्य कला के कारण सैलानियों को बरबस ही आकर्षित करता है। साईं का ये धाम घने जंगलों के बीच 35 एकड़ में फैला है। यहां पहुंचते ही सैलानी अभिभूत हो उठते हैं। सालों भर सैलानी यहा के शांत वातावरण और प्रकृति की खूबसूरत नजारों का आनंद लेने के लिए आते रहते हैं। साईं मंदिर में प्रत्येक गुरुवार और रविवार को साईं भक्तों का ताता लगा रहता है। इस दिन साईं




बाबा की विशेष पूजा की जाती है। इसके साथ ही सुबह से शाम तक लगातार भजन का आयोजन किया जाता रहता है। आधुनिक परंपरा और संस्कृति के साथ बाबा के भव्य दर्शन तथा वनभोज के लिए पूरे राज्य में यह अपने तरीके का पहला पर्यटन स्थल है। हर साल यहां 23 और 24 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाया जाता है।

(क्रमशः)

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# वायु प्रदूषण से होती लाखों मौतों के लिये कौन जिम्मेदार?



ललित गर्ग

***जानलेवा*** वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। कहते हैं जान है तो जहान है, लेकिन भारत में बढ़ते प्रदूषण के कारण जान और जहान दोनों ही खतरे में हैं। देश की हवा में घुलते प्रदूषण का 'जहर' अनेक बार खतरनाक स्थिति में पहुंच जाना चिन्ता का बड़ा कारण हैं। प्रदूषण की अनेक बंदिशों एवं हिदायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण की बात खोखली साबित हो रही है। यह कैसा समाज है जहां व्यक्ति के लिए पर्यावरण, अपना स्वास्थ्य या दूसरों की सुविधा-असुविधा का कोई अर्थ नहीं है। जीवन-शैली ऐसी बन गयी है कि आदमी जीने के लिये सब कुछ करने लगा पर खुद जीने का अर्थ ही भूल गया, इस गंभीर होती स्थिति को यूनिसेफ और अमेरिका के स्वतंत्र अनुसंधान संस्थान 'हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट' की साझेदारी में जारी रिपोर्ट ने बयां किया है, इस रिपोर्ट के आंकड़े परेशान एवं शर्मसार करने के साथ चिन्ता में डालने वाले हैं, जिसमें वर्ष 2021 में वायु प्रदूषण से 21 लाख भारतीयों के मरने की बात कही गई है। ज्यादा दुख की बात यह है कि मरने वालों में 1.69 लाख बच्चे हैं, जिन्होंने अभी दुनिया ठीक से देखी ही नहीं थी। निश्चय ही ये आंकड़े जहां व्यथित, चिन्तीत व परेशान करने वाले हैं। वहीं सरकार के नीति-नियंताओं के लिये यह शर्म का विषय होना चाहिए, लेकिन उन्हें शर्म आती ही कहा है? तनिक भी शर्म आती तो सरकारें एवं उनके कर्ता-धर्ता इस दिशा में गंभीर प्रयास करते। सरकार की नाकामयियां ही हैं कि जिन्दगी विषमताओं और विसंगतियों से घिरी होकर उसे कहीं से रोशनी की उम्मीद दिखाई नहीं दे रही है। जानलेवा वायु प्रदूषण न केवल भारत के लिये बल्कि दुनिया के लिये एक गंभीर समस्या है। चीन में भी इसी कालखंड में 23 लाख लोग वायु प्रदूषण से मरे हैं। जहां तक पूरी दुनिया में इस वर्ष मरने वालों की कुल संख्या का प्रश्न है तो यह करीब 81 लाख बतायी जाती है। चिंता की बात यह है कि भारत व चीन में वायु प्रदूषण से मरने वालों की कुल संख्या के मामले में यह आंकड़ा वैश्विक स्तर पर 54 फीसदी है। जो हमारे तंत्र की विफलता, गरीबी और प्रदूषण नियंत्रण में शासन-प्रशासन की कोताही एवं लापरवाही को ही दशार्ता है। इसमें आम आदमी की लापरवाही भी कम नहीं है। आम आदमी को पता ही नहीं होता है कि किन प्रमुख कारणों से वह प्रदूषण फैला रहा है और किस तरह वे इस जानलेवा प्रदूषण को नियंत्रित करने में सहयोगी हो सकते हैं। प्रश्न है कि आम आदमी एवं उसकी जीवनशैली वायु प्रदूषण को इतना बेपरवाह होकर क्यों फैलाती है? क्यों आदमी मृत्यु से नहीं डर रहा है? क्यों भयभीत नहीं है? देश की जनता दुख, दर्द और संवेदनहीनता के जटिल दौर से रूबरू है, प्रदूषण जैसी समस्याएं नये-नये मुखौटे ओढ़कर डराती है, भयभीत करती है। विडम्बना तो यह है कि विभिन्न राज्यों की सरकारें इस विकट होती समस्या का हल निकालने की बजाय राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप करती है, जानबूझकर प्रदूषण फैलाती है ताकि एक-दूसरे की छीछालेदर कर सके।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

## टेक वर्ल्ड

# इनवर्टर और नन इनवर्टर के बारे में जानिए

***अगर*** कूलिंग की बात की जाए तो आप सोच सकते हैं कि आखिर दोनों ऐसी में से कौन सा अधिक ठंडा करता है। अगर इनवर्टर ऐसी के बारे में बात करें तो इस ऐसी का काम होता है कंप्रेसर की मोटर स्पीड को रेगुलेट करना। गर्मी का सीजन अपने पीक पर चल रहा है, घर के अंदर पंखा चलता है तो ऐसा लगता है की ब्लोअर चल रहा है, और आपकी एनर्जी सूखती जाती है। टेंपरेचर 40 डिग्री से बढ़ते हुए कब 45 हो रहा है, कब 48 हो रहा है और कब 50 तक पहुंच जा रहा है यह कोई किताबी बात नहीं रह गई है। घर से बाहर निकालने की तो बात ही छोड़ दीजिए घर में भी आप उबलने लगते हैं। ऐसी अवस्था में एक ऐसी सॉल्यूशन के रूप में सामने आता है। क्या आप भी ऐसी खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं तो यहां पर इसके दो महत्वपूर्ण फीचर के बारे में हम आपको बताएंगे। आज के समय में इनवर्टर ऐसी और नॉन इनवर्टर ऐसी का प्रचलन है तो आप भी अगर खरीदना चाहते



हैं तो लिए बताते हैं कि कौन सा आपके लिए बेहतर रहेगा। अगर कूलिंग की बात की जाए तो आप सोच सकते हैं कि आखिर दोनों ऐसी में से कौन सा अधिक ठंडा करता है। अगर इनवर्टर ऐसी के बारे में बात करें तो इस ऐसी का काम होता है कंप्रेसर की मोटर स्पीड को रेगुलेट करना। ऐसी अवस्था में जब इनवर्टर एसी चलता है और रूम ठंडा हो जाता है तब भी यह एसी कंप्रेसर को बंद नहीं होने देता है, बल्कि कंप्रेसर कम स्पीड पर ही चलता रहता है। (क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस पर ममता बनर्जी ने किया तीखा हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों - बारानगर से सायंतिका बनर्जी और भागवानगोला से रेयात हुसैन सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देरी को लेकर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस पर तीखा हमला किया। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राज्य सचिवालय नबन्ना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा,₹दोनों विधायकों को जनता ने चुना है। राज्यपाल को उन्हें शपथ लेने से रोकने का क्या अधिकार है? लगभग एक महीने से इस मुद्दे पर अनिश्चितता बनी हुई है। उन्होंने सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन सरकार की मांग का भी समर्थन किया कि या तो राज्यपाल शपथ दिलाने के लिए विधानसभा आएं या फिर ऐसा करने के लिए अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को नियुक्त करें।

### बिहार के युवाओं को अब नौकरी की जगह अधिकार के लिए लड़ना होगा : प्रशांत किशोर

**पटना।** चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को कहा कि समय आ गया है कि बिहार के युवा नौकरी की जगह अब अपने अधिकार के लिए लड़ाई लड़ें। उन्होंने नीट प्रश्नपत्र लीक मामले पर भी आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जो बच्चे दिन रात एक कर पढ़ाई कर रहे हैं, उनका पेपर लीक हो गया, उसकी चिंता किसी नेता को नहीं है। बिहार में जन सुराज पदयात्रा कर रहे प्रशांत किशोर ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पढ़े-लिखे लड़के मुंबई और दिल्ली में जाकर मजदूरी कर रहे हैं और 9 वीं फेल नेता बिहार में राज कर रहे हैं। बिहार के सभी लोगों को वो ज्ञान दे रहे हैं कि हमें गद्दी में बैठा दो तो हम सबको नौकरी दे देंगे। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार के लोगों को अब नौकरी नहीं चाहिए, अब राज चाहिए।

# पुल का पिलर धंसने से आवागमन हुआ बाधित

कनकई नदी का जलस्तर बढ़ अचानक / 6 वर्ष पूर्व किया गया था पुल का निर्माण / जलस्तर में वृद्धि होने से पुल का पाया धंस गया / दलबल के साथ प्रशासन मौके पर पहुंची लोगों से ली जानकारी

**एजेंसी। किशनगंज**

जिले के बहादुरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डूबाडांगी गांव के समीप से होकर बहने वाली कनकई नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने से नदी में बने पुल का पाया धंस गया है। मामले की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी तुषार सिंगला के निर्देश पर परीक्ष्यमान डीएसपी सह थानाध्यक्ष बहादुरगंज अभिनव परासर अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और बैरिकेडिंग की व्यवस्था करवाकर वाहनों के आवाजाही को तत्काल बंद करवाया है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त पुल का निर्माण करीब 6 वर्ष पूर्व किया गया था, जहां कनकई नदी के जलस्तर में वृद्धि होने से पुल का पाया धंस गया। वहीं मौके पर पथ निर्माण विभाग कि टीम सहित बहादुरगंज एवं दिघलबैंक थाना कि पुलिस मौके पर मौजूद है।

1



## अररिया में नूना-बकरा नदी में उफान, सिकटी प्रखंड में सड़क बहा

2



**फारबिसगंज/अररिया।** नेपाल में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से अररिया के जिला मुख्यालय होकर बहने वाली प्रमाण नदी, नूना और बकरा नदी उफान पर है। इन नदियों के उफान से निचले क्षेत्रों में तीन से चार फीट पानी भर गया है। इसे लेकर लोग सुरक्षित ठिकाने की तरफ पलायन करने लगे हैं। सीमावर्ती क्षेत्र सहित नेपाल में हो रही लगातार बारिश से नेपाल के ईटहरी, धूबी व बिराटनगर जलमग्न हो गया है। साथ ही इन इलाकों में बहने वाली नदियां बूढ़ी खोला, सिंघिया व कैसले नदी भी उफान पर है। टिकुलिया में पानी की तेज धार को देखते हुए जोगबनी नप के कार्यपालक पदाधिकारी व कुछ जनप्रतिनिधि पानी की तेज बहाव वाली जगह पर पहुंचे व लोगो के सुचारू आवागमन हेतु मोटी रस्सी लगाई गई। इससे लोग तेज बहाव से बचते हुए सड़क को पार कर सके।

कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया की तेज बहाव वाले स्थानों पर नगर परिषद द्वारा दो कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया की स्थिति पर हम नजर बनाए हुए है नेपाल के तराई क्षेत्र में मूसलाधार वर्षा के कारण सिकटी प्रखंड क्षेत्र होकर बहने वाली नदियां उफान पर हैं। लगातार हो रही वर्षा के कारण नदियों में जलभराव से नूना व बकरा नदी उफान पर है। इससे निचले क्षेत्रों में तीन से चार फीट पानी भर गया है. इसे लेकर लोग सुरक्षित ठिकाने की तरफ पलायन करने लगे हैं। बरसात में नूना व बकरा नदी का हो जाता है विकराल रूप मानसून शुरू होते ही नेपाल के तराई क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण क्षेत्र से होकर बहने वाली नदियां उफान पर है।

## नीट-यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने बिहार से मनीष और आशुतोष को किया गिरफ्तार

**एजेंसी। पटना**



नीट-यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गुरुवार को मनीष कुमार और आशुतोष कुमार को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने परीक्षा से पहले उम्मीदवारों को सुरक्षित परिसर उपलब्ध कराया था, जहां उन्हें लीक हुए पेपर के साथ उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गयी थी।सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, मनीष प्रकाश अपनी कार में उम्मीदवारों को लर्न प्ले स्कूल ले जाने के लिए जिम्मेदार था जबकि आशुतोष छात्रों के लिए सेफ हाउस में परिसर की व्यवस्था करता था, जिन्हें उसके घर में ठहराया जाता था। मनीष को पटना से पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया गया। सीबीआई ने मनीष की पत्नी को फोन करके उसकी गिरफ्तारी की सूचना दी। यह सीबीआई द्वारा की गई पहली गिरफ्तारी है। इससे पहले बिहार सरकार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों को ही हिरासत में लिया था। मनीष प्रकाश और आशुतोष दोनों को अदालत में पेश किया गया है। बिहार सरकार ने 2024 नीट-यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बीते तीन दिन पहले सौंप दी थी। आर्थिक अपराध इकाई ने मामले के सभी अपडेट रिकॉर्ड केंद्रीय एजेंसी को सौंप दिए हैं। नीट पेपर लीक मामले में बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि हम कानून ला रहे हैं।

## सुकमा से एक लाख का इनामी नक्सली कमांडर गिरफ्तार

**एजेंसी। सुकमा**

सुकमा जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर आज गुरुवार को थाना चिंतागुफा से जिला बल एवं डीआरजी की सयुक्त पार्टी सर्चिंग/नक्सल आरोपितों की धरपकड़ हेतु ग्राम एंटापाल की ओर रवाना हुए थे। ग्राम एंटापाल के जंगल से एक लाख रुपये का इनामी नक्सली मिलिशिया कमाण्डर सोड़ी पोज्जा पिता सोड़ी मुया निवासी एंटापाड थाना चिंतागुफा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सोड़ी पोज्जा बड़े नक्सली कमांडरों के कहने पर पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाने की नीयत एक टिफिन आईईडी एवं 15 मीटर कोर्डेक्स वायर को छूपाकर रखना बताया, जिसे गवाहों के समक्ष जब्त किया गया। विस्फोटक पदार्थ छुपाकर रखे जाने से थाना लाकर नक्सल रिकार्ड जांच करने पर सोड़ी पोज्जा थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत 11 दिसंबर 2019 को सुरक्षा कर्मियों पर फायरिंग करने की वारदात में अन्य नक्सलियों के साथ शामिल रहना पाया गया।

## ब्रीफ न्यूज

### 17.5 किलो गांजा के साथ कार पर सवार तस्कर को एसएसबी ने पकड़ा



**अररिया।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) 56 वीं वाहिनी बथनाहा ने गुप्त सूचना के आधार पर एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। तस्कर एक सुजुकी ब्रांड की ऑल्टो कार में 17.5 किलो गांजा छिपाकर नेपाल की ओर से आ रहा था। जैसे ही तस्कर गाड़ी को लेकर सोनापुर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के समीप पहुंचा, एसएसबी के जवानों को देखकर सार्वजनिक दुर्गा मंदिर सोनापुर के बगल से जाने वाली सड़क की ओर अपनी सुजुकी गाड़ी को मोड़कर वहां से भागने का प्रयास किया। लेकिन तस्कर की चाल कामयाब नहीं हो सकी और तस्कर गांजा के साथ एसएसबी के द्वारा धर दबोचा गया। गिरफ्तार तस्कर के चार पहिया वाहन से 17 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान फारबिसगंज के रामपुर के रहने वाले सहदेव यादव पिता गौतम यादव के रूप में हुई है। गिरफ्तार तस्कर एवं गांजा को सशस्त्र सीमा बल के द्वारा बथनाहा पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरा करने के बाद बथनाहा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### सीएम ने 120 करोड़ की लागत से निर्मित कन्वेंशन सेंटर का किया लोकार्पण



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को पश्चिमी चंपारण जिले के वाल्मीकिनगर में 120 करोड़ की लागत से निर्मित अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया। साथ ही परिसर में स्थापित महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण कर वहां पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री भारी बारिश के बीच प.चम्पारण के वाल्मिकिनगर पहुंचे। उन्होंने 120 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर के साथ अतिथि गृह का लोकार्पण किया। उनके साथ भवन निर्माण मंत्री जयंत राज और जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी भी मौजूद रहे। कन्वेशन सेंटर परिसर में महर्षि वाल्मिकी की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। नीतीश कुमार ने कन्वेशन सेंटर का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में कुशल मानिटरिंग करने व गुणवत्ता पूर्ण काम करने के लिये डीएम, एसडीएम और संवेदक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के बाद वे पटना के लिए रवाना हो गए। बताया जाता है कि सीएम नीतीश पटना आने के बाद दिल्ली के लिए भी रवाना हो सकते हैं। क्योंकि, 29 जून को दिल्ली में जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होनी है। उल्लेखनीय है कि 06 मई, 2022 को मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर का वर्चुअल शिलान्यास किया था।

### बंगाल के राणाघाट-दक्षिण उपचुनाव में तीन फैक्टर भाजपा की राह बनाएंगे आसान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राणाघाट-दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। भाजपा के लिए तीन फैक्टर इस चुनावी लड़ाई को आसान बना सकते हैं। पहला फैक्टर भाजपा खेमे के लिए मतुआ वोटर्स का भारी समर्थन है, जो हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में न केवल बरकरार रहा बल्कि कुछ हद तक बढ़ा भी। यह बात उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव और नादिया जिले के राणाघाट की दो मतुआ बहुल संसदीय सीटों के नतीजों से स्पष्ट हो गई। यहां मौजूदा भाजपा सांसद आरामदायक अंतर से दोनों सीटों को बरकरार रखने में सफल रहे। दूसरा फैक्टर रानाघाट-दक्षिण से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार डॉ मुकुट मणि अधिकारी की दलबदलू छवि है, जो 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में उसी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुने गए थे।

## आज का राशिफल

**मेष** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपके द्वारा प्रस्तुत योजना से लोग प्रभावित होंगे। शुभांक-

**वृषभ** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मिथुन** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**सिंह** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा। विवाद को टालें।

**कन्या** — कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा।

**तुला** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**वृश्चिक** — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**धनु** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**मकर** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**कुम्भ** — कुंभ : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मीन** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

## सरकार को सेंगोल की जगह संविधान की प्रति लगाने में क्या दिक्कत है : अखिलेश यादव

**एजेंसी। नई दिल्ली**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपने सांसद आरके. चौधरी द्वारा लोकसभा से सेंगोल हटाकर उसकी जगह संविधान की विशालकाय प्रति स्थापित करने को लेकर लोकसभा स्पीकर को लिखे गए पत्र का समर्थन करते हुए कहा है कि आखिर सरकार को सेंगोल की जगह संविधान की प्रति लगाने में क्या दिक्कत है? हालांकि, संसद भवन परिसर में मीडिया से बात करते हुए सपा सांसद आरके. चौधरी ने कहा कि उन्हें जब लोकसभा में राजदंड और राजतंत्र का प्रतीक सेंगोल नजर आया तो उन्होंने इसे हटाने के लिए तुरंत पत्र लिख दिया क्योंकि लोकतंत्र में इसका कोई स्थान नहीं है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पत्र लिखने से पहले उनकी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से कोई बात नहीं हुई थी, पत्र के चर्चा में आने के बाद उनकी अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात हुई है। उन्होंने कहा कि वह अपनी मांग को लेकर सहयोगी दलों से भी बात करेंगे। इससे पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर प्रतिक्रिया देते हुए सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि यह सरकार का भाषण था और सरकार जब यह दावा करती है कि हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गए हैं और तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन जाएंगे तो फिर देश का किसान क्यों दुखी है? बड़े पैमाने पर नौजवान बेरोजगार क्यों हैं? अग्निवीर जैसी आधी-अधूरी योजना सरकार को क्यों लागू करनी पड़ रही है? देश में महंगाई क्यों है?

### जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान के 5 आतंकी आकाओं की करोड़ों की संपत्ति जब्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की बारामूला कोर्ट की ओर से पारित कुर्की के आदेश के बाद बारामूला पुलिस ने पाकिस्तान स्थित पांच आतंकी आकाओं की करोड़ों की संपत्ति जब्त कर ली है। पुलिस ने बशीर अहमद गनी, मेहराज उद दीन लोन, गुलाम मोहम्मद याटू, एबी रहमान भट, एबी राशिद लोन के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई की है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय के आदेश के बाद पाकिस्तान के आतंकी आकाओं की करोड़ों रुपये की 9 कनाल भूमि जब्त की गई है। यह कार्रवाई सीआरपीसी 83 की धाराओं के तहत की गई है जिसका संबंध केस संख्या 04/2008 धारा 2/3 ईआईएमसीओ अधिनियम, 7/25 भारतीय शस्त्र अधिनियम, 13 यूए (पी) अधिनियम के तहत पीएस क्रीरी के मामले से जुड़ी हुई है।

## कानून का राज सुशासन की पहली शर्त : सीएम योगी

- **यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है**

**एजेंसी। लखनऊ**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कानून का राज सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए सुरक्षा व संरक्षा का बेहतर वातावरण होना चाहिए। सुरक्षा का वातावरण राज्य का दायित्व है। हमारी पुलिस इसका बखूबी निर्वहन करती है। समय के अनुरूप पुलिस का आधुनिकीकरण कर सकें, यह मांग लंबे समय से चली आ रही थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर यूपी-112 द्वितीय चरण के तहत उच्चीकृत पीआरवी को फ्लैग ऑफ किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने डीजी कॉफ्रेंस में देश भर के पुलिस महानिदेशकों के सामने कानून के परिवर्तन के साथ ही स्मार्ट पुलिसिंग की नई अवधारणा पर आधारित नई दृष्टि दी थी। उन्होंने स्ट्रिक्ट एंड सेंसेटिव, मॉडर्न एंड मोबाइल, अलर्ट एंड अकाउंटेबल, रिलायबल एंड रिस्पांसिव, टेक्नोसेवी व ट्रेंड होने की बात कही थी। यूपी पुलिस ने इन सभी बातों को अक्षरशः उतारने का प्रयास किया है।

सीएम ने कहा कि यह कार्यक्रम स्मार्ट पुलिसिंग की सात वर्ष की प्रक्रिया को नई ऊंचाई की ओर पहुंचाने का अभियान है। पिछले सात वर्ष के अंदर यूपी पुलिस ने देश के अंदर न केवल अपनी नई पहचान बनाई है, बल्कि यूपी को भी नई पहचान दिलाने में महती भूमिका का निर्वहन किया है। सात वर्ष में यूपी में कानून का राज दिखाई दिया है। कानून के राज ने पुलिस को भी सम्मान और विश्वास का प्रतीक बनाया तो राज्य में निवेश, व्यापार की नई संभावनाओं के साथ विकास और रोजगार के नए युग में ले जाने का कार्य किया। सीएम योगी ने कहा कि निवेश, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कैसी होनी चाहिए, यूपी ने इसका उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह केवल नारे नहीं, जमीनी हकीकत है। हमने बिना भेदभाव पारदर्शी प्रक्रिया से पुलिस बल में पुलिस भर्ती की तो समुचित प्रशिक्षण भी कराया।

### समर्पण : सेना का मोटरसाइकिल अभियान दल दो अलग-अलग मार्गों से बढ़ रहा आगे

# कारगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ, द्रास पहुंच रहे हैं जवान

**एक टीम** — *अंबाला, अमृतसर, जम्मू, उधमपुर और श्रीनगर से होकर 1,085 किलोमीटर की दूरी तय करेगी*

**दूसरी टीम** — *चंडी मंदिर, मनाली, सरचू, न्योमा, तांगत्से और लेह से होकर 1,509 किलोमीटर की दूरी तय करेगी*

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कारगिल युद्ध में भारतीय जीत की 25वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना द्वारा एक विशेष अभियान आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सेना का मोटरसाइकिल अभियान दल जम्मू कश्मीर में स्थित द्रास के लिए दो अलग-अलग मार्गों से आगे बढ़ रहा है। इनमें से एक टीम अंबाला, अमृतसर, जम्मू, उधमपुर और श्रीनगर से होकर 1,085 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। दूसरी टीम चंडी मंदिर, मनाली, सरचू, न्योमा, तांगत्से और लेह से होकर 1,509 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। अभियान का समापन द्रास के गन हिल पर होगा, जो कारगिल युद्ध के दौरान अपने सामरिक महत्व के लिए इतिहास में दर्ज है। यह अखिल भारतीय अभियान 12 जून को देश के तीन कोनों - पूर्व में दिनजन, पश्चिम में द्वारका और दक्षिण में धनुषकोडी से आरंभ हुआ था। आठ मोटरसाइकिल सवार तीन टीमों ने दिल्ली पहुंचने से पहले विविध क्षेत्रों और चुनौतीपूर्ण मार्गों से गुजरते हुए यात्रा की। गुरुवार को सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल मनोज पांडे ने



दिल्ली के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से भारतीय सेना के इस डी 5 मोटरसाइकिल अभियान दल को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान दिल्ली में तेज बारिश हो रही थी। जनरल मनोज पांडे को बारिश में न भीगना पड़े, इसके लिए एक जवान छाता लेकर उनकी ओर बढ़ा, लेकिन जनरल मनोज पांडे ने छाता लेने से मना कर दिया। वह अन्य लोगों की भांति बिना छाता के बारिश में खड़े रहे। फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, सेना के उप प्रमुख, वरिष्ठ सेवारत अधिकारी, कारगिल युद्ध से जुड़े पूर्व अधिकारी, वीर नारियां और पूर्व सैनिक शामिल हुए।

### टीम लीडर को सौंपा अभियान का झंडा

झंडी दिखाने से पहले, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने अभियान दल के सदस्यों के साथ बातचीत की और टीम लीडर को मोटरसाइकिल अभियान का झंडा सौंपा। आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) की अध्यक्ष अर्चना पांडे ने कार्यक्रम के दौरान वीर नारियों को सम्मानित किया। पूर्व सीओएएस जनरल दीपक कपूर (सेवानिवृत्त) ने 26 जून को दिल्ली कैंट में टीमों को झंडी दिखाई थी। जनरल दीपक कपूर ने कारगिल युद्ध के दिग्गजों की उनकी बहादुरी के लिए सराहना की, अभियान टीमों की प्रशंसा की और प्रायोजकों द्वारा दिए गए समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त किया। अभियान दल के सदस्य अपने रूट के दौरान रास्ते में रहने वाले कारगिल युद्ध के नायकों, दिग्गजों और वीर नारियों से मुलाकात, युद्ध स्मारकों पर श्रद्धांजलि, जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

### ईडी ने बंगाल राशन वितरण मामले में एक हजार चावल-गेहूं मिलों की पहचान की

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पश्चिम बंगाल में राशन वितरण मामले की जांच कर रहा है। इस दौरान ईडी के अधिकारियों ने करीब एक हजार चावल और गेहूं मिलों की लिस्ट तैयार की है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से घोटाले में शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि लिस्ट उन लोगों के साथ संबंधों के आधार पर तैयार की गई है जो पहले से ही गिरफ्तार हैं और कथित घोटाले में शामिल होने के कारण फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। इनमें पश्चिम बंगाल के पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक भी शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, घोटाले में उचित मूल्य प्रणाली के तहत वितरण के लिए खरीदी गई अच्छी वस्तुओं का एक बड़ा हिस्सा इन चावल और गेहूं मिलों को भेजा गया था। जो बाद में उन्हें खुले बाजारों या पैकेज्ड चावल या पैकेज्ड गेहूं के विपणन में लगे कॉर्पोरेट संस्थाओं में प्रीमियम कीमतों पर बेचने के लिए जिम्मेदार थे। ईडी अधिकारियों ने कहा कि जांच अधिकारी पहले ही जब्त किए गए दस्तावेजों की सत्यता के बारे में कुछ चावल और गेहूं मिलों के मालिकों से पूछताछ करेंगे।

### कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया शनिवार को पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। विधानसभा में केम्पे गौड़ा की 515वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा, पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) ने मुलाकात का समय सुबह 8 बजे तय किया है। उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। अमित शाह के कार्यालय ने अभी तक अपॉइंटमेंट की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपॉइंटमेंट की पुष्टि की है। सीएम सिद्दारमैया ने कहा, मैं राज्य से चुने गए सभी सांसदों से मिलने के लिए आज नई दिल्ली जा रहा हूं। मैं केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलूंगा और राज्य की योजनाओं पर चर्चा करूंगा।



## यूरो कप-2024

1 जॉर्जिया बनाम पुर्तगाल
प्रात : 12.30 बजे से
स्टेडियम: एरिना औफशाल्के, स्टेडियम

2 टर्की बनाम चेक गणराज्य
प्रात : 12.30 बजे से
स्टेडियम: वोल्क्सपार्कस्टेडियन

## एक नजर

### टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण की मेजबानी करेगा लंदन


**नई दिल्ली।** ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे संस्करण का आयोजन इंग्लैंड की राजधानी लंदन में होगा। ग्लोबल शतरंज लीग, अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) और टेक महिंद्रा के बीच का एक संयुक्त पहल है। पहले संस्करण की अपार सफलता के बाद, लीग का लक्ष्य दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को सबसे ऐतिहासिक शहरों में से एक में एकजुट करना है। शीर्ष खिलाड़ियों से सजी 10-दिवसीय अनूठी शतरंज लीग 3 से 12 अक्टूबर, 2024 तक मध्य लंदन के केंद्र में स्थित फ्रेंड्स हाउस में आयोजित होगी। दुनिया भर के फैन्स से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, यूरोपीय क्षेत्र में शतरंज के लिए तेजी से बढ़ते फैन बेस और उत्साह से जुड़ने के लिए ही दूसरे संस्करण के लिए लंदन को मेजबान के रूप में चुना गया है।

### आईओसी ने खेल और खेल से कहीं अधिक कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने बुधवार को खेल और खेल से कहीं अधिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। इसका उद्देश्य खेल के आनंद और मनोरंजन तथा प्रशंसकों के अनुभव का जश्न मनाकर ओलंपिक को दुनिया भर के लोगों के दिलों और जीवन के करीब लाना है।
पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों की शुरूआत से एक महीने पहले, आईओसी इस नए मंच के माध्यम से मानवीय संबंध, व्यक्तिगत सशक्तिकरण और विकास, अवसरों और सपनों को साकार करने की कोशिश कर रहा है। आईओसी ने कहा कि कार्यक्रम एक लघु फिल्म के साथ शुरू होगा, जिसकी शुरूआत पेरिस की सड़कों पर होती है, जहाँ अगले महीने 33वें ओलंपियाड के खेल शुरू होंगे।

# इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का लिया निर्णय, बारिश ने बिगाड़ा खेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 विश्व कप 2024 का सेमीफाइनल 2 मैच गुयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में होना है। फिलहाल ताजा स्थिति यह है कि रुक रुककर हो रही बारिश के कारण तैयारियां प्रभावित हो रही हैं। टॉस में देरी हो चुकी है। ग्राऊंड स्टाफ मैदान सुखाने के लिए प्रयास कर रहा है। लेकिन बार-बार आती बारिश के कारण मुश्किलें पैदा हो रही हैं। बहरहाल, टॉस जीतने के बाद इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने पहले गेंदबाजी चुनी है।




### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेट कीपर), सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

**इंग्लैंड :** फिल साल्ट, जोस बटलर (विकेटकीपर/कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, मोइन अली, लियाम लिविंगस्टोन, सैम कुरेन, क्रिस जॉर्डन, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, रीस टॉपल

### पिच-वेदर रिपोर्ट

प्रोविडेंस स्टेडियम में विश्व कप के दौरान पांच में तीन बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है। यहां पहली पारी का औसत स्कोर 146 है, जबकि दूसरी पारी का औसत स्कोर 77 है जो काफी कम है। उच्चतम रिकॉर्ड 183/5 है जो अफगानिस्तान ने युगांडा के खिलाफ बनाया था और सबसे कम 39/10 है जो युगांडा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। मौसम पूवार्नुमान के अनुसार बादल छाए रहेंगे और बारिश की संभावना है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस सेमीफाइनल मैच के लिए कोई रिजर्व डे नहीं है। अगर मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाता है, तो भारत सुपर 8 टेबल पर अपनी उच्च स्थिति के कारण फाइनल में पहुंच जाएगा।

### टॉस जीतकर जोस बटलर ने कहा


हम पहले गेंदबाजी करेंगे। ऐसा लग रहा है कि सतह अच्छी है, उछाल कम होगा, बारिश होने के कारण हमने सोचा कि पहले गेंदबाजी करने से थोड़ा फायदा होगा। हमारा मुकाबला एक महान टीम से है, लेकिन हम अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और आज हम उसी टीम से खेल रहे हैं। शीर्ष टीम के खिलाफ बड़ी चुनौती की उम्मीद है। सेमीफाइनल में पहुंचने को लेकर उत्साहित हूं, लेकिन हममें से कुछ पहले भी यहां आ चुके हैं। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हम पहले बल्लेबाजी करेंगे, मौसम अच्छा लग रहा है। जो होना था वो हो चुका है। हम बोर्ड पर रन लगाना चाहते थे।

### 9 विकेट से हारा अफगानिस्तान, सेमीफाइनल में सफर खत्म

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार पहुंचा विश्व कप फाइनल में

- टी20 विश्व कप 2024 की पहली फाइनलिस्ट बनी द. अफ्रीका
- एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान टूनार्मेंट से बाहर

**एजेंसी। पोर्ट ऑफ स्पेन (त्रिनिदाद)**
दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को ब्रायन लारा स्टेडियम में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर टूनार्मेंट के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह पहली बार है जब द.अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। टी20 विश्व कप 2024 की पहली फाइनलिस्ट दक्षिण अफ्रीका की टीम है। गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में अफ्रीकी टीम ने एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। यह एकतरफा सेमीफाइनल रहा, जिसमें दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान को गेंदबाजी, बल्लेबाजी और फील्डिंग, हर विभाग में मात दी। दक्षिण अफ्रीका की यह जीत ऐतिहासिक है। इस जीत के साथ ही इस टीम ने पहली बार किसी विश्व कप फाइनल में एंट्री की है। ऐसा नहीं है कि दिग्गजों से शुमार ये टीम कभी नॉकआउट चरण तक नहीं पहुंची। अफ्रीका की टीम 5 बार वनडे और 2 बार टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल से बाहर हो चुकी है। इसलिए उसके नाम के आगे चोकर्स का दाग लग गया था, जिसे अब ये टीम मिटा चुकी है। टॉस जीतकर अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। अफगानिस्तान मात्र 11.5 ओवर में 10 विकेट पर 56 रन पर सिमट गई। यह पहली बार है जब किसी टीम ने पुरुष टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को 100 रन से कम पर आउट कर दिया है।




इस मुकाबले के हीरो रहे मार्को जेनसन और तबरेज शम्सी, जिन्होंने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, कागिसो रबाडा (2-14) और एनरिक नॉर्टजे (2-7) ने भी आक्रामक रवैया अपनाते हुए अफगानिस्तान की टीम को 11.5 ओवर में 56 रन के मामूली स्कोर पर समेट दिया। जवाब में अफ्रीकी टीम ने महज 1 विकेट खोकर यह लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर लिया।
यह विकेट बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं था। द.अफ्रीका को दूसरे ओवर की पांचवीं गेंद पर पहला विकेट गिरा। अफगानिस्तान के फजलहक फारूकी ने क्विंटन डिकॉक को 5 रन पर बोल्ड किया। लेकिन ज्यादा रिस्क न लेते हुए रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन और कप्तान एडेन मार्कराम ने 23 रन बनाकर टीम को फाइनल में पहुंचाया।
यह जीत दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता है। अब उनका मुकाबला खिताबी जंग में भारत बनाम इंग्लैंड सेमीफाइनल-2 के विजेता से 29 जून को होगा।

# क्रिस सिल्वरवुड का मुख्य कोच पद से इस्तीफा, श्रीलंका की मुश्किलें बढ़ी

**एजेंसी। कोलंबो**
टी20 विश्व कप में श्रीलंका की टीम का प्रदर्शन बेहद खराब था। यह टीम अपने देश लौट चुकी है, और अब निजी कारणों का हवाला देते हुए क्रिस सिल्वरवुड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने गुरुवार को इसकी जानकारी शेयर की। क्रिस सिल्वरवुड का इस्तीफा पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने के श्रीलंका के खराब प्रदर्शन के बाद सलाहकार कोच के पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद आया है। जयवर्धने, जो पिछले जनवरी से एक साल के अनुबंध पर थे, ने छह महीने बाद ही इस्तीफा दे दिया। सिल्वरवुड ने कहा, एक अंतरराष्ट्रीय कोच होने का मतलब है परिवार से लंबे समय तक दूर रहना। अपने परिवार के साथ लंबी बातचीत के बाद भारी मन से, मुझे लगता है कि अब मेरे लिए घर लौटने और उनके साथ कुछ अच्छा समय बिताने का समय आ गया है।



### खो-खो प्रतियोगिता में दून पब्लिक स्कूल को खिताब

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक डे के अवसर पर झारखंड ओलंपिक संघ के तत्वाधान में धनबाद जिला ओलंपिक संघ के बैनर तले जारी सप्ताह व्यापी खेल कार्यक्रम के पांचवे दिन आज कुसुम विहार, धनबाद स्थित दून पब्लिक स्कूल में खो- खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष सह जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव मृदुल बोस के देख-रेख में बालिका वर्ग में आयोजित इस प्रदर्शनी मैच के दौरान ३५ अंकों के साथ दून पब्लिक स्कूल खो खो टीम विजेता बनी जबकि कुसुम विहार बालिका टीम को मात्र 15 अंक प्राप्त हुए। प्रतियोगिता के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सुनील सिंह, जिला ओलंपिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, कोषाध्यक्ष पवन बर्नवाल, स्कूल के उप प्राचार्य प्रियरंजन कुमार ने बारी बारी से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

### 63वीं प्री सुब्रोतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

# अंडर 17 में मांडू व अंडर 15 बालक वर्ग में पतरातु विजेता

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग रांची के तत्वावधान में 26 जून से 28 जून 2024 तक रामगढ़ जिले के कैथा मैदान में आयोजित तीन दिवसीय 63वी प्री सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर 17 व अंडर 15 बालक वर्ग से गोला ,मांडू, दुलमी पतरातु, चितरपुर और रामगढ़ प्रखण्ड की टीम ने भाग लिया। सभी टीमों के खिलाड़ियों से जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद प्रभात कुल्लू एवं वार्ड पार्षद देवधारी महतो ने परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता टीम श्रमिक उच्च विद्यालय तोपा मांडू और उप विजेता उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुल्ही दुलमी की टीम रही। वहीं, अंडर 15 बालक वर्ग में कैथोलिक आश्रम भुरकुंडा पतरातु की टीम ने गोला कीटीम पर 2-0 से जीत दर्ज किया। इसके उपरांत अतिथियों ने विजेता व उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर देवधारी महतो ने कहा कि खिलाड़ियों की कभी हार नहीं होती हार केवल खेल की होती है। वहीं, जिला सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आनंद प्रभात कुल्लू ने कहा कि खिलाड़ियों को हर संभव विभाग सहयता करती आई है और आगे भी करेगी।



## व्यापार/लाइफ व साइंस

### वित्त वर्ष 2024-25 में 7.5 प्रतिशत रह सकती है भारत की जीडीपी

**नई दिल्ली।** भारत की जीडीपी विकास दर वित्त वर्ष 2024-25 में 7 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की इकोनॉमिक रिव्यू में यह जानकारी दी गई है। एनसीएईआर ने कहा कि हाई फ्रीक्वेंसी डेटा इस ओर इशारा कर रहे हैं कि चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत तक रह सकती है। अपने जून माह के रिव्यू में रिसर्च एजेंसी ने कहा कि पहली तिमाही में आर्थिक गतिविधियों, निवेश फोकस्ड नीति और बड़े स्तर पर स्थिरता और सामान्य मानसून के कारण यह आउटलुक जारी किया गया है।

### ग्रेटर नोएडा में फिल्म सिटी के लिए कंसेशन एग्रीमेंट हुआ साइन

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट फिल्म सिटी के लिए गुरुवार का दिन बेहद खास रहा। गुरुवार को यमुना प्राधिकरण की ओर से उसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह एवं कंसेशनेयर की ओर से बोनी कपूर ने कंसेशन एग्रीमेंट साइन किया। इसके साथ ही फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। फिल्म सिटी के लिए यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने अपने इलाके के सेक्टर-21 में भूमि चिन्हित की है।

# हेल्थ केयर, फार्मा, इंफ्रास्ट्रक्चर व कई सेक्टर्स में 6% बढ़ सकता है रोजगार

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत के हेल्थ केयर, फार्मा, ऑटोमोटिव, मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में रोजगार में बढ़त देखने को मिल सकती है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।
स्टाफिंग कंपनी टीमलीज सर्विसेज की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि देश की 23 इंडस्ट्रीज में रोजगार चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीने में 6 प्रतिशत से अधिक दर के साथ बढ़ सकता है। वर्कफोर्स के आकार की वृद्धि के मामले में निर्माण, रियल एस्टेट, ट्रेवल, हॉस्पिटैलिटी, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ईवी इन्फ्रास्ट्रक्चर शीर्ष पर हो सकते हैं। टीमलीज सर्विसेज के सीईओ कार्तिक नारायण ने बताया कि 2024 में जी-20 में भारत सबसे तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है। मजबूत मांग, निवेश और महंगाई कम होने के कारण जॉब मार्केट में लचीलापन रह सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हर पांच में से दो संस्थाएं स्किल डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स को प्राथमिकता दे रही है। रोजगार अवसरों के मामले में दिल्ली, बेंगलुरु और हैदराबाद शीर्ष पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि जनरेटिव एआइ के कारण लोगों को नौकरी पर रखने की स्ट्रेटेजी में बदलाव हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया कि सर्वे में 56 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि आने वाले दिनों में वे अपनी वर्कफोर्स बढ़ाएंगे, जो दिखाता है कि भारत में नौकरियों को लेकर सकारात्मक रुझान बना हुआ है। नियोक्ताओं की ओर से अच्छे कम्युनिकेशन स्किल, डिटेल पर निगाह रखने वाले और तकनीक स्किल में सक्षम युवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।



### भारतीय रेलवे ने बनाया एक और कीर्तिमान

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारतीय रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए ट्रैक नवीनीकरण में पिछले वर्ष की तुलना में 13.8% की वृद्धि दर्ज की है। आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2022-2023 में रेलवे ने 5,227 ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) का नवीनीकरण किया। जबकि, 2023-2024 में नवीनीकरण 5,950 टीकेएम तक पहुंच गया। भारतीय रेलवे आकार के हिसाब से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी परियोजना है। इसके रनिंग ट्रैक की लंबाई 1,04,647 किमी और रूट की लंबाई 68,426 किमी है। 60,451 किमी नेटवर्क विद्युतीकृत है। 1.2 मिलियन से अधिक कर्मचारियों के साथ, रेलवे दुनिया का नौवां सबसे बड़ा कर्मचारियों वाला और भारत में दूसरा सबसे बड़ा कर्मचारियों वाला संस्थान है।

# मोदी 3.0 के गठन के बाद बाद पहली बार पेट्रोलियम क्रूड पर विंडफॉल टैक्स घटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
केंद्र सरकार ने विंडफॉल टैक्स पर कटौती की है. सरकार ने डोमेस्टिक लेवल पर उत्पादित क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स को 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,250 रुपये प्रति टन कर दिया. जबकि पेट्रोल, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर एक्सपोर्ट ड्यूटी जीरो रहेगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने शुक्रवार देर रात एक अधिसूचना जारी कर नई दरों का ऐलान किया है. नई दरें शनिवार यानी 15 जून 2024 से प्रभावी हो गई है. इससे पहले केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने 1 जून को विंडफॉल टैक्स में कटौती की थी. इस दौरान कच्चे तेज पर अप्रत्यक्षकर 5,700 रुपये से घटाकर 5,200 रुपये कर दिया था।





#### अप्रैल बढ़ा था टैक्स

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती के बाद 16 अप्रैल को विंडफॉल टैक्स में बढ़ोतरी की थी।

#### 2022 में लागू हुआ था

केंद्र सरकार पहली बार जुलाई 2022 में अप्रत्याशित कर यानी विंडफॉल टैक्स लेकर आई. धीरे-धीरे इसके क्षेत्र का विस्तार किया गया. विंडफॉल टैक्स में विमानन टरबाइन ईंधन, पेट्रोल और डीजल को भी शामिल किया गया.

# सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड आरआईएल-आईटी शेयरों में बंपर तेजी




### निफ्टी ने किया 24000 लेवल पार

गुरुवार को एक बार फिर शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गई है. बीएसई सेंसेक्स 79000 के मनोवैज्ञानिक लेवल को पार कर आगे निकल गया जबकि निफ्टी ने 24000 के लेवल को पार कर लिया है. रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और आईटी कंपनियों के शेयरों में बंपर तेजी की वजह से शेयर बाजार ने नया लाइफटाइम हाई बना दिया है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**
गुरुवार को शेयर बाजार के कामकाज की समाप्ति अच्छी तेजी पर हुई है. बीएसई सेंसेक्स 569 अंक की मजबूती पर 79,243 अंक के लेवल पर बंद हुआ है जबकि नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 176 अंक की मजबूती पर 24044 अंक के लेवल पर बंद हुआ है. शेयर बाजार के कामकाज में बंपर तेजी के बीच रूट मोबाइल, इंडिया सीमेंट्स, मजगांव डॉक और वर्लपूल इंडिया के शेयरों में बंपर तेजी दर्ज की गई जबकि दीपक फर्टिलाइजर, आर्चिन केमिकल, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और फैक्ट के शेयरों में कमजोरी दर्ज की गई है. आरआईएल और आईटी शेयर में भरी खरीदारी हुई है. गुरुवार के कामकाज में निफ़्टी आईटी इंडेक्स में दो फीसदी से अधिक की तेजी दर्ज की गई जबकि निफ्टी मिडकैप 100 और ऑटो के साथ निफ्टी एफएमसीजी एवं निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स में भी मामूली तेजी दर्ज की गई.

### ग्रेनो प्राधिकरण की 12 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना लॉन्च

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 12 वाणिज्यिक भूखंडों की योजना लॉन्च कर दी है। अगर ये सभी भूखंड आवंटित हो गए तो ग्रेटर नोएडा में जल्द ही 12 कमर्शियल कॉम्प्लेक्स और बन सकेंगे। ग्रेटर नोएडा वासियों को रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने में और सुविधा हो जाएगी। रिजर्व प्राइस पर इन 12 भूखंडों की कीमत लगभग 1014 करोड़ रुपये है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर वाणिज्यिक विभाग ने 12 भूखंडों की योजना लांच की है। प्राधिकरण के ओएसडी संतोष कुमार ने बताया कि 26 जून से इस योजना के भूखंडों के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं।

# भारत में पिछले तीन वर्षों में चार गुना बढ़ी डिजिटल भुगतान की संख्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारत में पिछले तीन वर्षों में मासिक रियल-टाइम भुगतान में चार गुना की बढ़ोतरी हुई है और लेनदेन की संख्या 2.6 अरब से बढ़कर 13.3 अरब हो गई है।
बीसीजी-क्यूईडी इन्वेस्टर्स की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया कि रियल-टाइम पेमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर में डायरेक्टरी और क्यूआर कोड की उपलब्धता इनोवेशन को बढ़ाने में काफी महत्वपूर्ण है। ये रिपोर्ट 60 ग्लोबल फिनटेक सीईओ और निवेशकों के इंटरव्यू से मिली जानकारी के आधार पर तैयार की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की इस उपलब्धि में डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और सरकार की काफी अहम भूमिका है। भारत सरकार की ओर से हाल ही में फिनटेक को केवाईसी और को-लैंडिंग के लिए स्टैंडर्ड का स्पष्टीकरण देने को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया गया है। ठीक इसी प्रकार की गाइडलाइन अमेरिका के कंज्यूमर फाइनेंशियल प्रोटेक्शन ब्यूरो की ओर से डोड-फ्रैंक अधिनियम की धारा 1033 के तहत तैयार किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य ग्राहकों को उनके वित्तीय डेटा पर नियंत्रण और इसे एक्सेस और साझा करने का अधिकार देकर उन्हें सशक्त बनाना है।



### रांची की ध्वस्त यातायात व्यवस्था पर झारखंड हाई कोर्ट का कड़ा निर्देश

# नियमों की अवहेलना करने वालों से वसूलें भारी जुर्माना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने रांची में ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनाने को लेकर दाखिल राहुल कुमार दास की जनहित याचिका पर गुरुवार को मौखिक कहा कि रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सर्जन चौक से लेकर सुजाता चौक तक दो पहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट एवं ट्रिपल राइडिंग करते हुए चलते हैं। ट्रैफिक पुलिस इनसे भारी जुमार्ना वसूल करे। जब उनकी जेब पर भार पड़ेगा तब वह ट्रैफिक नियमों का पालन करना सीखेंगे। कोर्ट ने मौखिक कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि रांची में लोग पुलिस के डर से केवल हेलमेट पहनते हैं जबकि उन्हें यह पता होता है कि उनके सिर की



सुरक्षा के लिए भी हेलमेट काफी जरूरी है। हेलमेट नहीं पहनकर और ट्रिपल राइडिंग कर ये लोग अपनी जिंदगी तो जोखिम में डालते ही हैं, साथ ही दूसरों के लिए दुर्घटना का कारण बनते हैं। पुलिस को एक माह तक लगातार चेकिंग अभियान चलाने की जरूरत है। इसके अलावा जो ई-रिक्शा वाले परमिट के हिसाब से अपने निर्धारित रूट पर नहीं चल रहे हैं उनसे भी भारी जुमार्ना वसूला जाए। रांची शहर में 1000 से ज्यादा अवैध रूप से ई-रिक्शा चल रहे हैं, इन पर कार्रवाई जरूरी है। सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अवैध रूप से चलने वाले 443 ई-रिक्शा को जब्त किया गया। कोर्ट ने राज्य सरकार से सवाल किया कि जब रांची में ट्रैफिक जाम जैसी बड़ी समस्या है तब कैसे ऑटो और ई रिक्शा को रांची शहर में चलने के लिए परमिट दी जा रही है। कोर्ट ने कहा कि रांची शहर के निवासी जाम से कराह रहे हैं। मेन रोड (महात्मा गांधी मार्ग) पर कछुए की चाल से वाहन रेंगते हैं। किशोरगंज चौक, रातू रोड, मेन रोड में सर्जन चौक से लेकर सुजाता चौक तक प्रतिदिन वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। ट्रैफिक पुलिसकर्मी और रांची नगर निगम के इंफोर्समेंट टीम यह सुनिश्चित करें कि ट्रैफिक व्यवस्था सुगम बनी रहे।कोर्ट ने सरकार को निर्देश दिया कि रांची में ट्रैफिक को लेकर लॉन्ग टर्म प्लान को लेकर आए। कोर्ट ने ट्रैफिक एसपी को ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने एवं इस संबंध में लिए गए एक्शन की रिपोर्ट अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने का निर्देश हुए मामले की अगली चार जुलाई निर्धारित की है।

## एनआईए ने झारखंड के सिंहभूम जिले में माओवादियों के ठिकानों पर की छापेमारी

**रांची / नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड के सिंहभूम जिले में आज सुबह माओवादियों के ठिकानों पर छापेमारी की। इन ठिकानों की तलाशी के दौरान एनआईए की टीम ने मोबाइल फोन और दस्तावेज सहित कई आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। एनआईए ने आज गुरुवार 27 जून को यह जानकारी दी। एनआईए के मुताबिक यह छापेमारी कूरियर मामले में की गई है। इसके तहत पश्चिमी सिंहभूम जिले में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन के कई संदिग्धों और कार्यकताओं के घरों और ठिकानों पर तलाशी ली गई है। इस दौरान चार स्थानों पर छापेमारी कर की गई। एनआईए की यह कार्रवाई प्रतिबंधित माओवादी संगठन के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले तीन लोगों की गिरफ्तारी से जुड़े एक मामले में हुई, जो सीपीआई (माओवादी) के लिए कूरियर के रूप में काम कर रहे थे। एनआईए के मुताबिक तीनों माओवादी कार्यकताओं को जुलाई 2022 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के बेरा केंदुडा स्कूल से पकड़ा गया था और उनके पास से एक आपत्तिजनक पत्र मिला था, जिसके कारण जिले के अन्य संदिग्ध कार्यकताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई। एनआईए ने इस जांच को पिछले साल अगस्त माह में अपने हाथ में लिया था। इससे भी पहले जून माह में एनआईए ने झारखंड में प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के फरार कमांडरों, जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकताओं और मुख्य संगठनों के सदस्यों के घर और ठिकानों पर दो दिनों तक तलाशी ली थी। एनआईए के मुताबिक पिछले साल 30 जून को दर्ज मामले में झारखंड के गिरिडीह और बोकारो जिले में फैले लगभग 19 अलग-अलग ठिकानों पर तलाशी ली गई थी।


**समाहणालय, गढ़वा**
**(महात्मा गाँधी नरेगा, कोषांग)**

**आवश्यक सूचना**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक– 4729, दिनांक– 04.06.2007, संकल्प ज्ञापांक– 6440, दिनांक– 17.07.2012, नियुक्ति सेवाशर्त एवं कर्तव्य (संशोधन) नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक– 848, दिनांक– 21.03.2027 के आलोक में महात्मा गाँधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम अंतर्गत संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन हेतु प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी के स्वीकृत रिक्त पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु अभ्यर्थियों का दिनांक 25.06.2024 को आयोजित दक्षता परीक्षा एवं उनके प्रमाण पत्रों के सत्यापन के उपरांत को टिवार मेधा/ प्रतीक्षा सूची एवं दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का परीक्षाफल जिले के वेबसाईट www.garhwa.nic.inपर जारी किया गया है।

उप विकास आयुक्त,
गढ़वा

PR 327946 Rural Development(24-25).D


### रांची में सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक

**रांची।** झारखंड राज्य के लिए (2024-25) सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में आयोजित है। इस सेना भर्ती रैली के आयोजन को लेकर सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक की अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में डायरेक्टर रिक्रूटिंग रांची कर्नल विकास भोला एवं भर्ती से सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान रांची में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर कर्नल ने कहा कि रांची जिले के युवाओं को सेना में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना हमारा लक्ष्य है। रांची जिले के युवा ज्यादा से ज्यादा सेना में भर्ती होकर अपना भविष्य बनायें। ये हमारी प्राथमिकता है। कर्नल विकास भोला ने कहा कि रैली में जो युवा भाग लेंगे, उन्हें मौलिक सुविधा सहित अन्य सभी सुविधाएं रैली स्थल पर मुहैया कराई जायेगी।

# विधानसभा चुनाव तक युवाओं के आक्रोश को दबाना चाहती है चम्पाई सरकार : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। मरांडी ने कहा कि राज्य के युवा, बेरोजगार इस सरकार की नीति और नीयत को समझ चुके हैं। पांच लाख प्रतिवर्ष नियुक्ति, बेरोजगारी भत्ता का झांसा देकर सत्ता में आई राज्य सरकार ने बार-बार युवाओं को ठगा है। ये वही सरकार है जिसने अपने पहले पार्ट में नियुक्ति वर्ष की घोषणा करके युवाओं को निराश किया है। मरांडी ने कहा कि जेएसएससी द्वारा जारी चुनावी परीक्षा कैलेंडर में दो-तीन माह बाद की संभावित परीक्षा तिथि घोषित करना चम्पाई सोरेन सरकार की एक सोची-समझी साजिश है। ये सरकार विधानसभा चुनाव तक युवाओं के आक्रोश दबाकर को उन्हें गुमराह करना चाहती है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार की नियत साफ होती तो जेएसएससी, सीजीएल की परीक्षा 15 दिनों के अंदर सम्पन्न करा ली जाती। सबको याद है कि छात्रों के विरोध के बावजूद जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए सरकार ने मात्र 14 दिनों का ही समय दिया था। झारखंड सरकार के अधीन दो आयोगों द्वारा जानबूझकर कभी जल्दीबाजी, तो कभी विलंब करना इनके सुनियोजित साजिश को दशार्ता है। मरांडी ने युवाओं से कहा कि जेएमएम कांग्रेस सरकार की इस चुनावी परीक्षा कैलेंडर के झांसे में नहीं आएं।

### पेड़-पौधे हैं तो जीवन है : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र के सिकिदिरी मंडल अंतर्गत नवागढ़ पंचायत में भाजपा की ओर से आयोजित एक वृक्ष मां के नाम के तहत पौधारोपण सह बूथ कार्यकर्ता सम्मान, अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया। मरांडी ने कहा प्रकृति हमारी मां है जो समस्त पृथ्वी वासियों की रक्षा करती है। प्रकृति की शोभा पेड़ पौधे, वृक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाकर हम प्रकृति की सुरक्षा सुनिश्चित करें, तभी प्रकृति हमारे जीवन की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने स्थापना काल से केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि रचनात्मक कार्यक्रम के साथ भी जनता की बीच जाती है। भाजपा प्रकृति और संस्कृति दोनों की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस वर्ष हमारे पार्टी के प्रेरणा पुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 23 जून से लेकर उनकी जयंती छह जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम लगाने के अभियान का आह्वान किया है। पार्टी के बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर के कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि मां के नाम पेड़ लगाकर हमे उसकी देखभाल की जिम्मेवारी लेनी है, उसे बचाना भी है। उन्होंने जनता एवं कार्यकताओं से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।




**झारखंड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

**अति अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना।**

ई–निविदा संख्या:- 03/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक:–27.06.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ GUMLA/ UNT/01/ 2024-25 | Renovation of roof treatment of primary school Mirchaipath at Dumri. | 13.22300 | तेरह लाख बाईस हजार तीन सौ रू0 मात्र। | 03 माह | प्रथम |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.07.2024
3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–10.07.2024 अपराहन 05.00 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.07.2024 अपराहन 03.30 बजे।
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभिंयता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207
6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं0–06524–465040 ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.327941 Rural Work Department(24-25):D


## रांची जगन्नाथपुर मेले का एक करोड़ 92 लाख में हुआ टेंडर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर ऐतिहासिक मेले की तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गई है। इसके मद्देनजर जगन्नाथ मेले का एक करोड़ 92 लाख में टेंडर हुआ है। पटना के आरंभ बिजनेस एंड मार्केटिंग ने सबसे अधिक बोली लगाकर ये टेंडर लिया है। पिछले साल भी टेंडर प्रक्रिया से मेला का ठेका दिया गया था, जिसमें आरएस इंटरप्राइजेज ने 75 लाख की सबसे ऊंची बोली में टेंडर लिया था। इस साल मेला का ठेका लेने के लिए न्यूनतम बोली 31 लाख रुपये से शुरू थी। कुल 11 लोगों ने टेंडर डाला था। तीन लोगों का टेंडर टेक्निकल बीड में रद्द किया गया। परंपरा के अनुसार सात जुलाई को भगवान जगन्नाथ रथ पर सवार होकर बहन सुभद्रा के घर जाएंगे और उसी दिन से जगन्नाथपुर में



भव्य मेला शुरू हो जाएगा। यह मेला 17 जुलाई तक लगेगा।

पुरी की तर्ज पर रांची में रथ यात्रा और मेला लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होता है। मेला में तरह-तरह की दुकानें लगाई जाती हैं। राज्य के विभिन्न जिलों और दूसरे राज्यों से कारोबारी रांची पहुंचते हैं और मेले में दुकानें लगाते हैं। मेले में खिलौने से लेकर गृह सज्जा और हर तरह के जरूरत के सामानों की दुकानें लगाई जाती हैं। इस कारण ज्यादा से ज्यादा लोग इस मेले में सामान खरीदने पहुंचते हैं।

# राज्य के प्रखंड कार्यालयों में आजसू पार्टी ने सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी ने हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन गुरुवार को सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार, महिला उत्पीड़न, बिजली आपूर्ति में अनियमितता, मनरेगा मजदूरों को मजदूरी न मिलना, पलायन, मानव तस्करी, प्रशासनिक उदासीनता समेत जनमानस को आ रही अन्य समस्याओं के खिलाफ नगर राज्य के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों में जाकर सम्बंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। हल्ला बोल कार्यक्रम के दूसरे दिन बोकारो जिला के चास प्रखंड, लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड, गढ़वा जिला के रंका प्रखंड, सिमडेगा जिला के बोलबा प्रखंड, देवघर जिला के सारवां प्रखंड, साहिबगंज के सदर प्रखंड, गुमला जिला के सदर प्रखंड, जामताड़ा जिला के फतेहपुर प्रखंड कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।





**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक .............. दिनांक ..................

**आवश्यक सूचना**

कार्यालय ज्ञापांक 288 दिनांक 19.01.2024 (Tender ID – UDHD/MMC/40/2023-24) द्वारा Rejuvenation of Badka Talab in ward no. 18 Under Medininagar Municipal corporation हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी। जिसका PR–293854 है। जिसे अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 327949 District(24-25)#D



**कार्यालय- जिला सहकारिता पदाधिकारी, गुमला**

**कृषक बंधुओं के लिए आवश्यक सूचना**
**लैम्पसों (MPCS) में सदस्यता वृद्धि अभियान प्रारंभ**

निबंधक, सहयोग समितियाँ, झारखण्ड राँची के पत्रांक 1197(6) दिनांक 18-06-2024 के आलोक में दिनांक 25-06-2024 से 25-07-2024 तक जिलान्तर्गत सभी लैम्पसों (MPCS) में सदस्यता वृद्धि अभियान आरंभ किया जा रहा है।
अतः अनुरोध है कि अपने नजदीकी लैम्पस में जाकर लैम्पस की सदस्यता नियमानुसार ग्रहण करें।

| लैम्पस (MPCS) की सदस्यता हेतु आहर्त्ता | लैम्पस (MPCS) द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ |
|---|---|
| • प्रत्येक परिवार से केवल एक ही व्यक्ति (पुरूष/महिला) सदस्य बन सकते है।<br>• सदस्यता शुल्क – 10/- रूपये<br>• हिस्सा पूँजी – 100/- रूपये<br>• आवेदक का आधार कार्ड की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साइज का एक फोटो।<br>• लैम्पस (MPCS) की उपविधि के अनुसार लैम्पस (MPCS) सदस्यता प्राप्त करने हेतु अन्य आहर्त्ता आवश्यक है। | • बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता।<br>• न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान अधिप्राप्ति की सुविधा।<br>• लैम्पस (MPCS) द्वारा CSC सेंटर के रूप में कार्य करना।<br>• जमावृद्धि योजना का संचालन।<br>• प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र के रूप में कार्य हेतु अधिकृत।<br>• प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र के रूप में कार्य हेतु अधिकृत।<br>• लैम्पसों (MPCS) द्वारा व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन।<br>• सभी लैम्पसों (MPCS) का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है।<br>• अन्य सुविधाएँ। |

➤ आपके अपने नजदीकी लैम्पस (MPCS) में सदस्यता फार्म उपलब्ध हैं।
➤ किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर अपने प्रखण्ड के लैम्पस (MPCS) अध्यक्ष/प्रबंधक/प्रखण्ड के सहकारिता प्रसार पदाधिकारी/सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, गुमला अंचल, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला सहकारिता पदाधिकारी,गुमला

PR 327936 Co-opretive(24-25).D


## पृष्ठ एक का शेष

**पुलिस मुठभेड़ में शामिल...**

गिरफ्तार लिया गया। नौडीहा थाना लाकर पूछताछ की गयी। इस दौरान कई आपराधिक घटनाओं का खुलासा हुआ। कई मामलों में उसने अपना अपराध स्वीकार किया। डाक्टर उग्रवादियों का इलाज करता था। उल्लेखनीय है कि इस कांड में सुरेन्द्र भुइयां (34), अमनेश सिंह (32) को गिरफ्तार कर एक मार्च 2022 को न्यायायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। प्राथमिकी अभियुक्त रोहित कुमार भुइयां उर्फ रवि भुइयां, बच्चन जी उर्फ बसंत जी उर्फ दिवाकर, मंटू जी उर्फ तालकेश्वर यादव को अलग अलग कांडों से इस कांड में रिमांड पर लिया गया है।

**अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध...**

जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने पर सरकार का विशेष जोर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के ग्रामीण और सुदूर इलाकों से लेकर शहरों तक लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए हम स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत कर रहे हैं। फिर भी निजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों को भी इसके लिए आगे आना होगा। वे ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें ताकि ग्रामीणों को इलाज के लिए अन्यत्र इधर-उधर जाना नहीं पड़े। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंह, राइट पाथ फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ अभिजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

**सीबीआई की हिरासत में...**

सीबीआई ने अपने साथ क्यों रखा है। सीबीआई की टीम ने बुधवार को ही ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस के उस कर्मचारी से भी पूछताछ की थी, जिसके जरिए प्रश्नपत्र रांची से हजारीबाग लाया गया था। टीम में शामिल अधिकारी दो बार एसबीआई बैंक भी गए और वहां भी पूछताछ की। उल्लेखनीय है कि नीट पेपर लीक मामले की जांच के दौरान बिहार पुलिस ने गिरफ्तार अभ्यर्थियों के घर से जले हुए कागजात बरामद किए थे। इसमें प्रश्नपत्र की फोटोकॉपी भी थी। बिहार की आर्थिक अपराध इकाई ने इन जले हुए कागजात का मिलान एनटीए द्वारा उपलब्ध कराए गए मूल प्रश्नपत्र से किया, जिसमें जले हुए कागजात में 68 प्रश्न मूल प्रश्नपत्र से हूबहू पाए गए। प्रश्नों के सीरियल नंबर भी मूल प्रश्नपत्र से मेल खाते मिले। बरामद प्रश्नपत्र हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से मेल खाता था। इसके बाद से ही स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक सीबीआई के राडार पर हैं।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गिनाई...**

जांच की जा रही है। सरकारी भर्तियों और परीक्षाओं में शुचिता और पारदर्शिता जरूरी है। इसके अलावा उन्होंने नीट एग्जाम में हुई धांधली को लेकर विपक्षी दलों द्वारा की जा रही राजनीति पर कहा, सभी को पक्षपातपूर्ण राजनीति से ऊपर उठने की जरूरत है।

**आपातकाल को बताया लोकतंत्र का काला अध्याय :** अभिभाषण के दौरान राष्ट्रपति ने आपातकाल का भी जिक्र किया। उन्होंने आपातकाल के संबंध में कहा कि यह लोकतंत्र के लिए काला दिन था, जिसे हिंदुस्तान का कोई भी व्यक्ति नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, भारतीय संविधान ने पिछले दशकों में हर चुनौती और परीक्षण को झेला है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी संविधान पर कई हमले हुए हैं। 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल, संविधान पर सीधे हमले का सबसे बड़ा और काला अध्याय था। तब पूरे देश में हाहाकार मच गया था। लेकिन, ऐसी असंवैधानिक ताकतों पर देश ने विजय प्राप्त करके दिखाया क्योंकि भारत के मूल में गणतंत्र की परंपराएं रही हैं। मालूम हो कि इससे पहले लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने भी बीते बुधवार को आपातकाल पर सदन में प्रस्ताव पारित किया था।


**कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।**
ई० मेल० – civilsurgeonpalamu@gmail.com

**(अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना)**

निविदा सं0 – दिनांक–

भी0 बी0 डी0 कार्यक्रम अंतर्गत जिले के मलेरिया प्रभावी क्षेत्रो में मलेरिया रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु कीटनाशी Cyfluthrin 10% wdp का छिड़काव किया जाना है। उक्त सामग्री Cyfluthrin 10% wdp का Technical Specification के अनुरूप क्रय हेतु अधिकृत विक्रेताओं/एजेंसियों से द्वि – लिफाफा प्रति पद्धति (तकनिकी एवं वितीय निविदा) के माध्यम से शीलबंद निविदा सिविल सर्जन, कार्यालय पलामू पिन कोड – 822101 पर निबंधित या स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 15.07.2024 के अपराहन 02.00 बजे तक निम्न शर्तो के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि | 15.07.2024 के अपराहन 02.00 बजे तक |
| निविदा समर्पित करने का स्थान एवं पता | सिविल सर्जन, कार्यालय पलामू पिन कोड – 822101 |
| निविदा खुलने की तिथि | 16.07.2024 के अपराहन 02.00 बजे तक |
| निविदा खुलने का स्थान | सिविल सर्जन, कार्यालय पलामू । |

➤ नोट – निविदा से सम्बंधित शर्ते / निविदा शुल्क / अग्रधन की राशि आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी समाचार पत्रों पर निविदा प्रकाशन के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय पलामू के सुचना पट्ट पर एवं जिला पलामू के वेबसाइट http:// palamu.nic.in पर देखी जा सकती है।

असैनिक शल्य चिकित्सक– सह – मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.327910 District(24-25):D



**जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू।**
**आवेदन आमंत्रण (आम सूचना)**

विभागीय राज्यादेश सं0 04 रा0(वि0)/दिनांक 30/05/2024 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत निम्नलिखित योजनाओं हेतु लाभुकों से आवेदन पत्र आमंत्रित की जाती है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | योजना इकाई का नाम | भौतिक लक्ष्य | योजना इकाई हेतु अनुदान की राशि | लाभुक अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्य हेतु सामान्य नाव (सं0 में) | 13 | 30000 (प्रति नाव) | 3000 प्रति नाव) | |
| 2 | वर्ष 2019–20 के पूर्व तक निर्मित केज के लिए ग्रो आउट नेट (सं0 में) | 14 | 30200 (प्रति पीस) | 7550 (प्रति पीस) | |
| 3 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए मोटरचलित नाव (सं0 में) | 02 | 372600 (प्रति पीस) | 41400 (प्रति पीस) | |
| 4 | ब्लू रिभोल्यूशन/एन0एफ0डी0बी0/PMMSY के केज लाभुकों के लिए केज हाउस अधिष्ठापन (सं0 में) | 02 | 540400 (प्रति केज हाउस) | 60100 (प्रति केज हाउस) | |
| 5 | केज रिपेयरिंग (सं0 में) | 10 | 25000 (प्रति केज) | 10000 (प्रति केज) | |
| 6 | मत्स्यजीवी सहयोग समितियों/सदस्यों के लिए गिल नेट (सं0 में) | 30 | 2655 (प्रति 5कि0ग्रा0) | 295 (प्रति 5कि0ग्रा0) | |

**फीड बेस्ड फिशरीज**

| क्र0 | योजना का नाम | मात्रा | | प्रति कि0ग्रा0 अनुदान की राशि | अधिकत्तम अनुदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुला बाजार से) | केज/तालाब | 700 कि0ग्रा0 | 25/– | 17500/– |
| 2 | 2mm से 4mm साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (कम से कम 24 प्रतिशत प्रोटीन) | रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम (प्रति टैंक) | 650 कि0ग्रा0 | 25/– | 16250/– |
| | | बॉयोफ्लॉक टैंक (प्रति टैंक) | 100 कि0ग्रा0 | 25/– | 2500/– |
| | | केज | 1200 कि0ग्रा0 | 25/– | 30000/– |

उपरोक्त योजनान्तर्गत कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16/07/2024 है। इससे संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्य दिवस में जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य कार्यालय–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,पलामू।

PR 327940 Fish(24-25)D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



# नीट घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी : खरगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** संसद में गुरुवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण हुआ। अभिभाषण के उपरांत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लिखित राष्ट्रपति के अभिभाषण को सुनकर ऐसा लगा, जैसे मोदी जी जनादेश को नकारने की हरसंभव कोशिश कर रहें हैं। जनादेश उनके खिलाफ था, क्योंकि देश की जनता ने 400 पार के उनके नारे को ठुकराया और भाजपा को 272 के आंकड़े से दूर रखा। खरगे ने कहा कि मोदी जी इसे स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। ऐसा बर्ताव कर रहे हैं जैसे कुछ बदला ही नहीं, बल्कि सच्चाई है कि देश की जनता ने बदलाव मांगा था। उन्होंने कहा कि मैं राज्यसभा में अपने भाषण में विस्तृत प्रतिक्रिया दूंगा, पर प्रथम दृष्टया मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं। नीट घोटाले में लीपापोती नहीं चलेगी। पिछले 5 वर्षों में एनटीए द्वारा कराए गए 66 भर्ती परीक्षाओं में कम से कम 12 में पेपर लीक और धांधली हुई है, जिससे 75 लाख से अधिक युवा प्रभावित हुए हैं। मोदी सरकार केवल यह कहकर कि दलगत राजनीति से ऊपर उठना चाहिए", अपनी जवाबदेही से भाग नहीं सकती। युवा न्याय मांग रहा है। मोदी सरकार के शिक्षा मंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी। देश का हर दूसरा युवा बेरोजगार है और भाषण में बेरोजगारी दूर करने की कोई ठोस नीति सामने नहीं आई है। सिर्फ बातें करने से समस्या का हल नहीं निकलता, इसके लिए निर्णायक कदम उठाने होते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भाषण में महंगाई का एक बार भी जिक्र नहीं है। रोजमर्रा की खानपान की चीजों के दाम बढ़ गए हैं। आटा, दाल, टमाटर, प्याज, दूध, सबके दाम आसमान पर हैं। देश में परिवारों की बचत 50 वर्षों में सबसे निचले स्तर पर है। मणिपुर में 13 महीनों से लगातार हिंसा चल रही है। 221 लोगों की जान गई है, अभी भी 50,000 लोग बेघर हैं। भीषण रेल दुर्घटना व ट्रेनों में यात्रियों की दुर्दशा हुई है। बहुप्रचारित "कवच" सुरक्षा अभी केवल दो फीसदी पटरियों पर लगी है। पिछले 10 वर्षों में जम्मू और कश्मीर में 2,262 आतंकी हमले हुए हैं, जिनमें 363 नागरिक मारे गए और 596 जवान शहीद हुए हैं। पिछले कुछ वर्षों में कश्मीरी पंडितों पर आए दिन हमले हुए हैं।

## नीट-यूजी विवाद

## सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग संस्थान की याचिका पर जताया आश्चर्य

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक कोचिंग संस्थान की ओर से रिट याचिका दायर करने पर आश्चर्य जताया। जस्टिस मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने नीट छात्रों के लिए चलाए जा रहे कोचिंग संस्थान जाइलम लर्निंग का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील से पूछा, आपके कौन से मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है कि आप संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका लेकर यहां पहुंच गए? जवाब में वकील आर. बसंत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामले में दायर याचिका में छात्रों को भी याचिकाकर्ता बनाया गया है। अधिवक्ता ए. कार्तिक के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से प्रकाशित सूचना बुलेटिन के अनुसार, कई छात्रों को ओएमआर उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।



### एनटीए ने स्पष्ट किया, एनटीए हॉल के बाहर खाली बक्सों के अंदर कोई संवेदनशील सामग्री नहीं

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि एनटीए हॉल के बाहर खाली बक्सों के अंदर कोई संवेदनशील सामग्री नहीं है। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि एनटीए परिसर में खुले आसमान के नीचे सीयूईटी परीक्षा के बक्से रखे हुए हैं। बक्सों के सील टूटे हुए हैं। इस खबर के फैलते ही छात्रों, अभ्यर्थियों और अन्य लोगों ने परीक्षा निकाय की कार्यशैली पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। एनटीए ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में दिखाया गया है कि एनटीए परिसर में रखे बक्से खाली हैं। एक अधिकारी लोगों को वीडियो के माध्यम से दिख रहा है कि ये बक्से एकदम खाली हैं और इनमें परीक्षा संबंधी सामग्री नहीं है।

## ब्रिफ न्यूज

### रूस में पैसेंजर ट्रेन के नौ डिब्बे पटरी से उतरे, 70 लोग घायल



**मॉस्को।** रूस के उत्तर-पश्चिमी कोमी क्षेत्र में एक पैसेंजर ट्रेन पटरी से उतर गई। इस हादसे में कम से कम 70 लोग घायल बताए जा रहे हैं। समाचार एजेंसी आरआईए ने रूस की सरकारी रेलरोड कंपनी के हवाले से बताया कि बुधवार को ट्रेन के नौ डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में 70 यात्री घायल हुए हैं। फिलहाल, हादसे में किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। आपातकालीन सेवाएं और मेडिकल टीम को घटनास्थल पर भेजा गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मीडिया रिपोर्टों के हवाले से बताया कि भारी बारिश दुर्घटना का संभावित प्रमुख कारण हो सकती है।

### बोलीविया में तख्तापलट नाकाम सेना का जनरल हुआ गिरफ्तार

**ला पाज़।** दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया में तख्तापलट की कोशिश नाकाम हो गई है। बुधवार शाम को बोलिवियाई सशस्त्र बलों के बख्तरबंद वाहन और सैनिकों ने ला पाज़ में राष्ट्रपति भवन में घुसने की कोशिश की। लेकिन उनकी कोशिश नाकाम कर दी गई। बोलिवियाई पुलिस ने विद्रोही सैन्य कमांडर जनरल जुआन जोस जुनिगा को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने असफल तख्तापलट की कोशिश का नेतृत्व किया था। बोलिवियाई राष्ट्रपति लुइस आर्से ने तख्तापलट की कोशिश की निंदा की और नागरिकों से लोकतंत्र की रक्षा करने और संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने एक नए सेना कमांडर के नाम की घोषणा की।

### सीरिया में इजरायली मिसाइल हमले में 2 की मौत



**दमिश्क।** सीरियाई रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दक्षिणी सीरिया के कई सैन्य स्थलों पर इजरायली मिसाइल हमले किए गए जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, वहीं एक सैन्यकर्मी के घायल होने की खबर है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इजरायल ने बुधवार देर रात सीरिया के दक्षिणी क्षेत्र पर कब्जे वाले सीरियाई गोलन हाइट्स से कई स्थानों को निशाना बनाकर हवाई हमला किया। सीरियाई वायु रक्षा बल कुछ मिसाइलों को रोकने में कामयाब रहा, उन्हें मार गिराया गया। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने दमिश्क के दक्षिणी ग्रामीण क्षेत्र के सैय्यदा जैनब उपनगर में हुए हमले की रिपोर्ट दी।

### फिलीपींस : सेना ने झड़प में सात विद्रोहियों को मार गिराया

**मनीला।** फिलीपींस की सेना ने मनीला के उत्तर में स्थित नुएवा एसिजा प्रांत में हुई झड़प में सात संदिग्ध विद्रोहियों को मार गिराया। सेना ने एक रिपोर्ट में कहा कि बुधवार दोपहर को पेंटाबांगन शहर में न्यू पीपुल्स आर्मी के विद्रोहियों और सरकारी बलों के बीच झड़प शुरू हो गई।[र झड़प के दौरान सेना के जवानों ने सात संदिग्ध विद्रोहियों को ढेर कर दिया। वहीं इस झड़प में कोई भी सैनिक मारा या घायल नहीं हुआ है।

## जीएनआईओटी इंस्ट्रीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

# जीवन में सफलता पाने के लिए धैर्य, स्थिरता और शांतिपूर्ण मानसिक स्थिति आवश्यक है: जया किशोरी

- आज के युवाओं को वो स्किल्स सिखानी जरूरी हैं जिससे उन्हें न सिर्फ नौकरी मिल सके बल्कि वो अपना खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकें: सोनू शर्मा

एजेंसी




**ग्रेटर नोएडा।** दिल्ली एनसीआर के ग्रेटर नोएडा में स्थित देश की नामचीन मैनेजमेंट संस्था जीएनआईओटी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्ट्डीज, जीआईएमएस द्वारा शहर के इंडिया एक्सपो मार्ट सेंटर में पीजीडीएम कोर्स में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आज ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चैयरमैन डॉ राजेश कुमार गुप्ता, वाइस चेयरमैन गौरव गुप्ता, गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी पवन कुमार, एसीपी रामकिशन तिवारी, डीसीपी अशोक कुमार, संस्था के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह, संस्था के निदेशक भूपेंद्र सोम, संस्था के कॉरपोरेट मेंटर एवं प्रख्यात टीसीएस कंपनी के मैनेजर आशीष कुमार आदि लोगों ने दीप प्रज्वलित एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। तत्पृश्चात गणेश वंदना के साथ आज के इस ऐतिहासिक ओरिएंटेशन कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। कार्यक्रम में विश्वप्रसिद्ध प्रेरक एवं आध्यात्मिक वक्ता और जीवन कोच मिस जया किशोरी जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। जया किशोरी एक भारतीय संगीतकार और आध्यात्मिक वक्ता हैं, जो अपनी प्रेरक बातों और धार्मिक एल्बमों के लिए जानी जाती हैं। उन्हें 'किशोरी जी, 'आधुनिक युग की मीरा' के नाम से भी जाना जाता है। जया किशोरी जी ने अपने अमूर्त बातों से कई लोगों के जीवन को प्रभावित किया और बदल दिया. इन्होंने न केवल भारत में, बल्कि दुनिया भर में उनके प्रेरक भाषणों और देवताओं की कथा के लिए उनका अनुसरण किया जाता है. जया किशोरी ने बहुत कम उम्र में सार्वजनिक भाषण देना शुरू कर दिया था. जया किशोरी जी एक बेहतरीन गायिका भी हैं जो बहुत अच्छा गाती हैं. जया उन किशोर आध्यात्मिक वक्ताओं में से एक हैं जिनका दुनिया भर में लाखों लोग अनुसरण करते हैं. 'शिव स्तोत्र', 'मेरे कान्हा की', 'श्याम थारो खाटू प्यारो' आदि उनके लोकप्रिय एल्बमों में से हैं। कार्यक्रम में उपस्थित नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जय किशोरी जी ने सर्वप्रथम जीवन में सफलता पाने के लिए धैर्य, स्थिरता और शांतिपूर्ण मानसिक स्थिति आवश्यक है जैसे बातों पर जोर देते हुए उपस्थित समूह से इस बात पर अमल करने की अपील की। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था के समस्त सदस्यों का इस तरह के भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

जीआईएमएस संस्था के सीईओ स्वदेश कुमार सिंह जी ने बताया की संस्था में पीजीडीएम के सत्र 2024-26 के लिए नवप्रवेषित विद्यार्थियों के लिए इस तरह के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया की इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को एक अज्ञात परिसर के माहौल, उसके संकायों और बुनियादी ढांचे से परिचित कराना है। यह उन्हें पढ़ाई के साथ आवश्यक संबंध बनाने और अन्य साथियों के बीच नेटवर्क विकसित करने में सक्षम बनाता है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का लक्ष्य विद्यार्थियों को संस्थान के नियमों और शैक्षणिक मानकों से परिचित कराना, छात्रों को उनके सहपाठियों से परिचित कराना और अन्य संस्थागत सदस्यों के बारे में सीखना है जो विद्यार्थियों को सफल होने में मदद करेंगे।

संस्था के कॉरपोरेट मेंटर एवं टीसीएस कंपनी के मैनेजर आशीष कुमार ने कॉरपोरेट जगत की चुनौतियों और उसके समाधान की विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए भविष्य में संस्था द्वारा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के क्षेत्र में पूर्ण सहयोग की बात की। संस्था के निदेशक डॉ भूपेंद्र सोम ने बताया की आज इस कार्यक्रम के साथ ओरियंटेशन सप्ताह की शुरुआत होगी जिसमें भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में देश के नामचीन कॉरपोरेट जगत के एक्सपर्ट्स को आमंत्रित किया गया है जो नवप्रवेशित विद्यार्थियों से रूबरू होंगे। संस्था के आउटरीच विभाग के समूह प्रमुख पंकज कुमार एवम पीजीडीएम आउटरीच प्रमुख रंजन अभिषेक ने बताया की आज के इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से मैनेजमेंट शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले बड़ी संख्या में शिक्षक भी शामिल हुए और इस दौरान समस्त शिक्षकों को संस्था द्वारा सम्मानित किया गया। आज के इस कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन संस्था की डीन ओएसडबल्यू डॉ शालिनी शर्मा और प्रोफसर सिल्की गौर ने किया एवं आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के डीन डॉ यामिनी पांडे, प्रोफेसर मुदित तोमर, प्रोफेसर निशांत सिंह, ऑपरेशन प्रमुख विमल सिंह, डिजिटल प्रमुख हृषव रवि समेत समस्त फैकल्टी एवं स्टाफ का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

### लोकसभा अध्यक्ष से विपक्षी दलों के नेताओं ने की मुलाकात

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष नेता राहुल गांधी के साथ अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार मुलाकात थी। बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद ही यह शिष्टाचार मुलाकात होनी थी। लेकिन आपातकाल को लेकर ओम बिरला दिए गए वक्तव्य के चलते कल यह भेंट नहीं हो सकी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल इस मुलाकात के बाद बताया कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी।

### आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की सदस्यता बहाल



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्य सभा सदस्य संजय सिंह की सदस्यता गुरुवार को बहाल कर दी गई। पिछले साल मानसून सत्र के दौरान उन्हें अध्यक्ष के निर्देशों का बार-बार उल्लंघन करने के कारण मानसून सत्र के शेष समय के लिए निलंबित कर दिया गया था। राज्य सभा के 254वें सत्र के आरंभ पर राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने राज्य सभा सदस्य संजय सिंह के निलंबन को रद्द करने के संबंध में घोषणा की।

### लोस अध्यक्ष की टिप्पणियां संसदीय परंपराओं का उपहास : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को लोक सभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर कल आपातकाल पर उनकी ओर से दिए गए वक्तव्य पर आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि स्पीकर की कुर्सी दलगत राजनीति से ऊपर है। अध्यक्ष ने कल स्वीकृति भाषण के बाद अपने संदर्भ में राजनीतिक टिप्पणियों के साथ जो कहा वह संसदीय परंपराओं का उपहास है। उल्लेखनीय है कि कल लोकसभा में अध्यक्ष पद पर चुने जाने पर वक्तव्य देने के बाद अध्यक्ष बिरला ने आपातकाल पर निंदा प्रस्ताव सदन में रखा। इस दौरान उन्होंने आपातकाल को लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ बताया और कहा कि देश को आपातकाल की समाप्ति पर दूसरी आजादी मिली थी।

## नई दिशा — समाज में विभेद के विरुद्ध विमर्श खड़ा करना संघ की कार्ययोजना

# शताब्दी वर्ष में 5 विषयों को लेकर समाज के बीच जायेगा आरएसएस

एजेंसी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने वाले हैं। इसलिए संघ (आरएसएस) शताब्दी वर्ष 2025 में पंच परिवर्तन के पांच विषयों को लेकर समाज के बीच जायेगा। इन पांच आयामों में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी व नागरिक कर्तव्य शामिल हैं। संघ के कार्यकर्ता इन्हीं पांच विषयों को लेकर समाज का प्रबोधन करने का काम करेंगे। इसलिए चाहे संघ की कोई बैठक हो या अन्य कोई सार्वजनिक कार्यक्रम संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी पंच परिवर्तन का विषय जरूर रखते हैं। संघ के स्वयंसेवक इन पांच विषयों पर समाज के लोगों को साथ में लेकर कार्य करेंगे।

### पर्यावरण: पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करेगा संघ

संघ ने इस बार पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में अधिक प्रभावी रूप से कार्य करने का निर्णय लिया है। आज विश्व के समक्ष पर्यावरण प्रदूषण विकट समस्या के रूप में उपस्थित है। संघ पर्यावरण संरक्षण हेतु देशभर में गतिविधियों के माध्यम से कार्य करेगा। इसमें जलसंवर्धन, पौधरोपण और प्लॉस्टिक-थमोर्कोल मुक्त पर्यावरण के प्रयास में समाज को साथ लेकर कार्य करेगा। वैसे तो संघ के स्वयंसेवक अपने स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों में शामिल हैं और समाज में जागृति भी आ रही है,लेकिन अब संघ संगठित व योजनाबद्ध रूप से कार्य करेगा।

**स्वदेशी:** स्वदेशी का विषय वैसे संघ के लिए पुराना है। पहले भी संघ ने स्वदेशी को लेकर देशभर में अभियान चलाया है। शताब्दी वर्ष के लिए भी संगठन ने पंच परिवर्तन में स्वदेशी के विषय को शामिल किया है।

**नागरिक कर्तव्य :** यदि भारत के नागरिक अपने कर्तव्यों का ध्यान रख लें तो भारत की बराबरी कोई नहीं कर सकता। नागरिक कर्तव्य के तहत जो जिस पद पर है, जिस दायित्व पर है, उसका निर्वहन निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक करे। यही नागरिक कर्तव्य का उद्देश्य है।

### सामाजिक समरसता : अस्पृश्यता पाप है

अस्पृश्यता समाज के लिए पाप और कलंक है तथा संघ इसे मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक समरसता गतिविधि के नाम से देशभर में संघ सामाजिक समरसता निर्माण करने के लिए काम कर रहा है। सामाजिक समरसता के विषय में संघ ने स्पष्ट किया है कि समाज में विभेद के विरुद्ध विमर्श खड़ा करना तथा समरसता के लिए निरंतर प्रयास करना इस कार्ययोजना का लक्ष्य है।

### वसुधैव कुटुम्बकम का ध्येय साकार करेगा संघ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वसुधैव कुटुम्बकम के दिव्य ध्येय को साकार करने के लिए काम करेगा। इसकी पूर्ति के लिए संघ कार्यकर्ता अपने घर, आसपास के दस पांच परिवारों के साथ प्रेम आदव व विश्वास स्थापित करने का प्रयास करेंगे। आज हमारी परिवार व्यवस्था बिखरती हुई दिखाई दे रही है। सपरिवार सामूहिक भोजन, भजन, उत्सवों का आयोजन व तीर्थाटन, मातृभाषा का उपयोग, स्वदेशी का आग्रह, पारिवारिक व सामाजिक परम्पराओं के संवर्धन व संरक्षण हो इसके लिए कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि काम कर रही है।

## राज्यसभा में पीएम ने कराया मंत्रिमंडल का परिचय, जेपी नड्डा बने सदन के नेता

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राज्यसभा में अपने मंत्रिमंडल का परिचय कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी एवं अन्य मंत्रीगण उपस्थित रहे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी लोकसभा में अपने मंत्रिमंडल का परिचय करा चुके हैं। मौजूदा सत्र में गुरुवार को राज्यसभा की यह पहली बैठक थी। इस बैठक में जहां प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रिमंडल का परिचय कराया। वहीं, एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय के अंतर्गत भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को राज्यसभा में सदन का नेता नियुक्त किया गया। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन नियुक्त किया गया है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल राज्यसभा में नेता सदन थे। पीयूष गोयल ने इस बार मुंबई से लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीता। इसके चलते अब वह लोकसभा के सदस्य हो गए हैं। वहीं, जेपी नड्डा को राज्यसभा में नेता सदन नियुक्त किया गया है। एक खास बात यह भी है कि राज्यसभा में जहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नेता प्रतिपक्ष है।